- बिहार चुनाव : एनडीए के खेमे में जीत का जश्न महागठबंधन में छाया सन्नाटा - 12

- थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में 1.21 प्रतिशत गिरकर 27 माह के निचले स्तर पर - 12

- भारत विश्व व्यापार संगठन में सुधार प्रक्रिया का करें नेतृत्व : डॉ. नगोजी - 13

- वैभव सूर्यवंशी दूसरा सबसे तेज टी20 शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने - 14

आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.28
सूर्यास्त 05.19

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

अयोध्या

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष एकादशी 02:37 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082
शनिवार, 15 नवंबर 2025, वर्ष 4, अंक 92, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

बिहार में राजग की डबल सेंचुरी

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को दो तिहाई बहुमत, महागठबंधन का हुआ सूपड़ा साफ | सर्वाधिक सीटों के साथ भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी, पटना से लेकर दिल्ली तक जीत का जश्न

राजग (202)	
पार्टी	जीते
भाजपा	89
जेडीयू	85
लोजपा	19
अन्य	9

महागठबंधन (33)	
पार्टी	जीते
राजद	24
कांग्रेस	6
वामदल	3
अन्य	0

(बाकी सीटों पर मतगणना जारी)

पटना, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत हासिल कर 202 सीटें जीतकर डबल सेंचुरी मार दी है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, गठबंधन ने 243 में से 202 सीटें जीती हैं। भाजपा 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। उसकी सहयोगी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने 85 सीट जीती हैं।

समाचार लिखे जाने तक लोजपा (राम विलास) ने 19 सीट जीत ली थी। हम (से) ने 5 सीट जीती हैं जबकि राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीट जीती हैं। राजग खेमे के प्रमुख विजेताओं में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री प्रेम कुमार, महेश्वर हजारी, संजय सरावगी और भाजपा की मैथिली ठाकुर शामिल हैं। विपक्षी खेमे से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव, दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा शहाब और भाकपा (माले) लिबरेशन के संदीप सौरव प्रमुख विजेताओं में रहे। इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहद खराब रहा और अब तक वह केवल 33 सीट ही जीत सका है। राजद ने 24 सीट और कांग्रेस ने 6 सीट जीती हैं वामदलों ने तीन सीटें जीती हैं। वहीं, हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने पांच सीट पर जीत दर्ज की है। बसपा ने एक सीट जीती। राजग की जीत के साथ पटना से लेकर दिल्ली का जश्न मनाया गया।

जनता ने हम पर विश्वास जताया, बिहार विकसित राज्यों में शामिल होगा

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जद यू के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने प्रचंड जीत पर कहा कि जनता ने उनकी सरकार के प्रति विश्वास जताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, राजग के घटक दलों के प्रमुख नेताओं का धन्यवाद भी किया और कहा कि बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा, राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

गायिका मैथिली ठाकुर ने महज 25 साल तीन महीने 20 दिन की उम्र में चुनाव जीतकर देश में सबसे कम उम्र में विधायक चुने जाने का रिकॉर्ड कायम किया।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर सीट पर राजद के अरुण कुमार को हराकर 45843 वोटों से जीत हासिल की

राजद नेता तेजस्वी ने राघोपुर सीट से जीत दर्ज की, भाजपा प्रत्याशी सतीश को 14532 वोट से हराया

बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि इस जीत ने एक नया 'एमवाई - महिला और यूथ' फॉर्मूला दिया है और जनता ने जंगलराज वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूले को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, बिहार की जनता ने इस भारी जीत और अपने अटूट विश्वास के साथ राज्य में गर्दा उड़ा दिया।

मोदी ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वह धरती है जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव दिया और आज इसी धरती ने यह सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र पर हमला करने वाले लोगों को धूल चटायी जाए। मोदी ने कहा, बिहार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि झूठ की हार हुई है और लोगों का विश्वास जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत से निर्वाचन आयोग में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की भी सराहना की और चुनावी जीत के लिए राजग सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, बिहार की जनता ने इस भारी जीत और अपने अटूट विश्वास के साथ राज्य में गर्दा उड़ा दिया। राजद के मुस्लिम-यादव समर्थन आधार का स्पष्ट संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा कि बिहार में कुछ पार्टियों ने 'एमवाई फार्मूला' तैयार किया था, लेकिन आज की जीत ने एक नया सकारात्मक एमवाई - महिला और यूथ फार्मूला दिया है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, आज बिहार उन राज्यों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है और ये युवा सभी धर्मों और जातियों से हैं।

मोदी बोले-राजग की जीत ने जंगलराज वालों के सांप्रदायिक फॉर्मूले को किया ध्वस्त

भाजपा मुख्यालय में राजग की जीत पर गमछा लहराते हुए प्रधानमंत्री।

ब्रीफ न्यूज

मशहूर अभिनेत्री कामिनी कौशल का निधन

मुंबई। वर्ष 1946 में 'नीचा नगर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली हिंदी सिनेमा की शुरुआती अभिनेत्रियों में से एक मशहूर अदाकारा कामिनी कौशल का उनके मुंबई स्थित आवास में निधन हो गया। वह 98 वर्ष की थीं।

कामिनी कौशल ने 2022 तक कई फिल्मों में अभिनय किया। कभी इंडस्ट्री में सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक कामिनी ने दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर की तिकड़ी के साथ अभिनय किया। उन्होंने 95 वर्ष की आयु में आमिर खान की 2022 में आई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में काम किया था।

ईडी के समन पर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

नई दिल्ली। रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी फेमा के उल्लंघन के मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए। एजेंसी ने 17 नवंबर के लिए नया नोटिस जारी किया है। इस पर अनिल अंबानी ने ईडी के समक्ष 'डिजिटल माध्यम' से हाजिर होने की पेशकश की। रिलायंस कंपनी के एक प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने संघीय जांच एजेंसी को पत्र लिखकर जांच में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

पेंशन में सरलता, किसानों को मिलेंगे सोलर पंप

योगी कैबिनेट ने 20 प्रस्तावों पर लगाई मुहर, आमजन को दी गई सीधी राहत, किसानों को 40521 सोलर पंप

- बागपत में मेडिकल कॉलेज और शाहजहांपुर में नया राज्य विश्वविद्यालय मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: योगी कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को कई ऐसे निर्णय लिए गए हैं जिनका सीधा असर आम जनता के रोजमर्रा जीवन और ग्रामीण-कृषि अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। खासतौर पर बुजुर्गों की पेंशन प्रक्रिया सरल करने, किसानों के लिए बड़े पैमाने पर सोलर पंप लगाने, किरायानामा/पट्टा रजिस्ट्रेशन खर्च घटाने और गन्ना किसानों के लिए परामर्शित मूल्य घोषित करने जैसे निर्णय सीधे लोगों की जेब व जीवनशैली को प्रभावित करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में सरकार ने फेमिली आईडी के आधार पर वृद्धावस्था पेंशन के पात्रों का स्वतः सत्यापन करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत विभाग पात्र बुजुर्गों की पहचान कर उन्हें पोर्टल पर 'पुश' करेगा। लाभार्थी को केवल पुष्टि करनी होगी। आवेदन की समीक्षा और स्वीकृति 15 दिन में और समग्र प्रक्रिया 60 दिन के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। यह व्यवस्था पेंशन पाने की प्रक्रिया को बेहद सरल बनाएगी और उन लाखों बुजुर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जिन्हें अब आयोजनात्मक दिक्कतों के कारण मदद नहीं मिल पाती थी।

किसानों के लिए ऊर्जा-स्वतंत्रता : कृषि विभाग के प्रस्ताव पर वर्ष 2025-26 में प्रदेश भर में 40,521 स्टैंड-अलोन सोलर पंप लगाने की मंजूरी दी गई। इससे डीजल पंपों पर निर्भरता घटेगी, किसान सिंचाई पर होने वाले खर्च में कमी महसूस करेंगे और प्रदूषण व कार्बन उत्सर्जन में गिरावट आएगी। सरकार 60 प्रतिशत तक अनुदान देगी और चयन 'पहले आओ-पहले पाओ' आधार पर होगा।

लोकभवन में मंत्रीपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- प्लेज (इंडस्ट्रियल पार्क) नीति में संशोधन — भूमि मानक, सड़क चौड़ाई, विकास शुल्क राहत।
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय — निजी सचिव संवर्ग में 156 पदों का उन्नयन।
- न्यायिक अधिकारियों के वाहन ऋण की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये।
- उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा (पंचम संशोधन) नियमावली, 2025 — दो प्रतिशत पदों पर पदोन्नति का प्रावधान।
- उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान अधिनियम-1962 में संशोधन (प्रावधानों का विस्तार)।
- अशोक लीलैंड को लखनऊ में प्लांट लगाने के लिए अधिक भूमि देने संबंधी प्रस्ताव को स्वीकृति
- कैबिनेट के अन्य पारित प्रस्ताव— निवेश/उद्योग प्रोत्साहन, एक्सपोर्ट-प्रमोशन स्कीम, इवी-चार्जिंग तैयारिकरण, महिला श्रृंखला-नियम, औद्योगिक रेगुलेशंस/जोनिंग आदि

गन्ना किसानों को सीधे लाभ

पेराई सत्र 2025-26 के लिए एसएपी पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है। हालांकि यह पहले ही मुख्यमंत्री ने घोषित कर दिया था। तय किया गया है कि अगेती प्रजाति के लिए 400 रुपये, सामान्य के लिए 390 और अनुपयुक्त प्रजाति के लिए 355 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरकार खरीद करेगी। ढुलाई कटौती व गन्ना समितियों के लिए योगदान की दरें भी निर्धारित की गई हैं। इससे भुगतान सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े फैसले

बागपत में नए मेडिकल कॉलेज के लिए मत्स्य विभाग की 5.07 हेक्टेयर जमीन निःशुल्क हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इससे पीपीपी मोड पर इस कॉलेज का निर्माण कार्य तेजी से पूरा होगा। वहीं, शाहजहांपुर में मुमुक्षु आश्रम के शैक्षणिक संस्थानों का उन्नयन कर राज्य विश्वविद्यालय बनाने के निर्णय से उच्च शिक्षा का अवसर बढ़ेगा।

किरायानामा व रजिस्ट्रेशन शुल्क में कटौती

किरायानामा व पट्टा रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प शुल्क में निजी व व्यावसायिक दोनों तरह के हितधारकों के लिए सस्ती दरें तय की गईं। अब 10 साल तक के अनुबंधों के लिए न्यूनतम शुल्क मात्र 500 से 2,500 रुपये के बीच रहेगी (रजिस्ट्रेशन/स्टाम्प अलग-अलग लागू होंगे)।

ग्रेटर नोएडा—बलिया 8-लेन एक्सप्रेसवे

ग्रेटर नोएडा से बलिया तक प्रस्तावित 8-लेन एक्सप्रेसवे परियोजना से जुड़े समय से पूर्व निरस्तीकरण से संबंधित वित्तीय मामला निपटाने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने पूर्व के समझौते को समाप्त मानते हुए 3.26 करोड़ रुपये कंसोर्टियम को लौटाने का प्रस्ताव मंजूर किया।

दिल्ली विस्फोट में शामिल डॉ. उमर का पुलवामा स्थित मकान ध्वस्त

- नियंत्रित विस्फोट के जरिए किया ध्वस्तीकरण, जम्मू कश्मीर पुलिस ने की कार्रवाई

श्रीनगर, एजेंसी

दिल्ली में लाल किला विस्फोट मामले के आरोपी डॉ. उमर नबी के दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित घर को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। नियंत्रित विस्फोट के जरिए इमारत को ध्वस्त किया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया था और तोड़फोड़ से पहले निवासियों को घर खाली करने को कहा गया था। जांचकर्ताओं ने खुलासा किया है कि डॉ. उमर ने ही सोमवार शाम लाल किले के पास हुए विस्फोट वाली कार पार्क की थी जिसमें कई लोगों की जान चली गई थीं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस तोड़फोड़ पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आतंकवादी समूहों में शामिल होने से हतोत्साहित करना है। उनके अनुसार इस कदम का उद्देश्य यह कड़ा संदेश देना है कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर परिणाम होते हैं। इसमें किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

हरियाणा के दो डॉक्टर हिरासत में

चंडीगढ़। लाल किले के पास हुए कार बम धमाके मामले में जांच एजेंसियों ने हरियाणा के नूंह जिले से दो डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। साथ ही अल-फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन और प्रशासनिक रिकॉर्ड की विस्तृत पड़ताल भी शुरू कर दी गई है। जांच से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक दोनों युवक हाल ही में यूनिवर्सिटी के मेडिकल विंग से जुड़े थे। उनके मोबाइल फोन से मिले कुछ डेटा में संदिग्ध बातचीत के संकेत मिलने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। बरामद डिजिटल सामग्री की अभी तकनीकी जांच जारी है। पहचाने गए युवकों में से एक मुस्ताकिम, नूंह के सुन्हेड़ा गांव का रहने वाला है।

संदिग्ध परिस्थितियों में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

- इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम लियाकत पुरवा की घटना

संवाददाता, श्रावस्ती

अमृत विचार : इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम कैलाशपुर के मजरा लियाकतपुरवा में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक ही परिवार के दंपत्ति सहित पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार लियाकत पुरवा निवासी रोज अली (35) पुत्र शमशुल, उसकी पत्नी शहनाज (32), तबस्सुम (6), गुलनाज (4) तथा पुत्र मुईन (18 माह) की गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। इस दौरान जहां रोज अली का शव कमरे में छत के पंखे से फंदे के सहारे लटक रहा था। जबकि उसकी पत्नी समेत तीन मासूम बच्चों का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिवार को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद कमरे में झांकने पर पूरे परिवार को मृत देख मृतक रोज अली की माता व छोटे भाई बहन ने इसकी सूचना पड़ोसियों को दी। इस दौरान परिजनों ने पड़ोसियों को बुलाकर कमरे का दरवाजा खुलवाया।

मौके पर मौजूद लोगों की भीड़।

संरक्षण | डिजिटल व्यक्तिगत-डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 पारित होने के दो साल बाद किया गया अधिसूचित

अब आपका व्यक्तिगत डिजिटल डेटा होगा सुरक्षित, कानून लागू

- नियमावली जारी, चार सदस्यीय डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने लोगों के डिजिटलीकृत सूचनाओं के संरक्षण और उपयोग को विनियमित करने वाले डिजिटल व्यक्तिगत-डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 को इसके पारित होने के दो साल बाद शुक्रवार को अधिसूचित करते हुए लागू कर दिया। इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इसे लागू करने के लिए संबंधित नियमावली जारी कर दी। साथ ही, चार सदस्यीय डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण बोर्ड (डीपीबी) का गठन कर दिया गया।

लंबी बहस के बाद देश में पहली बार डिजिटल गोपनीयता कानून लागू किया गया है। इस अधिनियम में व्यक्ति को अपने निजी डिजिटलीकृत डेटा की सुरक्षा का अधिकार देने के साथ-साथ ऐसे डाटा का वैध उद्देश्यों के लिए प्रसंस्करण किये जाने को भी काननी मान्यता दी गई है। नये नियमों के तहत कंपनियों और अन्य हितधारकों को अधिनियम के तहत प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने के लिए 18 महीने तक का समय दिया गया। कंसेट मैनेजरों को पंजीकरण कराने के लिए 12 माह का समय दिया गया है। इन नियमों के लागू होने के साथ सोशल मीडिया, इंटरनेट मध्यस्थों व उपयोगकर्ता डेटा का कारोबार करने वाली किसी अन्य कंपनी को डेटा प्रिंसिपल या उपयोगकर्ता का डाटा प्रसंस्करण के लिए देने के लिए उसका पूरा विवरण देते हुए उसके लिए सहमति लेनी होगी। इन नियमों में डिजिटल मध्यस्थों को उनके द्वारा दी जाने वाली सेवा की प्रकृति के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।

उपयोगकर्ता डेटा की सहमति वापस ले सकेंगे

ऐसे माध्यमों के लिए अलग-अलग समय-सीमाएं भी निर्धारित की हैं। इनके अनुसार इन प्लेटफॉर्म को उपयोगकर्ता के व्यक्तिगत डेटा को हटाना होगा। अगर किसी वर्तमान में लागू किसी भी कानून के अनुपालन के लिए ऐसे डाटा को अधिक समय तक रखना जरूरी है तो उन्हें उसके अनुसार उसको अपने पास सुरक्षित रखना होगा। कंपनियों के लिए यह जरूरी होगा कि वे उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए अपनी सहमति आसानी से वापस लेने का मौका दें।

डिजिटल तौर पर संचालित होगा बोर्ड

सहमति प्रबंधक के रूप में कार्य करने के लिए डिजिटल डेटा संरक्षण बोर्ड के समक्ष पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। उन्हें काम के दौरान समय-समय पर बोर्ड की शर्तों और निर्देशों को पूरा करना होगा। कानून का उल्लंघन करने पर ऐसे प्रबंधकों का पंजीकरण निलंबित भी किया जा सकता है। बोर्ड पूरी तरह डिजिटल रूप से संचालित होगा और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा। चार सदस्यीय बोर्ड में एक अध्यक्ष होगा। उल्लंघन की स्थिति में 72 घंटों के भीतर सूचित करना होगा।

बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में भाजपा के यूपी मुख्यालय में शुक्रवार दोपहर जमकर जश्न मनाया गया। पार्टी कार्यालय परिसर ढोल-नगाड़ों की धाप, आतिशबाजी और विजय नारों से गूंज उठा। उत्साह से भरे कार्यकर्ताओं ने नृत्य कर खुशी का इजहार किया। अमृत विचार

बिहार विजय पर मनाया जश्न

अमृत विचार, लखनऊ : बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड जीत ने भारतीय जनता पार्टी के अंदर उत्साह और उल्लास की नई लहर भर दी है। जीत की घोषणा के बाद शुक्रवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भव्य विजयोत्सव का आयोजन किया गया। पार्टी प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए जीत का जश्न मनाया। पूरे परिसर में आतिशबाज़ी की चमक और मिठाइयों की मिठास छा गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बिहार में विजय की शुभकामनाएं दीं।

न्यूज ब्रीफ

प्लेज पार्क योजना में संशोधन को मंजूरी

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार ने शुक्रवार को प्लेज़ पार्क योजना में बड़े संशोधनों को मंजूरी देते हुए उद्योग जगत को बड़ी राहत दी है। नई व्यवस्था खासतौर पर एमएसएमई, विनिर्माण क्षेत्र और निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने वाले डेवलपर्स के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। कैबिनेट ने भूमि उपयोग, सड़क चौड़ाई, विकास शुल्क, नोटिफाइड क्षेत्र और प्लॉट आवंटन जैसी प्रक्रियाओं को आसान व पारदर्शी बनाने वाले प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी है। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि नई नीति में भू-उपयोग में बदलाव और विकास शुल्क में छूट देकर उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया सरल की गई है। योजना के अंतर्गत ले-आउट और भवन मानचित्रों को मंजूरी देने के अधिकार अब निदेशक और आयुक्त (उद्योग) को सौंप दिए गए हैं। इससे फाइलों का निस्तारण तेज होगा। साथ ही स्टाम्प ड्यूटी में छूट देने का अधिकार अब सिर्फ जिलाधिकारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उपायुक्त उद्योग को भी यह अधिकार प्राप्त होगा, जिससे अनुमति संबंधी कार्य और तेज होंगे।

हाईकोर्ट में निजी सचिव संवर्ग का विस्तार

अमृत विचार, लखनऊ : योगी कैबिनेट ने न्यायिक कार्यों की गति बढ़ाने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निजी सचिव संवर्ग का बड़ा पुनर्गठन किया है। अपर निजी सचिव के 156 पदों को निजी सचिव ग्रेड-1 में पदोन्नत कर दिया गया है। न्यायालय में उपलब्ध 135 न्यायाधीशों के अनुरूप 446 निजी सचिवों की जरूरत है, जबकि स्वीकृत पद केवल 290 थे। इस कमी को दूर करने के लिए उच्चीकृत पदों की मंजूरी दी गई है। इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी और न्यायिक व प्रशासनिक कार्यों के समयबद्ध निस्तारण में तेजी आएगी। इन पदोन्नतियों से राज्य पर लगभग 10 .50 करोड़ का वार्षिक व्यय बढ़ेगा, लेकिन यह व्यवस्था सीधी भर्ती की तुलना में अधिक किफायती है।

अधिकारियों को कार ऋण में बढ़ी सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : योगी कैबिनेट ने न्यायिक सेवा और उच्चतर न्यायिक सेवा के अधिकारियों को मिलने वाले कार ऋण लाभ को बढ़ाने का फैसला किया है। अभी तक अधिकतम 8 लाख तक का लोन मिलता था, जिसे बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया है। कार की कीमत 10 लाख से कम होने पर उसके बराबर राशि ही मंजूर होगी। संपूर्ण ऋण राशि पर सिर्फ 5% वार्षिक ब्याज लागू होगा। सिविल जज, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, सीनियर जज, जिला जज और उच्चतर न्यायिक सेवा के सभी अधिकारी इस सुविधा के पात्र होंगे। यह निर्णय न्यायिक अधिकारियों को बेहतर गतिशीलता और कार्यकुशलता प्रदान करेगा।

लाखों कर्मचारियों को अधिक सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ

कैबिनेट के फैसले

दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान कानून-1962 में बड़ा संशोधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठान आएंगे दायरे में

अमृत विचार : योगी कैबिनेट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान अधिनियम, 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन के बाद दुकानों और प्रतिष्ठानों पर काम करने वाले लाखों कर्मचारियों को अधिक सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हो गया है, जबकि व्यापार जगत को भी बड़ा लाभ होगा।

श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी देते हुए इसकी सीमा नगरीय क्षेत्रों से बढ़ाकर पूरे प्रदेश तक कर दी है। अब राज्य के सभी जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिष्ठान भी इस कानून के दायरे में आएंगे। इससे अधिकतम श्रमिक कानूनी संरक्षण के दायरे में आएंगे और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। संशोधन के तहत यह अधिनियम अब उन प्रतिष्ठानों पर लागू होगा, जिनमें 20 या उससे अधिक कर्मकार कार्यरत हैं। इससे छोटे प्रतिष्ठान बिना अतिरिक्त बोझ के अपनी आर्थिक गतिविधि को सुचारू रख सकेंगे, जबकि बड़े प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को अधिनियम के तहत मिलने वाले सभी लाभ मिलेंगे। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियां और तेज होंगी।

उन्होंने बताया कि संशोधन का दायरा बढ़ाते हुए सरकार ने चिकित्सकीय इकाइयों जैसे क्लीनिक, पॉलीक्लीनिक, प्रसूति गृह, आर्किटेक्ट, कर सलाहकार, तकनीकी सलाहकार, सेवा प्रदाता, सेवा मंच और इसी तरह के अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी कानून के अंतर्गत शामिल कर दिया है। इससे इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी सुरक्षित कार्य परिस्थितियों और लाभों का अधिकार प्राप्त होगा।

कर्मचारी और मालिक दोनों को मिलेंगे लाभ

- अब कार्य समय, छुट्टियां, सुरक्षा और अन्य सुविधाएं मिलेंगी
- किसी भी क्षेत्र विशेष में काम करने वालों को समान अधिकार
- अतिरिक्त कार्य-घंटे (ओवरटाइम) की सीमा बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही
- व्यवसायों को जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कार्य करवाने की सुविधा
- कर्मचारियों को ओवरटाइम का उचित भुगतान सुनिश्चित

चैनमैन भी बन सकेंगे लेखपाल दो प्रतिशत पदों पर होगी पदोन्नति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लेखपाल के 30,837 स्वीकृत पदों में 8,940 पद रिक्त, इंटर पास को मिलेगा मौका

अमृत विचार : योगी कैबिनेट ने लेखपाल सेवा नियमावली में बड़ा बदलाव करते हुए चैनमैन के लिए लेखपाल पद पर पदोन्नति का मार्ग खोल दिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश लेखपाल सेवा (पंचम संशोधन) नियमावली 2025' के तहत अब लेखपाल के कुल पदों में से दो प्रतिशत पद योग्य चैनमैन को पदोन्नति के आधार पर दिए जा सकेंगे। यह पहली बार है, जब चैनमैन को सीधी भर्ती व्यवस्था से आगे बढ़कर प्रमोशन का अवसर मिलेगा।

प्रदेश में लेखपाल के 30,837 स्वीकृत पदों में से 21,897 पद भरे हैं, जबकि 8,940 पद रिक्त हैं। अभी तक सभी रिक्तियां अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से भरी जाती थीं। नई व्यवस्था के अनुसार, वही चैनमैन पदोन्नति के पात्र होंगे, जो मूल पद पर नियमित हों, भर्ती वर्ष के प्रथम दिवस तक छह वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों और इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा पास हों। चयन समिति उनकी पात्रता का परीक्षण कर सिफारिश करेगी।

सरकार का कहना है कि अनुभवी चैनमैन को लेखपाल बनाने से न केवल विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन भी अधिक तेज और प्रभावी होगा। इससे आम जनता को राजस्व विभाग की सेवाएं समय पर, पारदर्शी और बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

इन पदों पर नियुक्ति के लिए पात्रता

- जिन्होंने 6 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर ली हो
- जिन्हें किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/परिषद की इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो
- जिन्हें चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से उपयुक्त पाया जाए

नए नियम से क्या बदल जाएगा

- पदोन्नति के कारण लेखपालों के कार्यों में तेजी व अनुभव का लाभ मिलेगा
- विभाग में बेहतर पदस्थापन और कार्यसंस्कृति विकसित होगी
- गांव तक योजनाएं पहुंचाने में विलंब कम होगा

किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री में व्यापक छूट को मिली मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी कैबिनेट का किरायेदारी को सरल व पारदर्शी बनाने के लिए बड़ा फैसला
- 10 वर्ष तक की किरायेदारी पर स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन शुल्क में बड़ी राहत

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने किरायेदारी व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और विवाद मुक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 10 वर्ष तक की अवधि वाले किरायानामा विलेखों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री फीस में व्यापक छूट को मंजूरी दे दी है। यह फैसला उन मकान मालिकों और किरायेदारों के लिए राहत लेकर आया है, जो अब तक शुल्क अधिक होने के कारण किरायानामा रजिस्टर्ड कराने से बचते थे।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि वर्तमान नियमों में एक वर्ष से अधिक अवधि की किरायेदारी विलेख की रजिस्ट्री अनिवार्य है, लेकिन अधिकतर किरायानामे मौखिक रहते हैं या रजिस्ट्री नहीं कराई जाती। बाद में ऐसे मामलों में विभागीय जांच में कमी स्टाम्प शुल्क की वसूली करनी पड़ती है। सरकार का मानना है कि उच्च शुल्क लोगों को कानूनी रूप से रजिस्ट्री कराने से रोकता था, जिसके कारण विवाद बढ़ते थे।

नई व्यवस्था में अवधि और औसत वार्षिक किराए के आधार पर स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्री फीस की अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। अब किरायेदारी विलेख पर निश्चित शुल्क से अधिक वसूली नहीं होगी, जिससे किरायेदार और मकान मालिक दोनों सुरक्षित रहेंगे और किरायेदारी विनियमन अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन होगा। सरकार ने टोल और खनन पट्टों को इस छूट से बाहर रखा है, ताकि राजस्व हानि न हो। यह कदम राज्य में किराया व्यवस्था को औपचारिक बनाने, विवाद रोकने और आम जनता को सहज व सस्ती रजिस्ट्री सुविधा देने की दिशा में बड़ा सुधार माना जा रहा है।

निर्धारित स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रीकरण फीस

- औसत वार्षिक किराया 2,00,000 रुपये तक : 1 वर्ष तक 500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 1500 रुपये, 5 से 10 वर्ष 2000 रुपये
- औसत वार्षिक किराया 2,00,001 से 6,00,000 रुपये तक : 1 वर्ष तक 1500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 4500 रुपये, 5 से 10 वर्ष 7500 रुपये
- औसत वार्षिक किराया 6,00,001 से 10,00,000 रुपये तक : 1 वर्ष तक 2500 रुपये, 1 से 5 वर्ष 6000 रुपये, 5 से 10 वर्ष 10000 रुपये

शाहजहांपुर में खुलेगा स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में उच्च शिक्षा को विस्तार दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में संपन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहांपुर की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई। यह विश्वविद्यालय मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाइयों के उच्चीकरण के रूप में विकसित किया जाएगा। यह जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक के बाद दी। मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि उप्र. राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-29 सन् 1974) में आवश्यक संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण का होगा अपना निदेशालय

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण का अपना स्वतंत्र निदेशालय होगा। इस क्षेत्र को गति देने के लिए योगी सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय है। इसकी मंजूरी शुक्रवार को मंत्रिपरिषद ने दे दी है, साथ ही खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय से पृथक कर स्वतंत्र निदेशालय के रूप में स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह प्रस्ताव खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की निर्देश पर प्रस्तुत किया गया था। उप्र मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि अलग निदेशालय बनने से खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित योजनाओं का संचालन अधिक प्रभावी, सुचारू और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

बुजुर्गों को घर बैठे पेंशन देगी सरकार : असीम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 60 साल आयु पूरी होते ही खाते में आने लगेगी धनराशि

अमृत विचार : यूपी में वृद्धावस्था पेंशन के लिए बुजुर्गों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। सरकार उन्हें घर बैठे पेंशन मुहैया कराएगी।

कैबिनेट बैठक के बाद फैसले की जानकारी देते हुए समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि नई व्यवस्था में फैमिली आईडी के आधार पर उन नागरिकों की सूची स्वतः तैयार होगी, जिनकी आयु अगले 90 दिनों में 60 वर्ष होने जा रही है। यह सूची एपीआई के माध्यम से समाज कल्याण विभाग के पेंशन पोर्टल पर भेजी जाएगी। विभाग सबसे पहले एसएमएस, व्हाट्सऐप और फोन कॉल जैसे डिजिटल माध्यमों से पात्र नागरिकों से सहमति लेगा। जिनकी सहमति डिजिटल रूप से नहीं मिलेगी, उनसे ग्राम पंचायत सहायक, कॉमन सर्विस सेंटर या विभागीय कर्मचारी भौतिक रूप से संपर्क करेंगे। दोनों स्तरों पर सहमति न मिलने पर ऐसे नाम प्रक्रिया से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सहमति मिलने के बाद योजना अधिकारी 15 दिनों के भीतर डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से पेंशन स्वीकृत करेंगे और स्वीकृति पत्र लाभार्थी को डाक से भेजा जाएगा।

योगी कैबिनेट ने महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

मुख्यमंत्री से परिवार समेत मिलीं दीप्ति, डीजीपी से भी की मुलाकात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरी कैबिनेट के साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्वकप में मिली ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बैठक में टीम के जज्बे, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा गया कि खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान विश्वकप विजेता खिलाड़ी डीएसपी दीप्ति शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी से परिवार के साथ मुलाकात भी की। वह पुलिस मुख्यालय भी पहुंचीं। यहां उन्होंने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा से भी मुलाकात की।

डीएसपी दीप्ति ने कहा कि फाइनल में भी सभी खिलाड़ियों से शानदार खेल दिखाया, जिसकी बदौलत हमारी टीम पहली बार विश्व चैंपियन बनी। कहा कि विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनना भी मेरे कॅरिअर बड़ी उपलब्धि रही।

लोकभवन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करतीं क्रिकेटर दीप्ति शर्मा, साथ में अन्य।

दिल्ली आतंकी हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास आतंकी हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही जनहानि पर शोक व्यक्त किया गया।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रदेश कैबिनेट ने दिल्ली में हाल ही में हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है। बैठक में कहा गया कि यह घटना देश की शांति और सुरक्षा पर हमला है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट ने हमले में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

नवाचार से होगा खेती का कायाकल्प : दिनेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उद्यान एवं गन्ना विभाग की स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला का हुआ आयोजन

अमृत विचार : उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बागवानी और गन्ना क्षमता को दोगुना विकसित करने और 2047 के आर्थिक लक्ष्यों को पूरा करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अनुसंधान, नवाचार, मूल्य संवर्धन और क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा देकर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा दी जा सकती है।

उद्यान मंत्री शुक्रवार को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा गन्ना विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा 'विकसित उत्तर प्रदेश–समर्थ उत्तर प्रदेश 2047' के लक्ष्य को मूर्त रूप देने के लिए सप्रू मार्ग स्थित उद्यान निदेशालय में स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उद्यान मंत्री ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में रूफ-टॉप गार्डनिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रथम चरण में लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी और गोरखपुर में निःशुल्क रोपण सामग्री व प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रो बैग में टमाटर, पालक आदि उगाकर परिवार पूरे मौसम की स्वच्छ सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने कहा कि सरकार किसानों को अनुदान देकर उनके प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। भारत सरकार के नीति आयोग की कृषि प्रौद्योगिकी सलाहकार डॉ. हर्षिका चौधरी, सचिव नियोजन मासूम अली सरवर ने बेहतर कार्ययोजना और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

कार्यशाला में उद्यानिकी रोडमैप 2047 पर तकनीकी प्रस्तुति दी गई, जिसमें उत्पादन वृद्धि, क्लस्टर मॉडल, मूल्य श्रृंखला विकास, प्रसंस्करण आधारित विस्तार और निर्यात क्षमता पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

आयोजन | इंडो यूपी–यूएस इकोनॉमिक समिट में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया संबोधित

कानून का राज होने से यूपी में आ रहे निवेशक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज का नया उत्तर प्रदेश विकास की तेज रफ्तार पर दौड़ रहा है। बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं में प्रदेश ने विश्वस्तरीय व्यवस्था विकसित की है। कभी दंगों और अपराध से त्रस्त रहने वाले उत्तर प्रदेश में आज कानून का राज है, जिसके चलते देश-विदेश के निवेशक बड़े पैमाने पर यहां आ रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित इंडो यूपी–यूएस इकोनॉमिक समिट-2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय निवेशक उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने से भी हिचकते थे, व्यापारी अपराधियों के निशाने पर रहते थे, लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। हम ऐसा यूपी बना रहे हैं, जहां विकास, निवेश और रोजगार निरंतर बढ़ रहे हैं। ब्रजेश पाठक ने बताया कि बेहतर सड़क नेटवर्क के चलते अब लोगों को घंटों जाम में फंसना नहीं पड़ता। लखनऊ एयरपोर्ट तक पहुंचने में लगने वाला समय भी पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में भी उप्र. ने उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकारी अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आमजन को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं।

ब्रजेश पाठक

डिजिटल एक्स-रे मशीन का लोकार्पण

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सचिवालय डिस्पेंसरी, बापू भवन में डिजिटल एक्स-रे मशीन और नेत्र परीक्षण केंद्र की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि डिस्पेंसरी को पूरी तरह हाईटेक बनाया जा रहा है, ताकि सरकारी कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। नई डिजिटल मशीनों और नेत्र परीक्षण केंद्र से मरीजों को तेज, सटीक और बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मौके पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सुमन, अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता, सचिवालय डिस्पेंसरी के सीएमएस डॉ. पंकज कुमार उपाध्याय, डॉ. सौरभ एहलावत समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

सप्त शक्ति संगम आज

अयोध्या, अमृत विचार : विद्या भारती विद्यालय शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को एक दिवसीय सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विद्यालय आचार्या व कार्यक्रम संयोजिका उर्मिला शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सह संयोजिका विभा ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामाय सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष वंदना उपाध्याय होंगी। समारोह की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकत्री सरिता गर्ग करेंगी। प्रचार प्रमुख सीमा पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में बीएनकेबी डिग्री कॉलेज आंबेडकरनगर की प्राचार्या प्रो. शुचिता पाण्डेय, इतिहास विभागाध्यक्ष मनूचा गर्ल्स डिग्री कॉलेज डॉ. प्रज्ञा मिश्रा प्रमुख वक्ता होंगी। कार्यक्रम में अवध प्रांत सहित लगभग 300 मातृशक्ति शामिल होंगी।

कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन का आयोजन

अयोध्या, अमृत विचार : जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में शुक्रवार को जनता दर्शन का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखी। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए।

ट्रक ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

अयोध्या, अमृत विचार। कोतवाली नगर की नवीन मंडी चौकी अंतर्गत हाईवे की सर्विस लेन पर एक ट्रक ने साइकिल सवार को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, उसकी उम्र करीब 45 वर्ष लग रही है। चौकी प्रभारी जयकिशोर अवस्थी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत भाग निकला लेकिन उसे नाका मोड के पास पुलिस ने पकड़ लिया। बताया कि शव को मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेशीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 से

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेशीय सीनियर टेबल टेनिस प्रतियोगिता 25 नवम्बर से डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों की टीमों सहित स्पोर्टस हॉस्टल व स्पोर्टस कॉलेज की टीमें भी प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के मैच अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के इन्डोर हॉल में आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश खेल निदेशालय उप्र टेबल टेनिस एसोसिएशन के योग्य व अनुभवी ऑफीसियल्स को आमंत्रित किया गया है।

हैण्डबॉल व कबड्डी ट्रायल 17 को

अयोध्या, अमृत विचार : क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में सबजूनियर बालक हैण्डबॉल व सीनियर पुरुष कबड्डी चयन ट्रायल 17 नवम्बर को डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होगा। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि जिला स्तरीय चयन ट्रायल सुबह 10 बजे व मंडलीय ट्रायल दोपहर एक बजे होगा। चयनित हैण्डबॉल टीम अमेठी में 21 नवम्बर से आयोजित प्रदेशीय समन्वय सबजूनियर हैण्डबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। वहीं चयनित कबड्डी टीम सीतापुर में 19 नवम्बर से आयोजित प्रदेशीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बंद, बाहर फेंका जा रहा कचरा

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम पंचायत मांजनपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र लापरवाही का शिकार होकर ताले में जकड़ा पड़ा है। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से बनाए गए इस केंद्र पर निर्माण के बाद से ही ताला लटका हुआ है, जबकि ग्रामीण कूड़ा-कचरा गांव के बाहर खुले स्थानों पर फेंकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस केंद्र का उपयोग न होना सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। खंड विकास अधिकारी मवई भावना यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

बिहार की जीत पर रामनगरी में उत्सव, मनाया जश्न

उल्लास : भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी जीत की बधाई

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत से रामनगरी में जश्न का माहौल है। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाज़ी और शुभकामनाओं के बीच भाजपा कार्यकर्ता उल्लास में डूबे रहे। सर्किट हाउस में महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। शहर के कई क्षेत्रों में ढोल-नगाड़ों के साथ विजय रैली निकाली गई।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि इस चुनाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब जाति और परिवारवादी राजनीति को स्वीकार नहीं करती। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा यह जीत भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का परिणाम है। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि बिहार के जनादेश ने विपक्ष की राजनीति को आईना दिखाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवादी विचारधारा और विकास की राजनीति की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। मौके पर अभिषेक मिश्र, करुणाकर पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने स्टेट बैंक तिराहे पर ढोल नगाड़ों की धुन पर कार्यकर्ताओं संग मिठाई बांटी। पूर्व महापौर ने कहा, कि यह जीत देश की दिशा और दशा बदलने वाले नेतृत्व में जनता के विश्वास की मुहर है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार की जीत से साबित हुआ कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर राष्ट्रवाद और विकास के एजेंडे पर भरोसा जताया है। मौके पर स्वामी परमानंद मिश्र, रघुनंदन चौरसिया, राम मोहन भारती, व्यापारी नेता शिवम शुक्ला, राष्ट्रीय खिलाडी रवि प्रकाश मिश्र सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। रोडवेज पर जिपं सदस्य इंद्र भान सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

एनडीए गठबंधन की जीत पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी को मिठाई खिलाते पदाधिकारी।

बिहार एनडीए गठबंधन की जीत पर कार्यकर्ता को मिठाई खिलाते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

विधायक और महापौर ने पार्षदों संग मनाया जश्न

अयोध्या, अमृत विचार : पूराबाजार ब्लॉक मुख्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत उल्लास व्यक्त किया। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। विधायक ने कहा, बिहार की यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की जीत है। मौके पर पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पर विधायक वेदप्रकाश गुप्त एवं पार्षदों के साथ जश्न मनाया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की। मौके पर नगर निगम के उपसभापति राजेश गौड़, पार्षद अनुज दास, अनिल सिंह, रमाशंकर निषाद आदि मौजूद थे।भाजपा नेताओं ने रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर के सामने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता दिनेश जायसवाल, अधिवक्ता राजीव शुक्ला, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के पुजारी रामजी मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष सुधीर नाग चौरसिया, अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा आदि थे।

एनडीए की जीत का जश्न मनाते रुदौली विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

बिहार में एनडीए की जीत पर संतों ने मनाया जश्न

अयोध्या, अमृत विचार : बिहार में एनडीए की भारी बहुमत के साथ जीत पर अयोध्या में संतों ने भी लड्डू खिलाकर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी। और हनुमानगढ़ी मंदिर में भगवान को लड्डू अर्पित किया। जिसके बाद लता मंगेशकर चौराहे पर पहुंचकर साधु-संतों ने 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए इसे धर्म, विकास और सुशासन की जीत बताया। महंत सीताराम दास ने कहा कि बिहार की जनता ने पारदर्शिता, सुरक्षा और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में मतदान कर पूरे देश को संदेश दिया है। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि यह जीत देश की अखंडता को बचाने के लिए है।

लता मंगेशकर चौराहे पर संतो ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न।

विधायक रामचंद्र यादव ने बांटा लड्डू

मवई। भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने मां कामाख्या धाम गेस्ट हाउस पर कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया। लड्डू बांटा। विधायक ने कहा कि एनडीए की यह जीत जन-जन के विश्वास की जीत है। यह परिणाम विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर जनता का करारा जवाब है। कार्यक्रम में मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव, बाबा बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कलश पूजन से 20 को शुरू होगा अनुष्ठान

108 महिलाएं सरयू जल के साथ निकालेंगी कलश यात्रा

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार और अन्य देव विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तर्ज पर ध्वज आरोहण के लिए कलश पूजन के साथ धार्मिक वातावरण में अनुष्ठान की शुरुआत होगी। मुख्य आचार्य गणेश्वर शास्त्री और उनकी टीम यज्ञ शाला को सरयू जल से शुद्धिकरण करने बाद अनुष्ठान प्रारंभ करेंगे। जिसके यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और अन्य लोग उपस्थित होंगे।

राम मंदिर के मुख्य शिखर समेत सात अन्य मंदिरों के शिखर पर ध्वज आरोहण के लिए पीला वस्त्र धारण किए 108 महिलाएं सरयू तट पर विधि विधान पूर्वक पूजन के बाद कलश में जल भर कर यात्रा निकालेगी। इसके पूर्व सरयू तट पर मुख्य आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्वारा कलश पूजन संपन्न कराया जाएगा। जिसके बाद बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों के द्वारा कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। जिसमें महिलाएं पारंपरिक धार्मिक गीत गाकर संपूर्ण वातावरण को अपने आराध्य श्री राम को समर्पित करते हुए कलश यात्रा सरयू तट से वीणा चौराहा और फिर रामपथ से होते हुए, श्रृंगार हॉट, दशरथ महल के बाद रंग महल बैरियर से होते हुए यज्ञ मंडप पर पहुंचेंगी।

वर्तमान समय में राम मंदिर और अयोध्या की सुरक्षा को देखते हुए इस यात्रा में शामिल महिलाओं को कलश लेकर परिसर में जाने के लिए पास जारी किया जाएगा। जिसके लिए आमंत्रित की गई महिलाओं के आधार कार्ड जमा कराया गया है। इन सभी महिलाएं कलश यात्रा को संपन्न करने के बाद राम मंदिर दर्शन करेंगे। बैंड बाजा और रामरथ के साथ 20 नवंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कार्यकर्ताओं की टोली भगवा ध्वज लेकर शामिल होंगे। वैदिक आचार्य इंद्रदेव मिश्रा ने बताया कि कलश यात्रा के लिए दोपहर 2:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है, गुरुवार को अमृत काल का समय अपराह्न 2:14 से 4:02 तक है। इसके अलावा सर्वाधिक सिद्ध योग भी 20 नवंबर को सुबह 10:58 से शुरू होकर 21 नवंबर को दोपहर 1:55 तक रहेगा इसलिए यह कलश यात्रा गुरुवार को ही निकल जाएगी, और अनुष्ठान प्रारंभ होगा।

- कलश यात्रा के लिए दोपहर 2:30 बजे का समय किया गया निर्धारित

रामलला के भोग प्रसाद के लिए सीता रसोई का उद्घाटन

सीता रसोई में विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन करते ट्रस्टी व अन्य।

अयोध्या, अमृत विचार: राम मंदिर में विराजमान रामलला समेत अन्य देवी देवताओं के भोग लगाए जाने की व्यवस्था के लिए परकोटा में माँ अनपूर्णा देवी मंदिर के पास अंडर ग्राउंड फ्लोर पर सीता रसोई का शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। वैदिक आचार्यों के द्वारा विधि विधान से पूजन के बाद भगवान की भोग प्रसाद तैयार किया गया।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा के मुताबिक मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित माता अन्नपूर्णा देवी के मंदिर के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक रसोई तैयार की गई है। रामलला को हर दिन चार समय भोग की व्यवस्था है।इसमें रोज सुबह रामलला को काढ़ा, दलिया, पराठा, आलू टिक्की, तहरी, पोहा जैसे हल्के भोजन का भोग लगाया जाता है। दोपहर में रामलला को दाल, चावल, रोटी, पूड़ी, सब्जी, सलाद और खीर का भोग लगाया जाता है। संध्या भोग में मीठा और नमकीन व्यंजन शामिल होते हैं। वहीं शयन काल के लिए भोजन और गर्म दूध तैयार भूख लगाया जाता है।इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, एसपी सुरक्षा बल रामाचारी दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं को 25 को मंदिर में नहीं मिलेगा प्रवेश

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 25 नवंबर को राम मंदिर में ध्वजारोहण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिषद में उपस्थित रहेंगे। ध्वजारोहण की गरिमा और सुरक्षा को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। 25 नवंबर को वीआईपी व आम श्रद्धालुओं का मंदिर परिसर में प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। प्रशासन ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे उक्त तिथि को अयोध्या न पहुंचे। जिन लोगों को आमंत्रण दिया गया है उन्हीं लोगों को मंदिर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा।

26 नवंबर को भी बंद रहेंगे वीआईपी दर्शन : सुरक्षा एजेंसियों, जिला प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट की संयुक्त समीक्षा में यह निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर को भी वीआईपी दर्शन पूरी तरह बंद रहेंगे। जब की आम श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। ध्वजारोहण समारोह के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल को सामान्य करने और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर कैंटीन का शुभारंभ करते बच्चे।

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर खुला कैटरिंग स्टॉल

अयोध्या, अमृत विचार। बाल दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे द्वारा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर नव निर्मित कैटरिंग स्टाल का उद्घाटन बच्चों द्वारा कराया गया। इस नए स्टॉल से प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 पर आने-जाने वाले सभी यात्रियों को गुणवत्ता-युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ सुलभ दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह यात्रियों को स्वच्छ, पौष्टिक और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

किसानों के सत्यापन के साथ खरीद में धीमी प्रगति

अयोध्या कार्यालय।

- 13 दिन में 68 हजार के सापेक्ष 437 एमटी खरीद

अमृत विचार: धान खरीद के लिए किसानों के सत्यापन की अड़चन किसी हद तक दूर हुई। जिले के लक्ष्य 68 हजार मीट्रिक टन के सापेक्ष 13 दिन में 437 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है।

जिले में किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए सभी पांच तहसीलों में कुल 67 सरकारी धान खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। धान खरीद में शुरुआती दौर में ही ग्रहण लग गया। लेखपाल की आईडी से अंश निर्धारण में बाधा उत्पन्न होने के कारण खरीद प्रभावित हुई, लेकिन शासन के संज्ञान में लेने और खामी का विकल्प निकाल लेने के कारण तीन दिन से सत्यापन में तेजी आई है। सत्यापन बढ़ने का असर खरीद पर भी पड़ा। आठ नवंबर के 110 एमटी खरीद के सापेक्ष यह 437 एमटी तक पहुंच गया लेकिन जिले में 13 क्रय केंद्र क्रियाशील न होने का असर भी है। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि जिले में खरीद को और ज्यादा प्रभावी करने का प्रयास किया जा रहा है। सत्यापन में तेजी के बाद खरीद बढ़ी है। प्रयास किया जा रहा है कि क्रय केंद्रों पर खरीद लगातार हो जिससे किसानों को लाभ हो।

डिप्टी सीएम की जनसभा आज

पूराबाजार, अयोध्या

- नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ पुलिस और संबंधित विभागों के अफसरों ने किया निरीक्षण

अमृत विचार: सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पखवाड़े के तहत आज शनिवार 15 नवंबर को प्रस्तावित पदयात्रा और डिप्टी सीएम की जनसभा के मद्देनजर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ पुलिस और संबंधित विभागों के अफसरों ने की बिल्वहरि घाट बाजार में निरीक्षण किया।

निरीक्षण में पदयात्रा के शुरूआती स्थल, रूट प्लान, जनसभा स्थल, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई। नगर विधायक ने अफसरों से कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पहले से तैयारी कर ली जाएं। यह पदयात्रा केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता लौहपुरुष सरदार पटेल के प्रति सम्मान और एकता का संदेश है। महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा ने बताया कि बिल्हार घाट हनुमान मंदिर चौराहे, पूरा बाजार से प्रारंभ होगी और लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज, कर्मा चौराहा पर पहुंचकर भव्य जनसभा में परिवर्तित होगी।

मसौधा चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

मसौधा स्थित एम शुगर मिल में गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ करते बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान।

मसौधा, अयोध्या।

अमृत विचार : केएम शुगर मिल मसौधा में शुक्रवार दोपहर शुभ मुहूर्त में गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुरू हुआ गन्ना खरीद कार्य शुक्रवार सुबह आठ बजे से ही शुरू हो गया था। हवन पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बाद क्षेत्रीय भाजपा विधायक डॉ.अमित सिंह चौहान के साथ केएम शुगर मिल के एजुकेटिव डायरेक्टर सुभाष चंद्र अग्रवाल ने चीनी मिल के डोंगे में गन्ना डालकर शुभारंभ किया। इसके बाद चीनी मिल के विषय विशेषज्ञों से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्विच ऑन कर मशीन को चालू किया गया।

कार्यकारी निदेशक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस बार चीनी मिल अपने गन्ना खरीद लक्ष्य को पार करेगी। जो बीते साल के मुकाबले अधिक होगा।गन्ना खरीद का लक्ष्य एक करोड़ 20 लाख लाख क्विंटल रखा गया। किसानों के मोबाइल पर गन्ना आपूर्ति का मैसेज जाता रहेगा उसी के अनुसार किसान गन्ने की आपूर्ति करेंगे।

मंडलीय सीनियर टेबल टेनिस टीम घोषित

अयोध्या, अमृत विचार: मंडलीय सीनियर महिला व पुरुष टेबल टेनिस टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना की ओर से शुक्रवार को घोषित कर दी गई।

आरएसओ सक्सेना ने बताया कि चयन ट्रायल के बाद चयनित टीम अयोध्या के डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 25 नवम्बर से आयोजित होने वाली प्रदेशीय सीनियर महिला व पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। चयनित महिला टीम में अयोध्या की श्रेया सिंह, ज्योति भारती, प्रतिभा यादव, सानिया, शालिनी, सुल्तानपुर की सलोनी बंसल शामिल हैं। पुरुष टीम में अयोध्या के कार्तिकेय व जतिन, सुल्तानपुर के सार्थक, अर्जुन, गौरव, शिवम चयनित किए गए हैं।

श्री आदि शंकराचार्य का 2502वाँ महानिर्वाण दिवस
नवंबर 15, 2025

तुला - कृष्ण पक्ष एकादशी

अस्वीकरण: प्रस्तुत इतिहास मात्र लेखक/प्रकाशक के विचार और समझ पर आधारित है और कोई भी व्यक्ति इसे स्वीकार या अस्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है।
बी. श्रीधर, मैनेजिंग ट्रस्टी, कलावई श्री महादेवेंद्र सरस्वती शंकराचार्य ट्रस्ट, 3/55 ''स्कंध'', रोड नं. 2, पेस्टम सागर, चेम्बूर, मुंबई - 400089
फोन: 09322230098 / 09137023299, ईमेल: sriadisankaracharya2500@gmail.com, वेबसाइट: www.sriadisankaracharya.com

न्यूज ब्रीफ

पीएनबी का संकल्प, हम सेवाएं लेकर स्वयं ग्राहक तक पहुंचे : विराज

मुख्य अतिथि विराज डोगरा का स्वागत करते मंडल प्रमुख अवधेश तिवारी।

अयोध्या, अमृत विचार : पीएनबी का संकल्प है कि हम सेवाएँ लेकर स्वयं ग्राहक तक पहुँचें। बैंक को जनता के और निकट, अधिक सरल और सुगम बनाया जाए। ये बातें पीएनबी दिल्ली प्रधान कार्यालय के डीजीएम (एचआर) विराज डोगरा ने शुक्रवार को कहीं। वह सिविल लाइंस शाखा के निकट पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित रिटेल बैंकिंग आउटरीच कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिटेल एसेट डिवीजन की नीतियों, ग्राहक-हितैषी बैंकिंग तथा विभिन्न जन-कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व विशेष अतिथि अयोध्या मंडल प्रमुख अवधेश कुमार तिवारी ने पौध देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएनबी लोन प्वॉइंट प्रमुख राजेश, श्रवण देव पाठक, पुनीत, अशोक आदि मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकाली

शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार : शुजागंज में श्री जगन्नाथ के चारों धाम के बाद प्रहलाद चंद्र गुप्ता की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा मानीपुर मोड़, शुजागंज चौकी के सामने से गुजरते हुए फगौली कुर्मियान पर पूरी हुई। चौकी प्रभारी शंकर लाल यादव तथा कोतवाली रुदौली पुलिस की टीम सुरक्षा व्यवस्था संभालती रही।

राजा मानसिंह व गिरोह के 14 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

जेल में बंद हैं सभी आरोपी, एसआईटी की टीम की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

डकैती, लूट, जमीन के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठने के मामले में दर्ज हैं 25 मुकदमें

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : सपा नेता व मसौधा द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह, उसकी पत्नी नीतू समेत उसके गिरोह के 14 लोगों के खिलाफ थाना पूराकलंदर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गिरोह के सरगना राजा मानसिंह समेत सभी आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई एसआईटी के रिपोर्ट के आधार पर की है। पुलिस अब उसकी अवैध संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी में हैं।

एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार गैंग लीडर राजा मानसिंह उर्फ मान सिंह निवासी सरियावा थाना पूराकलंदर एक शातिर अपराधी है। उसका एक संगठित गिरोह है, गिरोह के सभी सदस्य आर्थिक अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। जो लोगों से जमीन के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये वसूलने, लूट, डकैती समेत जाली नोट का कारोबार करते हैं। इसके अपराधिक कृत्यों से आम जनमानस में भय एवं आक्रोश व्याप्त है। इस रिपोर्ट पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर की संस्तुति मिलने के बाद पूराकलंदर पुलिस ने गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। राजा मानसिंह के खिलाफ 25 मुकदमें दर्ज हैं।

यह कार्रवाई राजा मानसिंह उर्फ दुष्यन्त सिंह निवासी ग्राम सरियावां थाना पूराकलंदर, उसकी पत्नी नीतू सिंह, अनूप सिंह निवासी ग्राम मोइयाकपूरपुर थाना पूराकलंदर, गौरव सिंह निवासी चतरापडरी चन्दीपुर नगहरा पोस्ट रूरुखास थाना इनायतनगर, शिवम सिंह उर्फ वीरु निवासी गुप्तसाड़ थाना शिवगढ़ जनपद सुल्तानपुर, विवेक प्रताप सिंह निवासी लतपुरवा थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, अमरेश गोस्वामी निवासी ग्राम सैरो सरियावां थाना पूराकलंदर, अंजनी सिंह निवासी अलादासपुर थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी, अंकुर सिंह उर्फ रणविजय निवासी सरियावां थाना पूराकलंदर, गोलू उर्फ यादवेन्द्र निवासी खिरवा थाना ककवन जनपद कानपुर नगर, दीपू यादव उर्फ शानू निवासी तिसहा गुदार थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, गुड्डू यादव उर्फ कृष्ण चन्द्र निवासी ओठघनपुर कला जनपद बस्ती, उत्कर्ष तिवारी निवासी निराला नगर खोजनपुर थाना कोतवाली नगर व निर्देश कुमार निवासी कुरगंना थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के खिलाफ की गई। वर्तमान में सभी आरोपी जेल में बंद हैं।

एसआईटी ने राजस्व टीम के साथ मिलकर तहसील सोहावल, बीकापुर और सदर में उसकी संपत्तियां खंगाली गईं तो काफी संपत्तियां पाई गई। इसमें एक निर्माणाधीन होटल समेत कुछ अन्य बेशकीमती जमीनें शामिल हैं। पुलिस अब इन्हें कुर्क करने की तैयारी में है।

जाली नोट व निवेश के नाम पर ठगी की शिकायत पर पुलिस हुई एक्टिव

अगस्त 2025 में इटावा और अयोध्या के रायगंज निवासी दो लोगों ने राजा मान सिंह पर निवेश और जाली नोटों का झांसा देकर ठगी करने का केस दर्ज कराया। जांच में आरोप सही साबित होने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर उसका आपराधिक इतिहास खंगाला गया। वह पूर्व में लखनऊ में जाली नोट के कारोबार में गिरफ्तार हो चुका था। पुलिस की पहल पर बाद में आजमगढ़, कन्नौज समेत कई अन्य जिले से पीड़ित सामने आए तो सभी मामलों में केस दर्ज किया गया।

इस तरह करते थे ठगी

बताया जाता है कि ज्यादातर मामलों में बिचौलियों के माध्यम से लोग मान सिंह के संपर्क में आए। अयोध्या में कीमती जमीनों में निवेश के नाम पर उन्होंने मोटी रकम लगाई। बाद में उन्हें पैसा डूबने का हवाला देकर जाली नोटों से अपना पैसा निकाल लेने का प्रलोभन दिया गया। बाद में शेष रुपये भी छीन लिए गए। विरोध करने पर पीड़ितों की क्रूरतापूर्वक पिटाई की गई और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी गई।

एएसपी के नेतृत्व में गठित हुई थी एसआईटी

गिरोह बनाकर बड़े स्तर पर ठगी का मामला सामने आने के बाद एसएसपी ने राजा मानसिंह व गिरोह के अन्य बदमाशों के खिलाफ जांच के लिए अगस्त 2025 में एसआईटी गठित की गई। इस विशेष जांच दल (एसआईटी) का प्रभारी एएसपी व सीओ अयोध्या देवेश चतुर्वेदी को बनाया गया। टीम में क्राइम ब्रांच के निरीक्षक रणजीत यादव व जनार्दन सिंह, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मो. अरशद और प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल अमरेश त्रिपाठी को शामिल किया गया। अब तक इस गिरोह के 14 बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दो आरक्षी हुए थे निलंबित, सीओ व एसओ हटाए गए

थाना पूराकलंदर क्षेत्र में आपराधिक गिरोह सक्रिय होने की जानकारी के बाद एसएसपी ने सबसे पहले संबंधित बीट के एक मुख्य आरक्षी व एक आरक्षी को निलंबित कर दिया गया। बाद में तत्कालीन थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह को भी हटा दिया गया। इसके बाद सीओ अयोध्या रहे आशुतोष तिवारी को हटाकर उन्हें यलो जोन की सुरक्षा व यातायात का प्रभारी बना दिया गया।

> जिलाधिकारी व एसएसपी के अनुमोदन के बाद गैंग लीडर राजा मानसिंह व उसके गिरोह के 14 साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी है। **-देवेश चतुर्वेदी, सीओ अयोध्या।**

जमीन बेचने के नाम पर ठगे 13.70 लाख

अयोध्या, अमृत विचार। जमीन बेचने के नाम पर 13.70 लाख रुपये हड़पने के मामले में अयोध्या कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीड़ित गौरव सिंह निवासी देवगढ़ थाना महराजगंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह जीएस इन्फा का प्रोपराइटर है। उसने शिव प्रसाद निवासी कुढा केशवपुर कोतवाली अयोध्या से 30 विस्वा जमीन खरीदने के लिए प्रति विस्वा 10 लाख रुपये के हिसाब से सौदा तय किया था। इसक बाद शिव को 18 से 29 जुलाई के बीच उसको विभिन्न माध्यमों से 13.70 लाख रुपये दिए। उसने आरोपी से अनुबंध पत्र बनाने को कहा लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। अब वह जमीन न देने की बात कह रहा है न ही पैसे वापस कर रहा है। दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी देर रहा है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



खेत की आग बुझा रहा किसान जिंदा जला

अयोध्या, अमृत विचार : गन्ने की खेत में लगी आग बुझाते समय किसान ननकू निषाद (60) पुत्र भवानी फेर जिंदा जलकर मर गया। थाना क्षेत्र हैदरगंज के ग्राम पंचायत सराय मनोधर गनेश पुर निवासी मृतक किसान अपने धान के खेत की पराली जलाने शुक्रवार शाम 5:30 बजे गया था। पराली में आग लगाते ही देखते-देखते बगल के खेत में गन्ने खड़ी फसल को अपने चपेट में लिया। गन्ने की फसल में लगी आग को बुझाने किसान घुस गया। इसी बीच लपटों ने उसे आग ने अपने आगोश में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी जलकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन गांव वाले पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी हैदरगंज विवेक राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

नेहरू सद्भावना यात्रा के शुभारंभ अवसर पर गांधी पार्क में बापू कीमूर्ति पर माला अर्पित करते दिनेश सिंह व अन्य।

जयंती पर अयोध्या से इलाहाबाद तक निकाली नेहरू सद्भावना यात्रा

अयोध्या, अमृत विचार: पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर अयोध्या-फैजाबाद के लोकतांत्रिक नागरिक समाज की ओर से शुक्रवार को अयोध्या से आनंद भवन तक नेहरू सद्भावना यात्रा निकाली गई। इसका नेतृत्व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह ने किया। महात्मा गांधी पार्क में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ यह यात्रा यहां से रवाना हुई।

इस अवसर पर दिनेश सिंह ने कहा कि पं.नेहरू की जयंती पर इस यात्रा का उद्देश्य उनके ख्वाबों की खुशी और रूह के गम बांटने व उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए अपने आप को एक बार फिर समर्पित करना है। उन्होंने इस यात्रा को सरयू और संगम की एकता के उस ऐतिहासिक सूत्र को फिर से मजबूत करने की दिशा में एक विनम्र कवायद बताई। यात्रा में उनके साथ गौरव तिवारी वीरू, नितिन मिश्र, कमलेश यादव, डॉ. महेंद्र सिंह आदि चल रहे हैं।

बाल दिवस पर आयोजित खेल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को सामाग्री प्रदान करते प्रधानाचार्य।

गायत्री पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिता में शामिल बच्चे व पुरस्कार देते अतिथि।

अभी तक 125 कॉलेजों ने ही दिखाई रुचि, 70 काट रहे कन्नी

- यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए 30 तक ऑनलाइन देना है ब्यौरा

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया धीमी चल रही है। केंद्र बनाए जाने के लिए 446 माध्यमिक विद्यालयों में से अभी तक केवल 125 कॉलेज ही आगे आए हैं, 70 ऐसे हैं जो कन्नी काट रहे हैं। शेष 251 माध्यमिक विद्यालय बोर्ड परीक्षा की दौड़ से खुद को बाहर करने के लिए घोषणा पत्र दाखिल कर चुके हैं।

यूपी बोर्ड ने सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों को निर्देश दिए थे कि वे 30 नवंबर तक अपने स्कूल का पूरा ब्यौरा जैसे छात्र संख्या, शिक्षक उपलब्धता, कमरों की संख्या, सीसीटीवी कवरेज, बायोमेट्रिक सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड करें। यह डेटा ही केंद्र निर्धारण का आधार होता है। बोर्ड 'रैंडमाइजेशन' प्रक्रिया से केंद्र आवंटित करता है ताकि नकल और अनियमितता पर अंकुश लगे। इस नई प्रक्रिया में भी सेंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जो स्कूल डेटा नहीं भरते, वे जानबूझकर प्रक्रिया को लटकाते हैं। इससे केंद्र निर्धारण में देरी होती है और आखिरी समय में 'मैनुअल हस्तक्षेप' का मौका मिलता है। नकल गिरोह पहले से ही दलालों के जरिए स्कूल प्रबंधनों से संपर्क कर रहे हैं। पिछले साल भी ऐसे 45 स्कूलों पर कार्रवाई हुई थी, जिन्होंने डेटा में फर्जीवाड़ा किया था। इस बार बोर्ड ने चेतावनी दी है कि 30 नवंबर के बाद डेटा न भरने वाले स्कूलों को केंद्र बनाने से वंचित कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो सकती है।

> सभी प्रधानाचार्यों विद्यालय को निर्देश दिए हैं कि 20 नवंबर तक शत-प्रतिशत डेटा अपलोड हो। लापरवाह प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई होगी। कई स्कूल प्रबंधक शिकायत कर रहे हैं कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और तकनीकी ज्ञान की कमी कारण है। **-डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।**

उल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस, काटा केक

- बाल मेला और प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रुप में मनाई गई। सभी स्कूल और कॉलेजों में कार्यक्रमों की धूम रही। एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बाल मेला और प्रतियोगिता का शुभारंभ केक काटकर किया। पंडित हृदयराम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा में प्रबंधक गीता पांडेय एवं प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर बच्चों को खिलाया। कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को सर्दी शुरू होने पर मुफ्त में स्वेटर भी बांटा गया। नन्द कॉवेंट स्कूल द्वारा प्रबंधक रजनीकांत के नेतृत्व में बाल दिवस मनाया गया। बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन ससत्यभान सिंह जनवादी ने किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम के नेतृत्व में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी और राष्ट्रीय छात्र संगठन अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने प्राइमरी पाठशाला गद्दोपुर में छात्रों को पाठ्य सामग्री और मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता शीतला पाठक, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, छात्र संगठन अध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता ने संबोधित किया।

मिल्कीपुर प्रतिनिधि के अनुसार हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज बाजार में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल ने बच्चों के अधिकारों, कर्तव्यों, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि नेहरू जी नवभारत के निर्माता ही नहीं, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अत्यंत संवेदनशील विचारक भी थे।

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा में मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक गीता पांडेय, प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर बच्चों को खिलाया। कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को सर्दी शुरू होने पर मुफ्त में स्वेटर भी बांटा गया। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे इसीलिए उन्होंने अपने जन्म दिवस को बच्चों को समर्पित करते हुए बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। संचालन शिक्षक रमेश पाठक ने किया।

अमर पब्लिक स्कूल में मेले का उद्घाटन निदेशक आशुतोष पांडे और प्रधानाचार्या आकांक्षा त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। कुमारगंज प्रतिनिधि के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू जयंती के अवसर पर बाल मेला द फ़नफेयर का आयोजन किया गया। शुभारंभ कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर लैबोरेटरी नर्सरी स्कूल की शुरूआत की गई, जिसका कुलपति ने शुभारंभ किया। अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आस-पास के विद्यालयों के लगभग 350 बच्चों ने हिस्सा लिया।

भवदीय पब्लिक स्कूल में आयोजित मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, विद्यालय के चेयरमैन, प्रबन्धक, संस्थापक, निदेशक, प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में भारतीय के साथ-साथ विदेशी व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। ग्यारहवीं की छात्राओं ने विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज में बच्चों के साथ केक काटते प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी।

कृषि विवि में फीता काटकर बाल मेले का उद्घाटन करते कुलपति डॉ .बृजेंद्र सिंह।

बच्चों के सपनों की उड़ान पर व्याख्यान

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के कला कुंभ क्लब एवं हिंदी भाषा प्रयोजनमूलक विभाग के साहित्य सृजन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के सपनों को नई उड़ान विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि प्रो .सुरेंद्र मिश्र ने कहा की हर बच्चे के भीतर संभावनाओं का एक विशाल भंडार छिपा होता है जरूरत केवल सही दिशा में प्रोत्साहन और एक सक्षम वातावरण की होती है। कला - कुंभ की संयोजक डॉ. प्रतिभा ने कहा कि बचपन जीवन का सबसे सुंदर अध्याय है, इसे हमें खुशियों, सीख और अच्छे संस्कारों से भरना है। साहित्य सृजन क्लब की संयोजक डॉ. सुमन लाल ने बताया कि हम सभी को अपने अंदर के बाल मन को सदैव जीवित रखना चाहिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

सम्भागीय कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0
नवीन फल सब्जी मण्डी स्थल उतरौला रोड, देवीपाटन (गोण्डा)

पत्रांक–नि0–देवी0 (गोण्डा)/(निविदा प0)/2025–615 दिनांक:–14–11–25

ई–प्रोक्यूरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक:– नि0–देवी0 (गोण्डा) / (निविदा प0) / 2025–461 दिनांक:–25.09.2025 एवं पत्रांक:–551 दिनांक:–25.10.2025 के द्वारा जनपद बहराइच के विभिन्न मण्डी क्षेत्रान्तर्गत गड्ढामुक्तिकरण योजनान्तर्गत सम्पर्क मार्गों के मरम्मत / अनुरक्षण कार्य (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित) हेतु मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ ठेकेदारों / फर्मो से अलग–अगल तकनीकी एवं वित्तीय बिड ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक:–12.11.2025 को आमंत्रित की गयी थी, उक्त तिथि को आमंत्रित निविदा में किसी भी फर्म/ठेकेदार द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण पुनः दिनांक:–26.11.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते निविदादाता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर जानकारी प्राप्त कर सकते है। ई–निविदा के माध्यम से आनलाइन निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर दिनांक:–17.11.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक: 25.11.2025 की सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्यो की तकनीकी बिड दिनांक: 26.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मरम्मत /05 वर्षीय अनुरक्षण सहित कार्य की कुल लागत रू0लाख में	निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी
मण्डी समिति, नानापारा के क्षेत्रान्तर्गत						
1	सम्पर्क मार्ग नवाबगंज शंकरपुर मार्ग से अलीनगर खुर्द से ग्राम गौरी शंकर तक मरम्मत कार्य। (ल0–1.70 किमी0) (Tender ID: 2025_RKUMP_1077462_3)	29.32	5192.00	2.94	04 माह	''द''
समिति, मिहींपुरवा के क्षेत्रान्तर्गत						
2	सम्पर्क मार्ग लखैया तक का मरम्मत कार्य। (ल0–3.00 किमी0) Tender ID: 2025_RKUMP_1077471_3)	54.50	9676.00	4.75	04 माह	''स''
3	सम्पर्क मार्ग गूढ़ झाला पिच रोड से भोला कुण्डा तक मरम्मत कार्य। (ल0–1.50 किमी0) (Tender ID: 2025_RKUMP_1077477_3)	25.12	4484.00	2.52	04 माह	''द''
4	सं0मार्ग गंगापुर मण्डी से अमृतपाल कॉटा गूढ़ चौराहा से सुजौली तक मरम्मत कार्य। (ल0–2.50 किमी0) (Tender ID: 2025_RKUMP_1077479_3)	67.71	12036.00	5.40	04 माह	''स''

नोट:–
1. निविदादाता निविदा शुल्क की धनराशि का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) उपनिदेशक (निर्माण) के खाता भारतीय स्टेट बैंक की शाखा (नवीन फल एवं सब्जी मण्डी स्थल) गोण्डा के खाता संख्या 30394521872 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0014612 जो उप निदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0 कराना होगा। निविदा शुल्क की धनराशि नॉन रिफन्डेबल है, एवं धरोहर धनराशि जमानत खाता संख्या 30394522015 आई0एफ0एस0सी0 कोड संख्या SBIN0014612 जो उप निदेशक (निर्माण) के नाम नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0 कराना होगा, जिसका बैंक से सत्यापित निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि का यू0टी0आर0 नम्बर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। 2. निविदा से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण आनलाइन निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। 3. लोक निर्माण विभाग के पत्र संख्या 3689सी–UPRML/मूल/2023 दिनॉक 17.02.2024 के अनुसार सम्पर्क मार्ग के कार्यो में 05 वर्षीय अनुरक्षण हेतु भुगतान प्रक्रिया का पालन किया जायेगा। 4. उपरोक्त सम्पर्क मार्गो के क्रम सं0–2, 4 पर प्रीमिक्सिंग / सीलकोट का कार्य हाट मिक्स पद्धति से तथा कम सं0–1, 3 पर प्रीमिक्सिंग एवं सीलकोट का कार्य मिक्साल से कराया जायेगा। 5–शेष नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगी।

उप निदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)

वार्षिकोत्सव में आएंगे भाकियू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

रामपुर भगन, अयोध्या। सरदार वल्लभभाई पटेल बालिका इंटर कॉलेज (आदर्श इंटर कॉलेज) के वार्षिकोत्सव में 15 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मेनपाल सिंह चौहान बतौर मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय सचिव सुरेश यादव बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। प्रबंध समिति अध्यक्ष व भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव के साथ-साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सरदार वल्लभभाई पटेल, बिरसा मुंडा की जयंती भी मनाई जाएगी।

हालात तीन हजार से अधिक विद्यार्थी हो सकते हैं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा से वंचित

एकल शिक्षक के सहारे 17 विद्यालय, परीक्षा पर संकट

अयोध्या कार्यालय

- बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने से प्रभावित हैं यह स्कूल, 28 नवंबर से होनी है एग्जाम

अमृत विचार : जिले में करीब 17 परिषदीय विद्यालय एकल शिक्षक के सहारे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां पर तैनात अन्य शिक्षकों व शिक्षामित्रों को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) ड्यूटी में लगाया जा रहा है। इससे अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं पर संकट गहरा गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार कई स्कूलों में मात्र एक शिक्षक होने से परीक्षा आयोजन असंभव हो रहा है। इससे तीन हजार से अधिक छात्र परीक्षा से वंचित हो सकते हैं।

कक्षा 1 से 8 तक की 28 नवंबर से शुरू हो रही अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं के लिए विभाग में माथापच्ची चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित इन स्कूलों में शिक्षक की कमी से न केवल परीक्षा, बल्कि दैनिक पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बीएसए स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था तलाशी जा रही है, लेकिन समयाभाव में समाधान मुश्किल लग रहा है। शिक्षक संघों ने चेतावनी दी है कि बीएलओ ड्यूटी से मुक्त न करने पर परीक्षा प्रक्रिया ठप हो सकती है।

> पूरा प्रयास रहेगा कि सभी परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित समय पर परीक्षा हो। कुछ स्कूल प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन अन्य स्कूलों से समन्वय कर परीक्षा कराई जाएगी। **-लालचंद, बीएसए।**

मतदाता सूची के इस बार विशेष पुनरीक्षण अभियान में बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षा मित्र समेत अनुदेशक ड्यूटी पर लगाए गए हैं। इसी बीच शासन ने अर्द्ध वार्षिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी। जिले में 17 ऐसे स्कूल प्रभावित हो रहे हैं जहां शिक्षक और शिक्षा मित्र दोनों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगी हुई है। यहां केवल एक शिक्षक बचे हैं जो परीक्षा कराने से हाथ खड़े कर रहे हैं। ऐसे में इन स्कूलों की परीक्षा कैसे होगी अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई है। अभिभावक चिंतित हैं कि उनके बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया है।

ऐसी हो परीक्षा व्यवस्था, जिस पर सबका हो विश्वास

कुलपति ने शैक्षिक सुधार को लेकर की बैठक | महाविद्यालय नैक मूल्यांकन प्रक्रिया को अवश्य अपनाएं : कुलसचिव

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : परीक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिस पर सबका विश्वास हो। सभी महाविद्यालय परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न कराए। इससे शिक्षा में आवश्यक सुधार आएगा। इससे विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की छवि बढ़ेगी। ये बातें शुक्रवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहीं। वह स्वामी विवेकानंद सभागार में संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षिक सुधार के संबंध में प्राचार्यों एवं प्रबंधकों की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

अवध विवि में परीक्षा प्रणाली को लेकर प्राचार्यों और प्रबंधकों के साथ बैठक करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन हो रहा है। उसमें हम सभी को अपग्रेड करना होगा। विश्वविद्यालय परीक्षा के समय को कम करेगा जिससे छात्रों को पठन-पाठन का समय अधिक मिले। महाविद्यालय को इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करते हुए व्याख्यान कक्ष प्रयोगशाला, पुस्तकालय, पेयजल की सुविधा और उसका अनुरक्षण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा में सीसीटीवी वॉइस रिकॉर्डर युक्त कैमरे प्रयुक्त किए जाएं। साथ ही मानकों के अनुरूप अनुमोदन एवं निर्बाध पठन-पाठन की व्यवस्था महाविद्यालय सुनिश्चित करें।

कुलपति ने एनईपी पाठ्यक्रम के अनुरूप रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि सभी महाविद्यालय सुनिश्चित करें कि कक्षा में छात्र की उपस्थिति 75% अवश्य हो, अन्यथा उसे परीक्षा में शामिल होने से वंचित कर दिया जाएगा। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता अनुसंधान और प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए महाविद्यालय नैक मूल्यांकन प्रक्रिया को अवश्य अपनाएं। कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र ने कहा कि एनईपी की मूल भावना शिक्षा व्यावसायिक एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बने। बैठक में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधकों से संवाद किया गया। समर्थ पोर्टल पर आ रही शिकायतों का समाधान रवि मालवीय ने किया। आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि नैक मूल्यांकन में अच्छे संस्थानों को अवश्य जाना चाहिए। इसे विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सहायता मिलेगी। बैठक का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी पुर्णेन्द्र शुक्ल, साकेत पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दानपति त्रिपाठी, उप कुलसचिव एके गौतम, डॉ. रीमा श्रीवास्तव, डॉ. मनीष सिंह, कंप्यूटर प्रोग्रामर रवि मालवीय, डॉ. राजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के प्रबंधक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

96.21 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचा गणना प्रपत्र

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा 04 नवंबर से मतदेय स्थल से संबंधित सभी मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र को 02 प्रतियों में वितरित और एकत्रित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 18 लाख 70 हजार 776 मतदाताओं के सापेक्ष अब तक 17 लाख 99 हजार 830 मतदाताओं को घर-घर जाकर बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरित किया जा चुका है। विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत 96.21 प्रतिशत मतदाताओं तक गणना प्रपत्र किया गया है। 13 नवंबर तक जनपद में 59 हजार 745 मतदाताओं से गणना प्रपत्र एकत्रित किया जा चुका है तथा उसके डिजिटाइजेशन की कार्रवाई भी बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से की जा रही है। मतदाताओं को गणना प्रपत्र में वर्ष-2003 और वर्ष-2025 की मतदाता सूची का विवरण मतदाताओं को भरना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद के मतदाताओं से अपील किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर अपनी मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन कराने में सहयोग प्रदान करें।

विद्यालय की अपलोड सूचनाओं का होगा भौतिक सत्यापन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समितियां करेंगी जांच
- 17 नवंबर तक पूरी करनी होगी जांच प्रक्रिया

अमृत विचार। बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यालयों द्वारा अपलोड की गई आधारभूत सूचनाओं का सत्यापन अब जिलाधिकारी द्वारा गठित तहसील स्तरीय समितियां करेंगी। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 17 नवंबर तक की समय सीमा निर्धारित की गई है।

समितियों को सत्यापन के बाद अपनी स्पष्ट आख्या के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इससे पहले सभी विद्यालयों ने बीते 11 नवंबर तक परिषद की वेबसाइट पर अपनी आधारभूत सूचनाएं अपलोड कर दी थीं। अकबरपुर तहसील के लिए उप जिलाधिकारी नीरज गौतम को अध्यक्ष बनाया गया है। संतोष कुमार तहसीलदार, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी अजय जायसवाल और राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर के प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप यादव इसके सदस्य नामित किए गए हैं। टांडा तहसील में उप जिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर अध्यक्ष होंगे। निखिलेश कुमार तहसीलदार, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी सुशील कुमार और राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार को सदस्य नामित किया गया है।

प्रतीकात्मक फोटो

जलालपुर में उप जिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। तहसीलदार गरिमा भार्गव, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी जयशंकर चौबे और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जलालपुर की प्रधानाचार्य आशा वर्मा इसके सदस्य हैं। आलापुर तहसील के लिए उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह अध्यक्ष होंगे। पद्मेश श्रीवास्तव तहसीलदार, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी दिलीप वर्मा और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आलापुर की प्रधानाचार्य अनुपमा उपाध्याय को सदस्य बनाया गया है। भीटी तहसील में उप जिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह को अध्यक्ष नामित किया गया है। नायब प्रभारी तहसीलदार राज कपूर, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता चंद्र प्रताप और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीटी की प्रधानाचार्य रंजना इसके सदस्य हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि यह तहसील स्तरीय समितियां विद्यालयों द्वारा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड की गई आधारभूत सूचनाओं और जियोलोकेशन का भौतिक सत्यापन करेंगी।

एआरपी ने विद्यालय का किया निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : एआरपी सदाशिव मौर्या ने बीकापुर के प्राथमिक विद्यालय अहिरौली का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सरकार व विभाग के निर्देशों के अनुपालन में निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों, शिक्षकों व जनपदीय टीम के साथ मिलकर मिशन मोड में कार्य कर निपुण लक्ष्य प्राप्त करना एक मकसद है। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका दीपमाला निगम ,सहायक अध्यापक अनूप द्विवेदी, शिक्षामित्र फूल कुमारी, सुमन देवी व बच्चे उपस्थित रहे।

अवध विवि के पत्रकारिता विभाग में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मिस्टर व मिस फ्रेशर और शिक्षक। अमृत विचार

अभिनव, प्रवेश मिस्टर फ्रेशर और हर्षिता व लक्ष्मी बनीं मिस फ्रेशर

- अवध विवि जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में बैचलर ऑफ वोकेशनल एवं मास्टर ऑफ आर्ट्स एमसीजे प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अभिनव श्रीवास्तव व मिस फ्रेशर बीवोक की हर्षिता चुनी गईं। वहीं एमए के प्रवेश कुमार मिस्टर व लक्ष्मी पाठक मिस फ्रेशर बनी। इन प्रतिभागियों का चयन डांस, गेम, शेरो शायरी और गान के आधार पर किया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने के लिए बल्कि आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। विभाग के डॉ. आरएन पाण्डेय ने कहा कि नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। जीवन में मात्र उपाधि प्राप्त कर लेना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए। प्रतियोगिता के निर्णायक एमए के छात्र मयंक श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश गांधी, पवन पटेल, दयानंद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमए एवं बीवोक की छात्र-छात्राओं में महिमा पाण्डेय, शगुन जायसवाल, अलका, अक्श पाण्डेय, राहुल यादव, निलेश्वर पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।

कैंप में रक्तदान करते रक्तदानी। अमृत विचार

शिविर में 27 ने कराया पंजीकरण, 20 ने दिया खून

जलालपुर, अंबेडकरनगर : रफीगंज बाजार में आयोजित रक्तदान कैंप उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। 27 लोगों ने पंजीकरण कराया जिनमें 20 ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सीओ अनूप सिंह व कोतवाल संतोष सिंह मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कोतवाल ने कहा कि रक्तदान मानवता की श्रेष्ठ सेवा है। रक्तदाताओं में अमित सोनी, हरीश, विवेक, अवधेश, प्रेम, किशन, प्रिंस, सौरभ, मनीष, वीरेंद्र सहित 20 ने रक्तदान किया। शिविर में आशुतोष सिंह, डॉ. राधेश्याम यादव, संतोष सिंह, देवेश पांडे, अविरल, ऋषभ सिंह, रिंकू सिंह आदि रहे। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

क्लीन एयर ग्रीन एयर मैराथन: प्रिंसराज, श्रेया अव्वल

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: जनपद में क्लीन एयर ग्रीन एयर मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना था। पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में इस वर्ष पांच हजार से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। क्लीन एयर ग्रीन एयर मैराथन में बालक वर्ग में प्रिंसराज यादव और बालिका वर्ग में श्रेया राज प्रथम रहीं, जिन्हें 51-51 हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। यह मैराथन प्रदूषण जागरूकता अभियान के तहत तीन नवंबर से जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित की जा रही थी। इसका अंतिम चरण जिला मुख्यालय पर संपन्न हुआ। फाइनल प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्गों से 3-3 खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम विजेता को 51 हजार रुपए, द्वितीय विजेता को सोलर पैनल और तृतीय विजेता को साइकिल प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, दस-दस

विजेताओं संग पूर्व सांसद रितेश पांडेय व अन्य।

खिलाडियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। मैराथन के आयोजक पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय ने बताया कि अक्टूबर से जनवरी के दौरान प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। यह स्थिति हार्ट अटैक, पैरालाइसिस और दमा जैसी कई गंभीर बीमारियों का कारण बनती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रतिभागी खिलाड़ी अपने परिवारों और समाज में भी जागरूकता फैलाएंगे। आयोजकों ने बताया कि अगले वर्ष इस मैराथन का विस्तार पूरे प्रदेश में किया जाएगा।

पूजन संग चीनी मिल में गन्ना पेराई शुरू

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: चीनी मिल अकबरपुर में अखंड रामायण पाठ, कांटा और डोंगा की पूजा-पाठ कर डीएम अनुपम शुक्ला और चीनी मिल इकाई प्रमुख रमेश कुमार वर्मा ने केन केरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना विकास निरीक्षक मिझौड़ा, सचिव गन्ना समिति अकबरपुर, चेयरमैन गन्ना समिति अकबरपुर और चीनी मिल अकबरपुर के महाप्रबंधक वाणिज्य राजन राय, महाप्रबंधक यांत्रिक अरुण कुमार सिंह, महाप्रबंधक गन्ना सुनील कुमार सिंह चौहान तथा चीन मिल के समस्त अधिकारी मौजूद रहे। चीनी मिल के इकाई प्रमुख ने बताया कि मिल अपने क्षेत्र के समस्त गन्ना खरीद और त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान के लिए कटिबद्ध है। गत वर्ष मिल द्वारा 84.17 लाख कुंतल

पूजा-अर्चना कर चीनी मिल का शुभारंभ करते डीएम अनुपम शुक्ला। अमृत विचार

गन्ने की पेराई की गई थी। इस वर्ष 90 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। बताया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 30 रुपये प्रति कुंतल की दर से वृद्धि किए जाने की घोषणा की गई है। जीएम ने कहा 12 नवंबर से वाह्य क्रय केंद्रों और 13 से चीनी मिल गेट पर गन्ना खरीद कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा इस वर्ष चीनी मिल गेट पर गन्ना आपूर्ति के लिए शिफ्ट सिस्टम लागू किया गया है, अतः समस्त किसान अपनी निर्धारित शिफ्ट के अनुसार ही गन्ना लायें तथा गन्ना आपूर्ति में होने वाली असुविधाओं से बचें। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों से अपील किया कि बिना पर्ची प्राप्त हुए गन्ना कदापि न काटे।

बिहार चुनाव में जीत पर जिले में उत्सव की लहर

जलालपुर, अंबेडकरनगर: बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद शुक्रवार को पूरा जनपद उत्सव की लहर में डूब गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढोल-नगाड़ों के साथ शहर का भ्रमण किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। पूरे शहर में योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और नीतीश कुमार जिंदाबाद के जोरदार नारों से गूंज उठा। जश्न के मुख्य आकर्षण में भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि को विकाश निषाद ने मिष्ठान भेंट किया। जबकि पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र ने वरिष्ठ नेता संजय सिंह को मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया। यह दृश्य पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच गहरी एकजुटता और साथियों के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता रहा। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह ने कहा कि यह जीत न केवल जनता का आशीर्वाद है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास और विश्वास के मॉडल पर मतदाताओं की अटूट आस्था का प्रमाण है। हमने विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर चुनाव-प्रचार किया था, जिसका सीधा परिणाम इस ऐतिहासिक जीत में देखने को मिला है। भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने कहा कि यह जीत हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता की असीम आस्था का परिणाम है। बिहार अब विकास की नई दिशा में अग्रसर होगा, जहां गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सरकार की नीतियों की मुख्य धारा में होंगे। हम सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ेंगे।

जीत के बाद एकदूसरे को मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

जश्न में ये भी रहे शामिल

जश्न में किमो जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर, महेंद्र प्रताप चौहान, केशव श्रीवास्तव, मीसम रजा, सुरेश गुप्त, विकाश निषाद, शाश्वत मिश्र, धनंजय त्रिपाठी, अजीत निषाद, प्रवीण गौड़, मानिक चंद सोनी, राधेश्याम शुक्ल, कृष्ण गोपाल गुप्त, गिरीश जायसवाल, बृजेश जायसवाल, आशाराम मौर्य, दिलीप यादव, सोनू गुप्ता और दुर्गेश गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में भाजपा ने अपने मजबूत संगठनात्मक ढांचे और जन-केंद्रित नीतियों के बल पर जनपद में शानदार सफलता हासिल की है। पार्टी के सभी नेताओं ने इस जीत को बिहार के नवनिर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

मारपीट के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर: कोतवाली क्षेत्र के उसरहा बाजार में दुकानदार के साथ मारपीट, गाली-गलौज और सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। पीडित्त की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि उसरहा बाजार निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी अंकुश जायसवाल अपने चाचा रामप्रकाश के साथ पहुंचा। दोनों ने उन्हें गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दिया। पीडित्त के अनुसार आरोपियों ने लात-घूंसे से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं और जान से मारने की धमकी दी।

पेड़ से टकराया टेंपो, एक महिला की मौत, दर्जनों श्रद्धालु घायल

जलालपुर, अंबेडकरनगर: जनपद के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। भियांव दरगाह से दर्शन कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में दर्जनों लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की हादसे में मौत हो गई। बता दें कि जौनपुर जनपद के कलीचाबाद और आसपास के क्षेत्रों से दर्जनों श्रद्धालु भियांव दरगाह दर्शन के बाद टेंपो से मालीपुर पहुंचकर इंटरसिटी ट्रेन पकडने जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक को बचाने के प्रयास में टेंपो चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और टेंपो सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराया। हादसे में बिंदु 50 वर्ष, रंजन 19 वर्ष, सुनीता 40 वर्ष, साक्षी 14 वर्ष, सागर 12 वष्र, जगत 65 वर्ष, सुनीता 49 वर्ष, मीनाक्षी 22 वर्ष, बीना 35 वर्ष, सुशांत 14 वर्ष सहित कई अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चिंता देवी को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए नगपुर अस्पताल भिजवाया, जहां पर उनका उपचार जारी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सडक़ हादसे में एक महिला की मौत हुई है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

मांगों को लेकर प्रदर्शन आज

अंबेडकरनगर, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी लंबित मांगों और समस्याओं का समाधान न होने पर 15 नवंबर से प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। संघ के जिला मंत्री अजित राय ने बताया कि पिछले छह वर्षों से लेखपाल संवर्ग और संगठन की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इस अवधि में सैकड़ों पत्राचार, वार्ताएं और कई कार्यवृत्त होने के बावजूद उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। लेखपाल संघ ने 13 अक्टूबर और 27 अक्टूबर को पत्र भेजकर आंदोलन की स्थिति से अवगत कराया था।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव | जनपद में अब तक कुल 3 लाख 10 हजार 333 किसानों की बनाई गई है फार्मर रजिस्ट्री

फार्मर रजिस्ट्री से वंचित किसानों की उपलब्ध कराएं सूची

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में प्रेस वार्ता किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 4 लाख 22 हजार 721 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्राप्त कर चुके हैं। जिसके सापेक्ष अब तक कुल 2 लाख 79 हजार 557 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है। ऐसे 30 हजार 776 अपात्र किसान जिनके पास भूमि है उनकी भी फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकी है। जनपद में कुल 3 लाख 10 हजार 333 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अब तक बनाई गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि 16 अक्टूबर से ग्राम पंचायतों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 13 नवम्बर तक आयोजित शिवर में 42 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाया जा चुका है। इसी के साथ ही 14 नवंबर से आगामी एक सप्ताह तक जनपद की ऐसी 500 ग्राम पंचायतें जहां फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति धीमी है वहां पर विशेष शिविर लगाकर फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए ग्राम पंचायतों को फार्मर रजिस्ट्री से संतृप्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही किन्ही कारणों से जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है उनका सूची तैयार कर उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री 66 प्रतिशत बनाई गई है जो प्रदेश में 12वें रैंक पर है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वज्योत्सना बंधु, उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह आदि रहे।

अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी अमृत विचार

किसान शिविरों में बनवाएं फार्मर रजिस्ट्री

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त किसानों से अपील किसा है कि फार्मर रजिस्ट्री कार्य जनपद की कृषि नीति तथा किसानों के लाभ जैसे केसीसी, कृषि बीमा, धान क्रय केंद्र, बीज और कृषि यंत्र अनुदान, किसान दुर्घटना बीमा के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय मे जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने के लिए शिविर का अयोजन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि किसान शिविरों में आधार, खतौनी और मोबाइल नम्बर के साथ उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवाएं। जिस किसानों का नाम आधार और खतौनी मे भिन्न है और वरासत होने के बाद नाम अभी भी आदेश में है, वह किसान तहसील से सम्पर्क कर सही करा सकते हैं।

बच्चों को दें अच्छी शिक्षा और संस्कार

जलालपुर, अंबेडकरनगर: उप्रावि चौहान की बस्ती में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को गुब्बारों और झंडियों से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शीतल चौहान, अंजली चौहान, शिवांगी, रजनी ने स्वागत गीत और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनसे वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी शिक्षा और संस्कार देना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों से मेहनत और अनुशासन को जीवन का आधार बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रदीप कुमार मौर्य ने पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, खेलकूद और नैतिक मूल्यों का समन्वय आवश्यक है। राजकरन प्रजापति ने बच्चों को जीवन में सफलता के लिए नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। वहीं अरशद कमाल ने कहा कि हर बच्चा अपनी मेहनत और लगन से समाज में पहचान बना सकता है। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया।

बाल दिवस पर बच्चों ने बिखेरी रंगारंग छटा। अमृत विचार

किशोरी के अपहरण के दोषी को 5 साल कैद

पॉक्सो कोर्ट के जज ने 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया, मुंशीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्ष पूर्व घटी थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः मुंशीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच साल पूर्व किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के आरोपी अजय शाह को पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दोषी करार देते हुए पांच साल व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक विवेक सिंह के मुताबिक दो जुलाई 2020 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था उनकी नाबालिग किशोरी को आरोपी ने बहला-फुसलाकर कर अपहरण कर दुराचार जैसी वारदात को अंजाम दिया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया तथा दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश किए गये छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी को अपहरण का दोषी पाते हुए सजा सुनाई। दौरान सुनवाई आरोपी हाजिर नही रहा जिसके खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को चार साल की सजा

जिले के थाना अमेठी अंतर्गत खेरौना निवासी लवकुश को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश यादव की अदालत ने शुक्रवार को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

थानाध्यक्ष विनोद सिंह की तहरीर पर 30 नवम्बर 2021 को आरोपी लवकुश के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि लवकुश क्षेत्र में सक्रिय गैंग बनाकर चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देता था, जिससे इलाके में भय व असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया था। अपर जिला सरकारी अधिवक्ता (गैंगस्टर एक्ट) सुशील सिंह ने अदालत में प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपी की आपराधिक गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। अभियोजन के सशक्त तर्कों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने लवकुश को दोषी करार देते हुए चार वर्ष की सजा सुनाई।

भैंस चोरी के आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

धनपतगंज क्षेत्र के नौगवांतीर निवासी गया प्रसाद की भैंस चोरी और मारपीट के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज ने भगवान बक्श, उसके पुत्र सुनील और भतीजे संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित के वकील शरद विक्रम चतुर्वेदी के मुताबिक आरोपियों ने 18 सितंबर की रात भैंस चोरी की और विरोध पर पिटाई कर फरार हो गए। पुलिस कार्रवाई न होने पर कोर्ट पहुंचे याची की अर्जी पर कोर्ट ने थाना प्रभारी को तीन दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में सुनवाई 26 को

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय के अवकाश पर रहने से सुनवाई 26 नवम्बर तक टल गई। मामले में पूर्व सीओ प्रशांत सिंह को गवाही के लिए तलब किया गया है। अभियोजन पक्ष से पीड़ित के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

संविदा चिकित्सक हत्याकांडः आरोप संशोधन की अर्जी खारिज

- 19 नवंबर को दर्ज होगा आरोपी का बयान

संवाददाता, सुलतानपुर : संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में शुक्रवार को एडीजे प्रथम संन्ध्या चौधरी की अदालत में बचाव पक्ष द्वारा आरोपों में संशोधन के लिए दाखिल अर्जी को खारिज कर दी। आरोपी अजय नारायण सिंह की ओर से अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अभियोजन गवाह डॉक्टर डी.सी. यादव के बयान का हवाला देते हुए आरोपों में बदलाव की मांग की थी, जिस पर अभियोजन पक्ष से एडीजीसी पवन कुमार दूबे एवं वादिनी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध दर्ज करते हुए इसे मुकदमे में देरी का प्रयास बताया था। कोर्ट ने आरोपी अजय नारायण सिंह का बयान दर्ज करने के लिए 19 नवम्बर की तारीख नियत की है। इस बीच, फरार चल रहा आरोपी ड्राइवर दीपक सिंह कुर्की नोटिस के बावजूद पेश नहीं हुआ, जबकि सह-आरोपी जगदीश नारायण सिंह और विजय नारायण सिंह की विचारण के दौरान मृत्यु हो चुकी है। गौरतलब है कि 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या हुई थी, जिसमें अजय नारायण सिंह सहित अन्य आरोपियों पर हत्या, षड्यंत्र और दहशत फैलाने के गंभीर आरोप तय हैं।

नाले की जमीन पर धोखाधड़ी से बैनामा का आरोप सीजेएम ने केस दर्ज करने का दिया आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर : सीजेएम नवनीत सिंह ने कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के काशीराम कालोनी अमहट निवासिनी वहीदुल्ली निशा की अर्जी पर धरौली निवासिनी अरूणा सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को दिया है ।वहीदुल्ली निशा ने आरोप लगाया था कि अरूणा सिंह एवं उनके देवर रंजीत सिंह ने नाले की जमीन को प्लाटिंग कर निजी भूमि बताकर बैनामा किया और कब्जा दिलाया। बाद में उप जिलाधिकारी सदर ने सरकारी नाले की भूमि बताते हुए बुलडोजर लगाकर अहाता ढहवा दिया। शिकायतों के बावजूद रिपोर्ट दर्ज न होने पर कोर्ट की शरण ली। न्यायालय द्वारा कराई गई प्रारंभिक जांच में पाया गया कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध अरूणा सिंह द्वारा किया जाना प्रतीत होता है। कोर्ट ने केवल अरूणा सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करक विवेचना कराने का आदेश दिया है।

एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के केस में बहस 28 को

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में आरोपी एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत तीन आरोपियों के केस में शुक्रवार को कोर्ट ने बहस के लिए 28 नवम्बर की तारीख नियत की है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक मामला 11 मई 2019 का है, जब चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह ने कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उतुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान के सामने 50 से अधिक लोगों को भोजन कराया, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। इस मामले में उनके समर्थक जय प्रकाश और अजय सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

न्यूज ब्रीफ

पुरानी रंजिश में महिला पर हमला, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खुर्द गांव की शशिकला पत्नी राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को वह विपक्षी के घर के सामने से गुजर रही थीं। इसी दौरान विपक्षी पक्ष ने उन्हें रोक लिया। रोकने का कारण पूछने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर गांव के ही दिलीप और उनकी पत्नी आरती के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मुकदमा दर्ज करने का कोर्ट ने दिया आदेश

सुलतानपुर, अमृत विचार : शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बजेठी गांव की एक पीड़ित महिला की अर्जी पर न्यायालय ने उसके पति रिजवान, ससुर और सास के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित महिला की ओर से उसके अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने अदालत में अर्जी दाखिल किया था। अर्जी में उल्लेख किया गया कि महिला की शादी बीते वर्ष 4 नवंबर को प्रयागराज के थाना शिवकुटी क्षेत्र स्थित मेहदौरी रसूलाबाद में हुई थी। दान-दहेज देने के बाद भी ससुरालीजन स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करते हुए लगातार प्रताड़ित करते रहे।

रिक्त सहायिकाओं के जल्द भरे जाएंगे पद चल रही कवायद

सुलतानपुर, अमृत विचार : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जिले में 2511 आंगनबाड़ी केंद्रों से लाभार्थियों को लाभान्वित कर रहा है। 14 बाल विकास परियोजना में कुल 809 सहायिकाओं के पद रिक्त चल रहे हैं। जिनमें बल्दीराय में 108, कादीपुर में 96, दोस्तपुर में 39, लंभुआ में 61, धनपतगंज में 74, कुड़वार में 53, कूरेभार में 66, अखण्ड नगर में 56, पी पी कमैचा में 43, भदैया में 39, जयसिंहपुर में 53, मोतिगरपुर में 45, दूबेपुर में 63तो जिला मुख्यालय पर 13 पद खाली चल रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रिक्त सहायिकाओ के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।जल्द ही रिक्त चल रहे पदों पर आवेदन लिया जाएगा।

एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान व सचिव पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर

- जांच में सहयोग नहीं कर रहे ग्राम प्रधान और सचिव
- आठ लाख से अधिक के सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला

अमृत विचारः कूरेभार विकास खंड में आठ लाख रुपए से अधिक के सरकारी धन दुरुप्रयोग का मामला सामने आया है।

कूरेभार विकास खंड के चांदपुर सैदोपट्टी गांव निवासी दूधनाथ यादव ने डीएम से ग्राम पंचायत हुए वित्तीय अनियमितता की शिकायत की थी। शिकायत पर जिला पंचायत राज अधिकारी के स्थलीय निरीक्षण व अभिलेखों की जांच पड़ताल के दौरान अधिकांश कार्य नहीं पाए गए, बिना काम कराए ही सरकारी धन निकाल लिए गए थे। जांच के दौरान पता चला कि ग्राम प्रधान अमन बहादुर यादव व सचिव लालचंद कोटार्य द्वारा 8,13,689 रुपए सरकारी धन दुरुपयोग किया है। जांच रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी। जांच के दौरान ग्राम पंचायत सचिव लालचन्द कोटार्य से ग्राम पंचायत की पत्रावलियां मांगी जाती रही लेकिन सचिव ने दिया नहीं। सचिव द्वारा बताया गया है सभी पत्रावलियां ग्राम प्रधान अमर बहादुर यादव के पास है। ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत की पत्रावलियां नहीं दी जा रही है। जिस पर सहायक विकास अधिकारी प्रकाश कुमार मिश्रा ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर ग्राम प्रधान व सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग व जांच में सहयोग न करने की बात कहते हुए जिलाधिकारी से मुकदमा दर्ज कराए जाने की स्वीकृति मांगी गई। जिलाधिकारी से मुकदमा दर्ज कराए जाने की स्वीकृति मिलते ही एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा ने गोसाईगंज थाने पर तहरीर देकर ग्राम प्रधान व सचिव पर मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही थी। गोसाईगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि तहरीर पर ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

कांग्रेसियों ने जयंती पर पंडित नेहरू को किया याद

जिला संवाददाता, सुलतानपुर] अमृत विचार : भारत रत्न एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिले के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आयोजित विचार संगोष्ठी में नेहरू के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा हुई। अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पंडित नेहरू ने भाषाओं, जातियों, धर्मों और रियासतों में बंटे भारत को एक सूत्र में पिरोकर लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। आईआईटी, विश्वविद्यालय, एम्स, राष्ट्रीय राजमार्ग, बड़े बांध, पुल, हवाई अड्डे, स्कूल और कॉलेज जैसे बुनियादी ढांचे की स्थापना कर उन्होंने आधुनिक भारत का मार्ग प्रशस्त किया। पीसीसी सदस्य हौसला भीम ने कहा कि बंटवारे के बाद देश को संभालने और विकास योजनाओं को गति देने में नेहरू की भूमिका ऐतिहासिक रही। उन्होंने गांधी सागर बांध को नेहरू की महत्वपूर्ण देन बताया। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, हरीश त्रिपाठी, प्रमोद मिश्र, सुरेश चंद्र मिश्र, रणजीत सिंह सलूजा, हामिद रहनी, सलाउद्दीन हाशमी, देवेंद्र श्रीवास्तव, विजयपाल, ममनून आलम आदि मौजूद रहे।

हर्ष फायरिंग सहित अन्य केस में गवाह को मिली धमकी

संवाददाता, सुलतानपुर

- पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप गवाह देवी प्रसाद ने लगाई न्याय की गुहार

अमृत विचार : हर्ष फायरिंग सहित अन्य आपराधिक मामलों में गवाह को विपक्षियों ने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित गवाह ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

धम्मौर थाना क्षेत्र के बहरौली गांव निवासी देवी प्रसाद जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। देवी प्रसाद ने बताया कि विपक्षी जय नारायन व मनोज पुत्रगण अच्छे लाल व राम कुमार दत्तक पुत्र प्रभुदेई द्वारा उनके बेटे रोहित को चाकू से मार दिया था। जिसका न्यायालय में वाद चल रहा है जिसमें उसकी गवाही हो चुकी है। बेटे रोहित की गवाही होनी है साथ ही न्यायालय में जिरह होना है। इसके अलावा विपक्षियों पर अमेठी जिले के पीपरपुर थाना में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। कोतवाली देहात थाने में भी विपक्षियों पर मुकदमा दर्ज है साथ ही हर्ष फायरिंग का न्यायालय में वाद चल रहा है। जिनमें वह बतौर गवाह है जिसकी गवाही चल रही है। आरोप है कि विपक्षियों ने गवाही न देने के लिए गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। बीते 18 अक्टूबर को उसने शिकायती पत्र दिया था जिस धम्मौर पुलिस ने बिना जांच किए ही रिपोर्ट लगा दी गई।

स्कूलों में उत्सव का माहौल, लगी प्रदर्शनी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः बल्दीराय तहसील क्षेत्र के परिषदीय व निजी विद्यालयों में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न स्कूलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी और बच्चों के बीच आयोजित विविध गतिविधियों ने पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना दिया।

देहली बाजार स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में बच्चों को विशेष भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य शिवकुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं भवानीगढ़ स्थित एस.एस.बी. कॉन्वेंट पब्लिक जूनियर स्कूल में बच्चों ने आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। जल संरक्षण, अनुपयोगी वस्तुओं से सजावटी सामग्री बनाना, विज्ञान मॉडल आदि स्टॉल बच्चों की रचनात्मकता का बेहतरीन उदाहरण बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर उमेशचंद्र पांडेय, प्रीति सिंह, बालकृष्ण पांडेय, कृष्णाकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में राजकीय हाईस्कूल कनकपुर शिकवा में भी बाल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय की अध्यापिका संगीता गुप्ता, रुचि मौर्य आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

प्रदर्शनी में वाटर साइकिल मॉडल दिखाते बच्चे।

- परिषदीय और निजी विद्यालयों में हर्षोलास के साथ मनाया गया बाल दिवस

बिहार में जनता का जनादेश ऐतिहासिकः जिलाध्यक्ष

- बिहार की बंपर जीत पर भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : रूझानों में बिहार चुनाव में मिल रही प्रचंड व बंपर जीत पर भाजपाइयों ने तिकोनिया पार्क में पटाखे व मिष्ठान के साथ विजय उत्सव मनाया। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के नेतृत्व में शहर के तिकोनिया पार्क में कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी व एक - दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न व विजय उत्सव मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बिहार जीत पर सभी को बधाई देते हुए कहा यह अद्भुत व अविश्वसनीय जीत है। उन्होंने कहा एनडीए के सुनामी में महागठबंधन का जंगलराज, भ्रष्टाचार व परिवारवाद धाराशाई हो गया है ।यह प्रचंड जीत विकास व सुशासन की जीत है। बिहार की जनता का जनादेश ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है। पीएम मोदी व सीएम नीतीश के नेतृत्व में एनडीए ने अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया हैं। बीजेपी ने 90 प्रतिशत से ज्यादा स्ट्राइक रेट के साथ सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया हैं। रुझानों में भाजपा गठबंधन 200 से ज्यादा सीटों पर आगे चल रही है ।यह भी कहा आगामी 2027 के यूपी चुनाव में भाजपा बंपर व अभूतपूर्व जीत प्राप्त करेगी। यहां एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल, मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, डॉ डीएस मिश्रा, बबिता तिवारी, चन्दन नारायन सिंह, पूजा कसौधन, नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल समेत अन्य रहे।

पखरौली-सरायअचल मार्ग पर बढ़ा खतरा

भदैंया, सुलतानपुर

अमृत विचारः पखरौली-सरायअचल मार्ग पर पिछले छह महीनों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से स्थानीय लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं। सड़क पर बिछाई गई बड़ी गिट्टियों के कारण आए दिन लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा यह मार्ग पखरौली हाईवे को सराय अचल गांव से जोड़ता है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गिट्टियां डालकर काम रोक देने से स्थिति बदतर बनी हुई है। खेतों तक पहुंचने में किसानों को दिक्कतें हो रही हैं, वहीं स्कूली वाहन घरों तक न पहुंच पाने के कारण बच्चों को रोजाना लगभग एक किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क पर खड़े वाहनों तक जाना पड़ रहा है। सुबह-शाम बच्चों को लाने-ले जाने में अभिभावक भी काफी परेशान हैं। स्थानीय ग्रामीण विभव तिवारी, हरीश तिवारी, दिवाकर तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, देवी प्रसाद तिवारी, रामशंकर यादव और सत्यम सिंह ने अधिकारियों से शिकायत करते हुए मार्ग निर्माण जल्द पूरा करने की मांग की है।

अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि त्योहारों के चलते मजदूर गांव लौट गए थे, जिससे काम की गति धीमी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करा दिया जाएगा।

पखरौली-सराय अचल मार्ग पर गिट्टियों से बढ़ा खतरा।

- छह माह से अधूरे मार्ग पर पड़ी गिट्टियों से आए दिन लोग फिसलकर हो रहे चोटिल

टायर फटने से पलटी पिकअप, एक की मौत व दो घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार : कूरेभार थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गुरुवार की देर रात आजमगढ़ जा रही पिकअप टायर फटने से पलट गई। सामान से भरी पिक अप जैसे ही 123 माइल स्टोन पर पहुंची तभी पिकअप का टायर फट गया। टायर फटने से पिक अप पलट गई। जिससे चालक मोहम्मद कलीम 50 वर्ष को मामूली चोट तो गुफरान 26 वर्ष व रियाज 25 वर्ष नूर आलम 30 वर्ष को गंभीर चोट आई। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी कूरेभार भेजा गया जहां चिकित्सको ने नूर आलम निवासी कस्बा जैतपुर थाना जैतपुर जिला बाराबंकी को मृत घोषित कर दिया। कूरेभार थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया गया है।

कार्यक्रम जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 2025 का हुआ आयोजन

विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अनंत ने मारी बाजी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में जिला विज्ञान क्लब सुलतानपुर द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 2025 में अनंत वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मार ली। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी रहे।

प्रतियोगिता में 37 विद्यालयों के 100 विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हेतु क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये के पुरस्कार तथा दो प्रतिभागियों को 1000-1000 रुपये के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में केएनआईटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वरुण सोनकर और डॉ. संजय कुमार शामिल रहे। प्रथम स्थान एस.के. प्रेसिडेंसी पब्लिक स्कूल के अनंत वर्मा, द्वितीय स्थान केएनआईसी करौंदिया के अभिषेक द्विवेदी और तृतीय स्थान केएनआईसी लाल डिग्गी के शिवांग चतुर्वेदी को मिला। आयुष यादव जीआईसी सुलतानपुर और प्रतीक श्रीवास्तव हनुमत इंटर कॉलेज को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक शैलेंद्र चतुर्वेदी ने किया, जबकि पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा चयनित 15 मॉडलों को मंडल स्तरीय प्रदर्शनी, अयोध्या के लिए नामित किया गया।

स्थान पाए विजेताओं को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

स्थापना दिवस पर लेखपाल संघ ने किया फल वितरण

- सादगी के साथ मनाया गया 64वां स्थापना दिवस

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः उत्तर प्रदेश लेखपाल बल्दीराय द्वारा शुक्रवार को संगठन का 64वां स्थापना दिवस सादगी एवं सम्मान के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्रद्धेय मुरारी लाल शर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष संतराम यादव, मंत्री कमलेश यादव, प्रदीप वर्मा, मोहम्मद सैफ, राजेंद्र लेखपाल सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के मौके पर लेखपाल संघ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में भर्ती जरूरतमंद मरीजों को फल वितरित किए। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार बल्दीराय गुलाब सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजय प्रताप सिंह, चीफ फार्मासिस्ट करुणेश कुमार दुबे, हेल्थ सुपरवाइजर डॉ. हरीश सिंह, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. गरिमा सिंह सहित लेखपाल प्रदीप वर्मा, अनुज कुमार, शशिप्रभा तिवारी, शालू सिंह एवं अन्य लेखपाल मौजूद रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

यह सूचित किया जाता है कि **सरोजा देवी पत्नी राकेश कुमार, निवासी पठखौली, परगना नवाबगंज, तहसील तरबगंज, जनपद गोंडा** का बैंक खाता इंडियन बैंक, बैलजलपुर शाखा में संचालित है, जिसका खाता संख्या 50062105341 है। बैंक रिकार्ड में प्रार्थिनी का नाम सरोज पाठक पत्नी राकेश पाठक दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में उनका नाम सरोजा देवी पत्नी राकेश कुमार अंकित है।सरोज पाठक तथा सरोजा देवी पत्नी राकेश कुमार एक ही महिला के नाम हैं।

सूचना

मैं **रामदेवी पत्नी राम कुमार साहू निवासी ग्राम व पो0 अजगैन तह0 व जिला उन्नाव।** मेरा नाम आधार कार्ड जिसका आधार नम्बर – 3034 2101 8755 है जिसमें मेरा नाम रामदेवी – संपादित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश राम देवी साहू लिख गया है । अतः मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम रामदेवी पत्नी राम कुमार साहू अंकित किया जाय।

सूचना

मेरा पासपोर्ट नंबर P5942498 में नाम शमशाद आलम है। जबकि आधार कार्ड संख्या 3921 47573835 में मेरा नाम शमशाद आलम खान है। पासपोर्ट में भी मेरा नाम शमशाद आलम खान किया जाए। **शमशाद आलम खान पुत्र मोहम्मद मुस्लिम,ग्राम परसा पलईडीह जनपद बलरामपुर पिन कोड 271210 (उत्तर प्रदेश)**

सूचना

मैंने अपने पुत्र अभिषेक सिंह व पुत्रवधू दीक्षा सिंह को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। – **यदुवीर सिंह नि– म. नं. 538 के/877, शिवलोक, त्रिवेणीनगर–III, लखनऊ**

सूचना

सूचित हों कि मेरा सही नाम शुभांगी नाथ निरंजन है। मेरा पुकारने का नाम निष्ठा निरंजन था। मेरे समस्त शैक्षणित अभिलेखों में मेरा नाम शुभांगी नाथ निरंजन दर्ज है। निष्ठा निरंजन एवं शुभांगी नाथ निरंजन एक ही व्यक्ति है तथा दोनो नाम को एक ही व्यक्ति का पढ़ा एवं समझा जाए।

सूचना

मै **उत्तम बहादुर पुत्र इन्द्र बहादुर निवासी–तेगुबेहड, तहसील भुतर खोखन 35 / 87, कुल्लू हिमाचल प्रदेश** 175125 मेरी पुत्री का नाम अनुपमा (Anupama) है। पुत्री के कुछ दस्तावेज में नाम अनुपमा (Anupma) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि पुत्री का सही नाम अनुपमा (Anupama) है । पुत्री का जहाँ जहाँ नाम अनुपमा (Anupma) अंकित है वहाँ वहाँ सही नाम अनुपमा (Anupama) लिखा व पढ़ा जाये ।

सूचना

मैं **विपुल कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 रवीन्द्र नाथ दीक्षित निवासी मकान नं0 351 लखपेड़ाबाग कालोनी भवानी नीम के पास थाना कोतवाली तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी,** मेरे पुत्र कुशाग्र दीक्षित जो कि यह नाम पूर्व में था। उसका सही नाम विराज दीक्षित पुत्र विपुल कुमार दीक्षित, माता का नाम पूनम दीक्षित है तथा जन्मतिथि 20–05–2013 है। आज से मेरे पुत्र का सही नाम विराज दीक्षित है। उसे विराज दीक्षित के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती जेहबुन निशां पत्नी स्व0 शखावत अली निवासिनी–151/97, रथखाना, मौलवीगंज, अमीनाबाद, लखनऊ–226018 की हूँ। मैने अपने पुत्र सिराज अली व उसकी पत्नी नगमा बानो पत्नी सिराज अली जो कि वर्तमान में अलग किराये पर रह रहे हैं, को उनके दुर्व्यवहार , शारीरिक , मानिसक रूप से प्रताड़ित करने व मुझको आये दिन मेरे घर में आकर गाली गलौज करने के कारण मैं उनसे अत्यधिक परेशान होने के कारण मैने अपने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन–देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें जिसमें मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नही होगा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम आरजू सिंह पुत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या–425443753372 में उसका नाम महेक सिंह अंकित हो गया है जोकि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम आरजू सिंह पुत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। एत्दद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई है। **धीरेन्द्र प्रताप सिंह ग्राम – सपनहर (रूद्रपुर) पोस्ट – देवईत, थाना व तहसील – मेहनगर जिला – आजमगढ़, पिनकोड – 276204**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम आनंद शुक्ला से बदलकर धनंजय शुक्ला रख लिया है तथा मेरे आधार कार्ड नं0–258569028441 में भी मेरा नाम धनंजय शुक्ला दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे धनंजय शुक्ला के नाम से जाना वह पहचाना जाए और मेरी माता जी के बैंक खाते में नामिनी में दर्ज मेरे नाम आनंद शुक्ला को बदलकर मेरा नया नाम धनंजय शुक्ला अंकित किया जाय। **धनंजय शुक्ला पुत्र स्वर्गीय उमा शंकर निवासी –71/171 सूत्र खाना कानपुर नगर कानपुर उत्तर प्रदेश –208001**

सूचना

मैं मनोज सिंह चौहान स्वर्गीय सिरदार सिंह निवासी ग्राम नांदखेड़ा थाना पाली जिला हरदोई। सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र रामू सिंह चौहान उर्फ रामू पुत्र मनोज सिंह चौहान का चाल चलन ठीक नहीं है। उसका कुछ आवारा व्यक्तियों के साथ उठना बैठना है। मैं अपने पुत्र के कृत्यों से असंतुष्ट होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अंचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज से उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य का स्वयं रामू उर्फ रामू सिंह चौहान जिम्मेदार होगा। मेरा उसके किसी कृत्यों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

रुपईडीह : राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सत्य साँई इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में परामर्शदाता विद्या भूषण की देखरेख में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सक डॉ अभिषेक आनंद द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को हाईजीन तथा बच्चों में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। डॉक्टर ज्योति व चीफ फार्मासिस्ट वारिस अली भी उपस्थित रहे।

किसानों से 66 लाख की ऋण वसूली

रुपईडीह। बकाया वसूली अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में उ प्र ग्रामीण बैंक की शाखा आर्य नगर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना व व्यक्तिगत ऋण को मिलाकर नौ बकायादारो से 66 लाख रुपए का ऋण वसूल किया। शाखा प्रबंधक अंबुज मणि त्रिपाठी ने बताया कि सभी बकाया दारों से बकाया जमा किए जाने के लिए सहायक प्रबंधक राजीव कुमार द्वारा नियमित रूप से भ्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनका यह पूरा प्रयास है कि किसी भी बकायदार का खाता एनपीए न होने पाए।

हृदयाघात से रसोइए की मौत

रुपईडीह। ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोचवा में तैनात रसोईया जयंती देवी 58 की हार्ट अटैक हो जाने से असामयिक मौत हो गई। उनके निधन पर ब्लॉक के बीईओ रियाज अहमद, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय व संघ के जिला मंत्री अजीत कुमार तिवारी, प्रधानाध्यापक उमानाथ यादव, बालमुकुंद पांडेय, हीरालाल, देवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश सोनी आदि लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की है।

बाइक से गिरकर पति पत्नी घायल

इटियाथोक, गोंडा : ससुराल से वापस आ रहे पति-पत्नी बाइक से बलरामपुर की तरफ जा रहे थे सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के पास पहुंचे थे। तब तक स्कूल की छुट्टी हुई थी। एक बच्चे को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। जिस पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां पर इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर है। रमेश कुमार वर्मा पुत्र राम कुमार निवासी महाराजगंज फरेंदा जिला बलरामपुर अपने ससुराल धानेपुर बड़का गांव विशंभर पुर गए थे। वहां से लौट रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी गीता देवी भी थी।

लड़कियों ने घर में घुस कर छीन लिए जेवर

इटियाथोक, गोंडा : ग्राम मरदनपुरवा की काजल सिंह ने बताया कि वह 24 अक्टूबर को अपने बेटे व पति के साथ घर में सो रही थी। अचानक बाहर आने पर दरवाजा खोला तो घर के सामने खड़ी दो लड़कियां घर में घुस आईं। दोनों ने मोबाइल छीन लिया और धमकाने लगीं। इसके बाद हम लोग डर गए। दोनों लड़कियों ने अलमारी तोड़कर गले का हार झाला, माथ बेंदी, कील पायल व सोने की दो अंगूठी छीन लिया। घटना की सूचना 112 नंबर पर देने पर भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। बाद में 112 की पूछताछ में दोनों लड़कियों ने अपना नाम अलका सिंह निवासी वजीरगंज व प्रीति पांडे निवासी धानेपुर बताया। काजल सिंह ने थाने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है।

दुबहा बाजार में शुरू हुआ परिवार परामर्श केंद्र

कटरा बाजार। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुबहा बाजार में परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन सीएचसी अधीक्षक डॉ इंदु राणा ने किया गया। अधीक्षक डॉ. ने बताया कि नए केंद्र के शुरू होने से स्थानीय लोगों को परिवार नियोजन से जुड़ी सभी प्रमुख सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। परामर्श केंद्र पर परिवार नियोजन परामर्श के साथ-साथ अस्थायी साधन छाया, अंतरा इंजेक्शन, माला-एन, कॉपर-टी, निरोध तथा इजी पिल की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक लाभ होगा। इस अवसर पर मोहम्मद शरीफ(जीपीओ), धनिकराज,शीलू श्रीवास्तव,पूनम सिंह,राम सजन, अंकित सिंह सहित आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

खेल प्रतियोगिता आज

रुपईडीह। कस्बा आर्य नगर के आर्यावर्त महाविद्यालय में शनिवार को साँसद खेल महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के मुख्य नियंता आकाश सिंह व भाजपा मंडल रुपईडीह के महामंत्री रवि चतुर्वेदी ने बताया कि इस महोत्सव का उद्घाटन साँसद करण भूषण सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल कराए जाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

माच्यूरी में रखे शव की दोनों आंखें गायब

परिजनों ने किया हंगामा, मेडिकल कालेज कर्मियों पर आंख निकालने का आरोप

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : जिले के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बाबू ईश्वर शरण मेडिकल कॉलेज में रखे गए एक मृतक की दोनों आंख रहस्यमय तरीके से गायब हो गयी। सुबह परिजन पहुंचे तो आंख गायब देखकर वह अवाक रह गए। नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और स्ट्रेचर पर शव रखकर अस्पताल के गेट पर प्रदर्शन किया और सीएमओ को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। परिजनों का अस्पताल कर्मियों पर शव से आंख निकालने का आरोप लगाया है।

परसपुर थाना क्षेत्र रायपुर चरसड़ी निवासी कौशलेंद्र कुमार उर्फ पिंकू (33) मजदूरी करके पत्नी और दो बच्चों का पेट पालता है। गुरुवार सुबह वह कर्नलगंज थाना क्षेत्र के रायपुर इलाके में एक मकान के निर्माण के लिए गया था। ढलाई करने के दौरान सीढ़ियां अचानक भरभराकर गिर गईं। करीब 11 फिट की ऊंचाई से गिरने के कारण कौशलेंद्र का सिर फट गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। बड़े भाई कृष्ण कुमार ने बताया गुरुवार शाम करीब 4 बजे वह मेडिकल कॉलेज पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित करते हुए शव को मॉर्च्यूरी भेज दिया। मॉर्च्यूरी में रखने से पहले हमने मोबाइल से वीडियो बनाया और फिर घर चले गए। कृष्ण कुमार ने बताया शुक्रवार सुबह 10 बजे अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने कहा, कोतवाली जाकर लिखा-पढ़ी कर लो। उसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम होगा। कोतवाली से लिखा-पढ़ी करके लौटे तो मॉर्च्यूरी बंद थी। माच्यूरी इंचार्ज चाबी लेकर आया। भीतर जाते ही देखा कि भाई के शव पर चेहरे को गमछे से बांधा गया था। जिसमें काफी खून लगा था। गमछा हटाया तो दोनों आंखें गायब थीं। आखों के आसपास की चमड़ी भी उधड़ी हुई थी। माच्यूरी इंचार्ज से पूछा तो उसने कोई जानकारी होने से इंकार कर दिया। कृष्ण कुमार ने बताया जब हमने अस्पताल प्रबंधन से मामले की शिकायत की तो कर्मचारियों ने कहा कि शव को चूहे ने खा लिया है। कृष्ण कुमार का आरोप है कि देखने में साफ लग रहा था कि कैंची से आंखें निकाली गई हैं। अस्पताल प्रशासन मामले को रफा-दफा करने में लगा है। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के ही स्ट्रेचर पर शव यात्रा निकाली। प्रशासनिक भवन के सामने शव रखकर नारेबाजी की। सीएमओ को लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि परिजन शव को रख करके प्रदर्शन कर रहे थे। जिन्हें समझाया गया है इस पूरे मामले की जांच कराई जा रही है जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विरोध पर अस्पताल पहुंच जांच करते एडीएम व पुलिस कर्मी। अमृत विचार

तीन साल पहले मुजेहना सीएचसी में भी हुई थी घटना

कुछ इसी तरह की घटना तीन साल पहले मुजेहना सीएचसी में भी हुई थी जब एक नवजात को चूहे ने कुतर डाला था। इस घटना में नवजात की मौत हो गयी थी। यहां भी परिजनों ने जमकर हंगामा किया था और लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने मामले में लीपापोती कर उसे रफा दफा कर दिया था। इस घटना के बाद अब एक बार फिर से उसकी याद ताजा हो गयी है।

> मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के नेतृत्व में सीएमएस मेडिकल कॉलेज और एक फोरेंसिक एक्सपर्ट को सदस्य बनाया गया है। तीनों लोगों द्वारा जांच करके पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट दी जाएगी।
>
> **-आलोक कुमार**, एडीएम

बिहार में कमल खिला कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

भाजपा कार्यालय में जश्न मनाकर खुशी का इजहार करते कार्यकर्ता।

गोंडा, अमृत विचार : बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की खबर मिलते ही जिले में कार्यकर्ताओं ने पटाखों और मिठाइयों के साथ खुशी जताई। करनैलगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता डीजे की धुन पर नाचते नजर आए। यात्रा में शामिल भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधायक अजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नरायन तिवारी, अकबाल बहादुर तिवारी, अनुपम मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, राजेश रायचंदानी, राकेश तिवारी, संदीप पांडेय, विद्या भूषण द्विवेदी, शशांक मिश्रा, सूरज सिंह समेत जुलूस में शामिल भाजपा नेताओं ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और केंद्र सरकार की विकास परक नीतियों की सफलता का प्रतीक है। पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नरायन तिवारी ने कहा कि बिहार में भाजपा की जीत का असर पूरे प्रदेश में दिखा है। कई समर्थकों ने कहा कि यह परिणाम आने वाले चुनावों के लिए पार्टी के लिए सकारात्मक संकेत है और संगठन को नई ऊर्जा देगा।

बीच-बचाव कराने पहुंचे दिव्यांग युवक की पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार : भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें बीच-बचाव करने पहुंचा एक दिव्यांग युवक शुक्रवार सुबह मौत का शिकार बन गया। मारपीट कर रहे लोग उस युवक पर टूट पड़े और मरणासन्न कर दिया। उसे अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

अब्दुल मजीद (फाइल फोटो)

मृतक के बिलखते परिजन। अमृत विचार

- **सलारपुरवा सगरा गांव की घटना, खेत में जाल लगाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष**

घटना करनैलगंज के ग्राम पंचायत पतिसा के मजरा सलारपुरवा सगरा की है। यहां हबीबुल रहमान पुत्र इमाम और कासिम पुत्र सिकंदर के बीच खेत में जाल (नेट) लगाकर कब्जा करने को लेकर सुबह विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। दो पक्षों के बीच हो रहे मारपीट को रोकने व बीचबचाव करने दौड़े हबीबुल के भतीजे अब्दुल मजीद (25) पुत्र अनीश पर विपक्षी कासिम और उसके घर की महिलाएं पत्नी फूलजहां, बहन शबनम, सन्नो आदि ने हमला कर दिया। इसमें दाहिने पैर से विकलांग अब्दुल मजीद को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही मरणासन्न हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल सीएचसी करनैलगंज पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक डॉ. मोहम्मद मुदस्सिर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर अपराध निरीक्षक अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक की मां रफीका का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

महिला ने पुलिस कर्मियों पर लगाए मारपीट का आरोप

नवाबगंज। कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत खड़ौंवा गांव निवासी मंजू देवी पत्नी अनिल कुमार ने दो पुलिसकर्मियों पर मारपीट का गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। मंजू देवी ने बताया कि उनके आवासीय भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को लेखपाल आलोक श्रीवास्तव, स्थानीय लेखपाल तथा पुलिस बल विवादित भूमि की पैमाइश करने और वहां नाली बनवाने पहुंचे। महिला का कहना है कि उसने कई बार यह कहकर आपत्ति जताई कि मामला अदालत में लंबित है, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। आरोप है कि विरोध करने पर कोल्हमपुर चौकी पर तैनात आरक्षी अरुण शंकर सिंह और लक्ष्मीकांत कनौजिया ने उनसे मारपीट की और उनके बेटे मंजीत को पीटते हुए थाने ले गए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पैमाइश के दौरान मंजू देवी और उनके बेटे ने सरकारी कार्य में बाधा डाली थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने मारपीट के आरोपों को बेबुनियाद बताया।

रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, गरजा बुलडोजर

संवाददाता, बभनान, गोंडा

अमृत विचार : बभनान में रेलवे, आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध झोपड़ी, मकान और दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। बभनान रेलवे स्टेशन के पीछे रेलवे की भूमि में अवैध रूप से बने कच्चे, पक्के निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर हटवा दिया। इस बीच अतिक्रमण कारियों में अफरातफरी का माहौल देखने को मिला। कई दुकानदार अवैध रूप से रेलवे की भूमि में बने अपने दुकान को टूटता व अपनी रोजी-रोटी छिनता देख रोते बिलखते भी नजर आए।

शुक्रवार को आईओडब्ल्यू बस्ती एस बी सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर राशिद बैग, आरपीएफ चौकी प्रभारी बभनान विश्वामित्र यादव, थानाध्यक्ष छपिया बिंदेश्वर मणि त्रिपाठी, चौकी इंचार्ज बभनान घनश्याम वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस व आरपीएफ के जवान रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए चीनी मिल के सामने बुलडोजर लेकर पहुंच गए। बुलडोजर देख अतिक्रमणकारियों के हाथ पांव फूल गए। हालांकि रेलवे प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए पहले ही अतिक्रमणकारियों को सूचित कर दिया था। बावजूद बेखौफ अतिक्रमणकारी रेलवे की भूमि में बने पक्के व कच्चे अवैध निर्माण को नहीं हटा रहे थे। स्टेशन के पास रेलवे की जमीन पर कब्जा कर बनाए गए मकानों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। रेलवे ने घरों में नोटिस चसपा कर कब्जा हटाने की हिदायत दी थी। इसके बाद भी कब्जा नहीं हटाया गया। शुक्रवार को जब प्रशासन का बुलडोजर अतिक्रमण हटाने पहुंचा तब लोग जल्दी-जल्दी अपने दुकानों से सामान निकालने लगे। अतिक्रमण हटाने के चलते बभनान मनकापुर मार्ग पर लोगों को जाम से भी रूबरू होना पड़ा।हालांकि अतिक्रमण हटाते समय सड़क को पूरी तरह से बंद नहीं किया गया था लेकिन खतरा का अंदेशा होने पर थोड़े-थोड़े देर के लिए वाहनों को रोक दिया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान भारी संख्या में तमासबीन के रूप में स्थानीय लोग भी पूरे दिन डटे रहे। खबर लिखे जाने तक अतिक्रमण हटाने का कार्य चालू था।

रेलवे की जमीन पर बने मकान को हटाता जेसीबी। अमृत विचार

पीएम मोदी ने पूरा किया सरदार पटेल का सपना

तिरंगा यात्रा में शामिल अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, विधायक अजय सिंह व डीएम प्रियंका निरंजन।

करनैलगंज, अमृत विचार : सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुआ भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपने कुशल प्रबंधन से देश की तमाम रियासतों का विलय भारत में कराया लेकिन जम्मू कश्मीर की जिम्मेदारी पंडित नेहरू ने ली थी जिसे वह पूरा नहीं कर सके। पंडित नेहरू ने जम्मू कश्मीर को लेकर जो गलती की थी उसे प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक कर सरदार पटेल के सपने को पूरा करने का काम किया है। करनैलगंजबाजार से भाजपा विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में तिरंगा पद यात्रा निकाली गयी। पद यात्रा में डीएम प्रियंका निरंजन, एसडीएन नेहा मिश्रा, यात्रा संयोजक मनीष सिंह, अनुपम मिश्रा, आशीष त्रिपाठी, राजेश रायचंदानी, राकेश तिवारी, संदीप पांडेय, विद्या भूषण द्विवेदी आदि शामिल हुए।

सरयू डिग्री कॉलेज में निकली एकता रैली

करनैलगंज : भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को सरयू डिग्री कॉलेज में संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय एकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह ने जबकि संचालन जगन्नाथ तिवारी ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सिंह ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, उनके निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्रीय एकीकरण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। करियर पावर कोचिंग गोंडा के अमित पांडेय व उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। संगोष्ठी के उपरांत राष्ट्रीय एकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में डॉ. त्रिपुरारी दूबे, डॉ. शैलेंद्र बहादुर सिंह, पवन मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, डॉ. संजय सिंह, मार्शल स्टालिन, विजय कुमार यादव, डॉ. अन्तिमा सिंह, डॉ. अजय सिंह, राहुल श्रीवास्तव, शिव कुमार मौर्य समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विदेश राज्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांगा 24 माह का बकाया

संवाददाता, मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार: राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खण्ड मनकापुर में बाल विकास परियोजना से जुड़े ड्राई राशन नोडल समूहों ने लंबे समय से बकाया मजदूरी व किराया भुगतान न होने पर समूहों की महिलाओं ने क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री राजा भैया को पत्र देकर बकाया भुगतान दिलाये जाने की मांग की है।

समूहों द्वारा दिए गए प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों तक ड्राई राशन का उठान व वितरण स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से नियमित रूप से कराया जा रहा है। इसके एवज में निर्धारित मजदूरी एवं परिवहन किराया समूहों को दिया जाता है, लेकिन पिछले 24 महीनों से अधिक समय से भुगतान नहीं हुआ है। समूहों का कहना है कि भुगतान न मिलने से दीदियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हर माह राशन उठान के दौरान किराया, मजदूरी और अन्य व्यवस्थाएं जुटाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई समूहों ने बताया कि लगातार बिना भुगतान के काम करना अब संभव नहीं रह गया है।सांसद से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर लंबित मजदूरी और किराया शीघ्र दिलाया जाए। इस पर मंत्री ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर समूह की सदस्य हेमादेवी, रेनू पाठक, सुनीता देवी, पिंकी, शारदा, रिंकल कौशल, रीता वर्मा, रानी देवी, मधु, मालती, सरिता पाण्डेय सहित तमाम सखियां मौजूद रहीं।

विदेश राज्यमंत्री को ज्ञापन देकर अपनी मांग रखतीं समूह की महिलाएं। अमृत विचार

प्रधान पुत्र पर मारपीट का आरोप

नवाबगंज। कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत नरायनपुर गांव के महादीन पुरवा निवासी जग प्रसाद जायसवाल पुत्र भगवानदीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके घर के बगल की जमीन पर उनके पिता-दादा के समय से कब्जा है। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वे अपनी पैतृक जमीन पर रखे पुवाल आदि को हटाने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव की प्रधान सुनीता देवी के पुत्र आकाश सिंह अपने सहयोगी कपूर दूबे पुत्र बाबूराम के साथ पहुंचे और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए जमीन खाली करने की धमकी दी। मना करने पर आकाश सिंह ने उनके साथ मारपीट की तथा पुवाल में आग भी लगा दी। जग प्रसाद के अनुसार प्रधान पुत्र ने धमकी देते हुए कहा कि अगर जमीन खाली नहीं की तो तुम्हें भी इसी पुवाल की तरह जला दूंगा। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने शिकायत को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा एक वृद्ध महिला की जमीन कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है।

आयोजन | **स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रस्तुतियां दीं**

धूमधाम से मनाई गयी चाचा नेहरू की जयंती, स्कूलों में छाया उल्लास

गोंडा, अमृत विचार: शुक्रवार को जिलेभर में पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। सुबह से ही स्कूलों में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की चहल-पहल देखने लायक थी। कई विद्यालयों ने नेहरू जी के जीवन पर आधारित झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों ने चाचा नेहरू के व्यक्तित्व, उनकी दूरदर्शिता और बाल अधिकारों पर उनके विचारों पर विस्तार से प्रस्तुतियां दीं।

परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में बच्चों ने केक काटकर पंडित नेहरू का जन्मदिन मनाया। समारोह पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि बाल दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है यह दिन बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करता है। विद्यालय के विज्ञान शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि बाल दिवस का महत्व बच्चों के अधिकारों और शिक्षा को बढ़ावा देने में है। शिक्षक अखिलेश कुमार व महेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बच्चों को समझाते हुए कहा कि बच्चों को एक बेहतर भविष्य प्रदान करना हमारा कर्तव्य है।

प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में बाल दिवस के अवसर पर केक काटकर बच्चों को शुभकामनाएं दी गयी प्रधानाध्यापक मनोज मिश्र सहायक शिक्षक सौरभ मिश्र, रिंकु गिरि, मुनीशा वर्मा ने छात्र छात्राओं संग खुशियां बांटी। कई विद्यालयों में पेंटिंग, निबंध, स्लोगन राइटिंग व क्विज़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलवा नोहर में भाषण देती छात्रा। अमृत विचार

फुलवारी स्कूल में हुआ 'फूड एंड गेम्स फेस्टिवल' का आयोजन

शिक्षिका को सम्मान करते स्कूल संचालक क्रांति सिंह। अमृत विचार

गोंडा : फुलवारी पब्लिक स्कूल में भी बाल दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए विद्यालय के अध्यापकों ने विभिन्न फूड स्टॉल और गेम्स के स्टॉल लगाए गए जिसमें खेल स्टॉल पैसा डुबाओ इनाम पाओ, अपनी किस्मत आजमाएं और इनाम जीतें, निशाना लगाएं, गिलास तोड़ें, जैसी प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में पिज़्ज़ा और फ्रेंच फ्राइज़, इडली और नारियल चटनी, समोसा मटर, चटपटे चाट, गुलाब जामुन, भेलपुरी, दही जलेबी, गोल गप्पे के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिकी माउस झूला और विद्यालय के संगीत शिक्षक शुभम श्रीवास्तव और दिनेश सोनी जी का लाइव संगीत कंसर्ट रहा बच्चों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ प्रदेश अध्यक्ष पूजा मिश्रा, रेखा द्विवेदी, सरिता तिवारी, सुगंध चौबे, ममता गोस्वामी, विद्यालय के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह व मालती सिंह, डायरेक्टर क्रांति कुमार सिंह, प्रबंधिका नीता सिंह, सुरेश सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 15 नवंबर 2025

गोंडा-बलरामपुर

मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकथाम पर डीएम सख्त

बॉर्डर क्षेत्र के 82 ग्रामों के प्रधानों संग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, जनहानि पर रेंजर व बीडीओ पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मानव–वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर गंभीरता दिखाते हुए बॉर्डर क्षेत्र के 82 ग्रामों के ग्राम प्रधानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद स्थापित किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव, वन विभाग के रेंजर और बीट प्रभारी भी सम्मिलित हुए।

जंगल सीमा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते डीएम। अमृत विचार

डीएम ने हाल के घटनाक्रमों का संज्ञान लेते हुए सभी ग्रामों में ग्राम निगरानी समिति गठित करने और वन्यजीवों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों व आवागमन मार्गों से घनी झाड़ियां हटाने, सुरक्षा मानकों को मजबूत करने और ग्रामस्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ बढ़ाने पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों और पंचायत सचिवों को ग्राम प्रधानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर ब्लिंकिंग लाइट व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड, चिन्हांकन तथा अन्य सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता पर पूरा कराने के निर्देश दिए।

डीएफओ को सीमावर्ती क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने, हैंडबिल व पम्पलेट वितरण कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। डीएम ने चेतावनी दी कि मानव–वन्यजीव संघर्ष में जनहानि की स्थिति में संबंधित रेंजर और खंड विकास अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, डीएफओ गौरव गर्ग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बाल दिवस पर डीएम व नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को बांटी चॉकलेट

बलरामपुर, अमृत विचार : बाल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के साथ आदर्श कंपोजिट विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों को भेंट और चॉकलेट वितरित किए।

बाल दिवस पर स्कूली बच्चों के साथ डीएम और नगर पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

डीएम ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनकी पढ़ाई, खेलकूद और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें ईमानदारी, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं, स्मार्ट कक्षा, पुस्तकालय तथा साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानाध्यापक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं बच्चों में रचनात्मकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलरामपुर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

स्वास्थ्य कर्मियों का किया गया प्रशिक्षण

बलरामपुर। निमोनिया नियंत्रण के उद्देश्य से चल रहे सांस अभियान (सामाजिक जागरूकता एवं कार्रवाई द्वारा निमोनिया पर सफल नियंत्रण) के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। कार्यशाला में स्वास्थ्य कर्मियों को निमोनिया के लक्षणों की त्वरित पहचान, बच्चों में तेज सांस, सीने में धंसना, लगातार खांसी और बुखार जैसे गंभीर संकेतों की पहचान संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि निमोनिया पाँच वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारण है, इसलिए समय पर उपचार और समुदाय में जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण है।

बजाज कुन्दरखी में हवन पूजन के साथ विधायक ने शुरू कराया पेराई

गोंडा: बजाज चीनी मिल कुन्दरखी का पेराई सत्र शुक्रवार को हवन पूजन के साथ शुरू हो गया। गोंडा विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने डोंगे में गन्ना डाल कर पेराई सत्र का शुभारंभ कराया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख तरबगंज मनोज पाण्डेय, गंगवाल स्टेट की राजकुमारी अर्चना सिंह एवं कुंवर केके सिंह, डीसीओ सुनील कुमार सिंह शामिल रहे। इसके पूर्व चीनी मिल परिसर में 13 नवम्बर को अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ का शुभारम्भ हुआ, जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर इकाई प्रमुख पीएन सिंह एवं महाप्रबंधक गन्ना अशोक कुमार सिंह ने काँटों पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़वाकर किसानों को सम्मानित कर कांटे की पूजा कर तौल प्रारंभ कराया।

मारवाड़ी युवा मंच ने बच्चों का किया दुलार, दिए गिफ्ट

गोंडा: मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की ओर से बाल दिवस पर "हर बच्चा खास है" अभियान के अंतर्गत निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सत्या गुप्ता द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को माला अर्पण कर किया गया। निबंध प्रतियोगिता में मुझे पढ़ाई क्यों पसंद है विषय पर प्रभावशाली निबंध प्रस्तुत किए गए तथा पोस्टर प्रतियोगिता में शिक्षा सबका अधिकार तथा हर बच्चा खास है शीर्षक पर बच्चों ने सुंदर पोस्टर बनाए। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय बच्चों को पुरस्कार दिया गया। सभी बच्चों को स्टेशनरी एवं फल वितरित किए गए। प्रधान अध्यापिका को दुपट्टा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

पं. चेतन जोशी की सुरधारा पर झूमे श्रोता

बलरामपुर, अमृत विचार। स्पिक मैके, संस्कृति मंत्रालय उत्तर प्रदेश और भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बलरामपुर व गोण्डा जनपदों में आयोजित चार दिवसीय बांसुरी वादन कार्यक्रम के तीसरे दिन संगीत की सुरमई शाम ने सभी का मन मोह लिया।



शारदा पब्लिक स्कूल में बांसुरी वादन करते पंडित चेतन जोशी। अमृत विचार

शारदा पब्लिक स्कूल, बलरामपुर में आयोजित प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कलाकार संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त पंडित चेतन जोशी, तबला वादक डॉ. निशांत कुमार सिंह, संयुक्त सचिव शिवम चौहान, प्रबंधक पराग बोष एवं प्रधानाचार्य सुदीपा द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राग बसंत मुखारी से हुई, जिसमें अलाप, झाला और तानों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भक्ति प्रस्तुति "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे" की धुन पर दर्शक भावविभोर हो उठे। दूसरा कार्यक्रम तुलसीपुर के एम कॉन्वेंट स्कूल, गुलहरियाघाट में आयोजित हुआ, जहां कलाकारों का स्वागत प्रबंधक सुरेश मौर्य और प्रधानाचार्य नीलम ने किया।

विश्व मधुमेह दिवस पर लोगों को किया जागरूक

उतरौला, अमृत विचार। सीएचसी उतरौला में शुक्रवार को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डॉ. सी. पी. सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. यासिर खान ने एनसीडी क्लीनिक में किया।

मधुमेह दिवस पर लोगों को जागरूक करते डॉक्टर। अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान मधुमेह से पीड़ित मरीजों की जांच की गई और कुल 26 मरीजों का उपचार किया गया। विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को मधुमेह के लक्षण, बचाव और नियमित उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया गया कि जीवनशैली में सुधार—जैसे प्रतिदिन योग, हल्का व्यायाम और संतुलित आहार—अपनाकर मधुमेह से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. योगेंद्र कुमार, स्टाफ नर्स लिनी सिंह और अर्पिता, फार्मासिस्ट राम सुधीर भारती एवं वीरेंद्र कुमार गौड़, एनएमएस आशुतोष उपाध्याय, बीएचडब्ल्यू विजय किशोर तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर मना जश्न

बलरामपुर, अमृत विचार। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड बहुमत की जीत पर बलरामपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। शुक्रवार को अटल भवन कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि यह जीत बिहार की जनता की जीत है, जिसने विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार ने वर्षों तक भ्रष्टाचार व गुंडाराज को सहन किया, परंतु अब विकास की राजनीति को चुना है। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और जनता के विश्वास का परिणाम है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि एनडीए ने बिहार में क्लीन स्वीप कर ठगबंधन को जड़ से उखाड़ फेंका है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, वरुण सिंह मोनू, अजय सिंह पिंकू, बृजेंद्र तिवारी, ललिता तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिहार में एनडीए की जीत पर बलरामपुर में खुशी जताते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

उतरौला में जीत का जश्न मनाते विधायक व कार्यकर्ता। अमृत विचार

वीर विनय चौराहे पर जीत का जश्न मनाते पूर्व सांसद व कार्यकर्ता। अमृत विचार

तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला चुनाव परिणाम जानने के लिए दिनभर कार्यकर्ताओं संग टीवी से जुड़े रहे। एनडीए की बड़ी जीत पर उन्होंने कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई। विधायक ने कहा कि मोदी–नीतीश की मजबूत जोड़ी और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से यह ऐतिहासिक विजय संभव हो सकी।

ढोल–नगाड़ों और आतिशबाज़ी से गूंजा नगर

उतरौला। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत की घोषणा होते ही उतरौला में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यालय और नगर पालिका परिसर में कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों, आतिशबाज़ी और मिठाईयों के साथ जश्न मनाया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग जीत का उत्सव मनाते हुए इसे विकास एवं सुशासन की जीत बताया। नगर पालिका परिषद में चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने कहा कि यह जनादेश भाजपा संगठन की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। जश्न में संदीप वर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, फणीन्द्र गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने मनाया विजय उत्सव

पूर्व सांसद दद्दन मिश्र की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने वीर विनय चौक पर ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। दद्दन मिश्र ने कहा कि यह जीत बिहार में सुशासन की मुहर है। जश्न में जिला महामंत्री बरूण सिंह मोनू, डीपी सिंह, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल रहे।

घर से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

बलरामपुर। बलरामपुर में पुलिस, एसएसबी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हर्रैया थाना क्षेत्र के ग्राम गुगौली कला में भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव निवासी अजमेर पुत्र रमजान के घर में भरूई बंदूक में प्रयोग होने वाली बारूद और विस्फोटक सामग्री छुपाई गई है।

सूचना के आधार पर एसएसबी, पुलिस और वन विभाग की टीम ने घर की तलाशी ली, जहां से 68 नग गोला, 495 ग्राम सफेद पाउडर, 200 ग्राम पीला पाउडर, 166 ग्राम लाल पत्थर तथा 205 ग्राम काला पाउडर बरामद हुआ। बरामदगी के बाद आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे और क्षेत्राधिकारी ललिया देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई पूरी की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पूर्व में पटाखा व्यापार करता था और यह सामग्री उसने तुलसीपुर क्षेत्र में पटाखा विक्रेता धर्मेंद्र से ली थी। आरोपी का वर्ष 2023 में भी विस्फोटक रखने का इतिहास सामने आया था। उक्त मामले में उसे जेल भेजा जा चुका है।

परिशिष्ट ख

आदेशिका

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ. ख)
उत्तरी, सुलतानपुर
कक्ष संख्या – 25
अनूप लाल. आदि.
बनाम
मग्घूराम आदि
सा .वाद. सं – 401/ 25
ता0पेशी–21/11/2025
घोषणात्मक वाद

मग्घू उर्फ मग्घूराम सुत रामलौट, निवासी– ग्राम व पोस्ट बिसांवा परगना बरौसा, तहसील– बल्दीराय जनपद सुलतानपुर (लापता / मृतक)
ने आपत्ति विरूद्ध .....के लिए वाद प्रस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख..... को दिन में..... बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन दिया जाता है न्यायालय में स्वयं किसी ब्लैंडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे अनुदेश दिये गये हों जो विवाद सम्बन्धित सभी वरदान प्रश्नों का उत्तर दे सकता है ऐसे व्यक्ति जो सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें
न्यायालय में आपको उपसंजात के लिए जो दिन तय किया है इस बाद के अन्तिम निपटारे के लिये तैयार चाहिये जिस पर अपनी प्रतिज्ञा के लिये निर्भर चाहते हैं।
आपको सूचित किया जाता है यदि ऊपर बढ़ाई गई तारीख को न्यायालय उपसंजात जो वाद की सुनवाई और निपटारा अपना अनुपस्थित में किया जायेगा।
यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की बद्र लगाकर दिया है
कृपया ध्यान दें 1– यदि आपको आशंका है कि आपके साथी अपनी मजह्न से हाजिर नहीं होगें तो आप साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसा कोई दस्तावेज पेश करने के लिए जिस साक्षी से अपेक्षा करने का अधिकार आपका संयत न्यायालय से अपवेदन करके नियमों का रकम जमा करके ले सकतें हैं।
2– यदि आप दावे को स्वीकार करतें है तो चाहिए की बाद के पचह्न के साथ दावे का कर जमा कर दें डिग्री जिससे आपको या आपकी सम्पत्ति के दोनों के विरूद्ध पड़े।

आज्ञा से
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ. ख) उत्तरी, सुलतानपुर

मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में भाजपा ने बताए तरीके

गोंडा, अमृत विचार: विधानसभा क्षेत्र मेहनौन में मतदाता सूची के पुनरीक्षण विषयक कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक सभागार में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अनूप चंद्र गुप्ता ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सभी पात्र मतदाताओं को शामिल कराने की जिम्मेदारी है। घर घर जाकर सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करायें। विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारी सघन पुनरीक्षण अभियान में अपना योगदान अवश्य दें। इस दौरान राकेश तिवारी, संदीप पांडे शशांक मिश्रा, सत्यव्रत ओझा, सहज राम तिवारी मौजूद रहे।

नंदोत्सव की मधुर लीलाओं से गूंजा मौहारी गांव

नवाबगंज, अमृत विचार: खरगूपुर गांव के मौहारी मजरे में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का पांचवां दिन भगवान श्रीकृष्ण की मधुर बाल लीलाओं से सराबोर रहा। अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक भागवत भूषण राधेश्याम शास्त्री ने माखनचोरी, नंदोत्सव और छप्पन भोग के रसपूर्ण प्रसंगों का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पंडाल भक्ति और आनंद के रंग में रंग उठा। कथा वाचक राधेश्याम शास्त्री ने बताया कि जिस क्षण भगवान कृष्ण ने कंस के कारागार में जन्म लिया, उसी क्षण ताले खुल गए, पहरेदार निद्रा में लीन हो गए और कारागार दिव्य प्रकाश से भर उठा। वासुदेव जी जब नवजात कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल की ओर बढ़े तो यमुना मैया भी उनके चरणों का स्पर्श करने के लिए उतावली दिखी। उन्होंने कहा कि भगवान के स्मरण मात्र से जीवन के सभी बंधन स्वतः खुल जाते हैं। शास्त्री जी ने नंदोत्सव के उल्लासपूर्ण वर्णन में कहा कि नंदबाबा के घर भगवान का आगमन होते ही पूरा गोकुल जयघोषों से गूंज उठा। यशोदा मैया ने लाडले कृष्ण को छप्पन भोग अर्पित किया और ग्वाल-बालों ने नृत्य-गान कर उत्सव को जीवंत बना दिया। पंडाल में 'कान्हा माखनचोर, नंद किशोर और 'नंद के आनंद भयो' के स्वर लगातार गूंजते रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डा0 अजय कुमार पाण्डेय पुत्र श्री सतीश चन्द्र पाण्डेय तथा श्रीमती स्मिता सिंह पत्नी डा0 अजय कुमार पाण्डेय ने गाटा सं0 747/6, क्षेत्रफल 0.0400 हे0, स्थित अरबन एरिया, बलरामपुर की भूमि को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मंडी, बलरामपुर में आवेदन किया है। उक्त भूमि डा0 अजय कुमार पाण्डेय एवं श्रीमती स्मिता सिंह ने श्रीमती राधा तिवारी पत्नी श्री बालकृष्ण से क्रय की थी। पूर्व में यह भूमि श्रीमती राधा तिवारी ने आलोक कुमार पुत्र हरदेव प्रसाद एवं मालती देवी पत्नी हरदेव से दिनांक 17.06.2017 को क्रय की थी। विक्रय पत्र (मूल) जो कि बही सं0 1, जिल्द सं0 5326, पृष्ठ 341–402, क्रमांक 3518 पर उपनिबंधक कार्यालय बलरामपुर सदर में पंजीकृत है, बलरामपुर शहर में खो गया है। अतः यदि उक्त भूमि से संबंधित किसी व्यक्ति या संस्था का कोई हित, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर अपने प्रमाण सहित मुख्य शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मंडी, बलरामपुर को लिखित रूप में सूचित करें। निर्धारित अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

मुख्य शाखा प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा मंडी, बलरामपुर

फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाला | पैसे वापसी के लिए निवेशकों से विड्रॉल भरवा रहा करनैलगंज का गुफरान

राहुल ने फेंका जाल, मैनेजमेंट में जुटे दलाल

गोंडा, अमृत विचार: फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले में नाम सामने आने के बाद राहुल सिंह ने डैमेज कंट्रोल की कोशिश शुरू कर दी है। मामले को दबाने के लिए राहुल और उसके करीबीयों ने जाल बिछाना शुरू कर दिया है। इसके लिए उसके एजेंट सक्रिय हो गए हैं और मामले के मैनेजमेंट में जुट गए हैं। निवेशकों को समझाया जा रहा है कि उनका पैसा नहीं डूबेगा। बस उन्हे संयम बरतने की हिदायत दी जा रही है। पैसा वापसी के लिए गारंटी के तौर पर उनसे कंपनी के नाम पर विड्रॉल भी भराया जा रहा है। इस मैनेजमेंट में करनैलगंज के गुफरान नामक सख्श का नाम सामने आ रहा है। करनैलगंज इलाके में गुफरान सक्रिय है। गुफरान बॉट ब्रो कंपनी का एजेंट बताया जा रहा है। ज्यादातर लोगों से निवेश भी गुफरान ने ही कराया है। ऐसे में निवेशक उस पर पैसा वापसी के लिए दबाव बना रहे हैं। गुफरान की सक्रियता के बाद घोटाले के मास्टर माइंड लविश चौधरी के अहम सहयोगी व कैप्टर मनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के को- फाउंडर राहुल के जिले में ही छिपे होने के अंदेशे को और बल मिला है।

कौन है गुफरान

गुफरान करनैलगंज इलाके का ही रहने वाला है और लविश चौधरी का एजेंट बताया जा रहा है। पता चला है कि गुफरान पहले एक कोचिंग सेंटर में पढाता था और उसकी माली हालत भी बहुत अच्छी नहीं थी लेकिन लविश एंड कंपनी के संपर्क में आने के बाद अचानक उसका रहन सहन बदल गया। उसने कोचिंग में पढाना भी छोड़ दिया और लोगों को निवेश के तरीके बताने लगा। स्थानीय स्तर पर गुफरान ही निवेशकों को बॉट ब्रो व बॉट अल्फा में निवेश के लिए प्रेरित करता था। इस कार्य में लगने के बाद उसकी आमदनी बढ़ी तो उसने कई संपत्ति भी बनाई। साइकिल से चलने वाला गुफरान बुलेट से चलने लगा। हालांकि अब निवेश बंद होने के बाद वह फिर से पुरानी स्थिति में पहुंच गया है।

देशभर में फैले करोड़ों रुपये के फॉरेक्स ट्रेडिंग घोटाले में कैप्टर मनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से की जा रही है। यह कंपनी कथित रूप से क्यूएफएक्स ट्रेड लिमिटेड और यॉर्कर एफएक्स नमक ऑनलाइन प्लेटफार्म से जुड़े बड़े फॉरेक्स ट्रेडिंग स्कैम में शामिल बताई जा रही है। जांच एजेंसी इस घोटाले के सिलसिले में 11 फरवरी 2025 को देशभर में एक साथ छापेमारी कर करीब 170 करोड़ रुपये से अधिक की राशि फ्रीज कर चुकी है। इनमें से कई खाते कैप्टर मनी सॉल्यूशंस से जुड़े पाए गए हैं। घोटाले का मास्टरमाइंड लविश चौधरी बताया जा रहा है, जिसने एआई-आधारित फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर निवेशकों को हर महीने ऊंचे मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये जुटाए। जांच में यह भी सामने आया है कि कैप्टर मनी सॉल्यूशंस और उससे जुड़ी अन्य कंपनियों के जरिये फर्जी बिलिंग, डिजिटल ट्रांजेक्शन और पेमेंट गेटवे के माध्यम से धन का हेरफेर किया गया। मास्टरमाइंड लविश चौधरी देश से फरार हो चुका है लेकिन जांच एजेंसियों को आशंका है कि कंपनी का को फाउंडर राहुल सिंह गोंडा जिले में छिपा बैठा है। इस कंपनी का कार्यक्षेत्र भी गोंडा समेत उसके आसपास के जिले रहे हैं। करनैलगंज इलाके में सैकड़ों निवेशक हैं जिन्होंने इनकी कंपनी में पैसा लगा रखा है। करनैलगंज में बॉट ब्रो कंपनी के नाम पर निवेशकों से पैसे जमा कराए गए थे लेकिन जांच के बाद इसका नाम बदलकर बॉट अल्फा कर दिया गया। यहां लोगों से निवेश कराने में गुफरान नामक शख्स की भूमिका रही। गुफरान कंपनी में एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। जांच शुरू होने के बाद अब गुफरान निवेश करने वाले लोगों को पैसा वापस दिलाने की गारंटी दे रहा है।

खिलाड़ियों ने बाल दिवस पर बटोरे पदक

गोंडा: स्थानीय सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस पर खेल गतिविधियों का शुभारंभ ध्वजारोहण करके किया गया। उपाध्यक्ष सुजैन दत्ता ने समस्त प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने राष्ट्रीय एकता को कायम रखने की प्रतिज्ञा दिलाई। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने कलेक्ट द कोन, पिरामिड रेस, कलेक्ट हूप्स, हिट द बॉल, रिले रेस, टग ऑफ वार, सिंगल लेग रेस, बैलेंस बुक, वॉकिंग रेस, स्लो साइकल रेस, बैलून रेस का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रबंधक सुजैन दत्ता ने कहा कि आज इस बाल दिवस पर बच्चे यह प्रण लें की वे देश को आगे बढ़ाने में सशक्त नागरिक की भूमिका निभाएंगे।

एम.के.एस.इंस्टीट्यूट आफ लॉ बेलहरी, धानेपुर, गोण्डा

आवश्यकता है

प्राचार्य – 01 पद एवं **प्रवक्ता विधि त्रिवर्षीय** – 09 पद,
अर्हता एवं वेतनमान–यू.जी.सी./बार काउंसिल/विश्वविद्यालय के नियमानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी अपने अर्हता सम्बन्धी प्रमाण पत्र, एक बायोडाटा एवं 03 पासपोर्ट फोटो के साथ विज्ञापन के 15 कार्य दिवस के अन्दर कालेज में उपस्थित होकर अथवा डाक या मेल द्वारा प्रेषित करें।
साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार का टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा।

प्रबंधक–9648122511
E-mail:- mkssinstituteoflaw@gmail.com

श्रीमती धनपता मौर्या विधि महाविद्यालय रसूलपुर लिलहा, अयोध्या

त्रिवर्षीय विधि पाठ्यक्रम (एल.एल.बी.) के अंतर्गत आवश्यकता है
प्राचार्य - 01 पद
विधि प्रवक्ता –08 पद
योग्यता एवं वेतनमान– राज्य विश्वविद्यालय एवं बी.सी.आई. के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

भवदीय
9838883634

शिक्षित होकर परिवार व देश का नाम रोशन करें बेटियां : डीएम

जिलेभर में धूमधाम से मनायी गयी बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू की जयंती, विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों ने उत्साह के साथ लिया भाग

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : सर्वशक्तिमान प्रतिभा सभी को देता है परन्तु सभी को एक समान अवसर नहीं प्राप्त होते हैं। हमारी बच्चियों को विहान विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिला है। बेटियां समाज में ऊंचा स्थान प्राप्त कर परिवार व देश का नाम रोशन करें।

ये बातें विहान बालिका विद्यालय में बाल दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ये बातें कहीं। सद्भावना एवं लायन्य क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बाल दिवस समारोह में छात्राओं ने वार्डेन प्रगति सिंह की देखरेख में निबन्ध लेखन, चित्रकारी, योग एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति की। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, अधीक्षक प्रगति सिंह, सदभावना के अध्यक्ष योगेन्द्र मणि त्रिपाठी, जिला संयोजक संजीव शर्मा, लायन्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, थारू जनजाति की बेटियां जया राना, आईसा, निराशा, दया त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

कैसरगंज : कंचन कान्वेंट स्कूल में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए । विद्यालय प्रबंधक एम. श्रीवास्तव ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प माला अर्पित किया तथा नेहरू जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेहरू जी बच्चों से अगाध प्रेम करते थे। कक्षा नर्सरी के छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में सफल बच्चों को विद्यालय प्रबंधक की ओर से उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।

विहान विद्यालय में बच्चों के साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी। ● अमृत विचार

बाल दिवस के अवसर पर डायट में मौजूद शिक्षक और छात्राएं। ● अमृत विचार

बाल मेले में स्टाल लगाए बच्चियां। ● अमृत विचार

बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : श्री रामजानकी इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आई सीपी प्रबन्धक सुधीर शर्मा व डॉ. सनत कुमार शर्मा द्वारा दीप जलाकर किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी, खेल-कूद प्रतियोगिता, झूले, खाने-पीने के स्टॉल और हस्तशिल्प प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में आरएस वर्मा के प्रयासों द्वारा कार्यक्रम सफल बनाने में अहम भूमिका रही। बच्चों की भीड़ और उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन मोह लिया।

विद्यालय में बाल मेले में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

बाल मेले में अभिभावकों ने भी लिया हिस्सा

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : देयर के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर संत गाडगे बीपत राम विकास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की दुकाने सजाई गईं। बाल मेले में विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुंदर लाल आर्य ने फीता काटकर किया गया । मेले में मुख्य रूप से शिक्षक शिवकुमार पाठक,राम धीरज प्रजापति, राज यादव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, सरस्वती जायसवाल, कु0 मोनी आर्या कुमारी मुस्कान शर्मा, कु. सना रिजवी, कु. दिलफ्जा रिजवी, मोनी वर्मा व अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थान में अध्ययनरत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियो में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आशीष कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी होते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से डायट प्रवक्ता रमेश कुमार, इशितयाक अहमद, दशरथ यादव, रामपाल वर्मा, आशीष कुमार, तथा कार्यालय सहायक वीरेंद्र सिंह, मोहम्मद रहमान, मोहम्मद सलीम अंसारी और तालिब हुसैन आदि मौजूद रहे।

विद्यालयों में आयोजित किये गये बाल मेले

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : परिषदीय और गैर-परिषदीय विद्यालयों में बाल दिवस मनाया गया।विद्यालयों में आयोजित बाल मेलों में बच्चों ने स्टॉल लगाए। जूनियर विद्यालय डाइट परिसर, पीएम श्री झाला तरहर,जूनियर विद्यालय गंगापुर,सनसाइन पब्लिक स्कूल भूपगंज सहित बहुत से अन्य विद्यालयों में भी बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन और बाल कल्याण के लिए उनके विचारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी बच्चों को राष्ट्र का भविष्य मानते थे और उनके शिक्षा तथा विकास पर विशेष जोर देते थे। यह दिन हमें बच्चों के अधिकारों, देखभाल और शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाता है।

न्यूज ब्रीफ

आज आएंगे मद्य निषेध परिषद के उपाध्यक्ष

बहराइच, अमृत विचार : राज्य मद्यनिषेध परिषद के उपाध्यक्ष बृजेश शुक्ला का 15 नवम्बर को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उपाध्यक्ष पूर्वान्ह 10:30 बजे सहकारी चीनी मिल नानपारा के गेस्ट हाउस पहुंचकर पूर्वान्ह 11:00 बजे नानपारा विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभ भाई की 150वीं जयन्ती समारोह अभियान से सम्बन्धित कार्यक्रमें में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने दी।

गोड़हिया नं.-1 में ऋण वितरण शिविर कल

बहराइच, अमृत विचार : गोड़हिया नम्बर-1 में मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए 16 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मत्स्य पालनकों के लिए ऋण शिविर लगाया जाएगा। यह जानकारी प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य ने दी। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि सह योजना के अन्तर्गत मछुआरों एवं मत्स्य पालकों, किसानो, उद्यमियों को ऋण सुविधा का लाभ प्रदान किया जायेगा।

प्रेशर कुकर फटने से किशोरी झुलसी

श्रावस्ती, अमृत विचार : सोनवा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर के एक घर में शुक्रवार सुबह भोजन बनाते समय प्रेशर कुकर फट गया। इससे किशोरी सीमा यादव गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे जिला अस्पताल भिनगा ले गए। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

दो वारंटी गिरफ्तार

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को नवाबगंज पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी अजीज व अजमत निवासी जमुनहा नौबस्ता को गिरफ्तार किया।

बाइक की टक्कर से वृद्ध हुआ घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार : सिरसिया के चिलहरिया मोड़ के निकट गुरुवार रात तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले भिनगा बाद में मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। सिरसिया थाना क्षेत्र के चिल्हरिया मोड़ निवासी ननकू गुप्ता (60) पुत्र राजाराम गुरुवार देर शाम घर से पैदल ही चिल्हरिया मोड़ तिराहे पर जा रहे थे। इस दौरान घर से कुछ ही दूरी पर सिरसिया से भिनगा की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे ननकू गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उनको सीएचसी सिरसिया लया गया।

बिहार में प्रचंड जीत पर झूम उठे भाजपाई

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : शुक्रवार को बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ता विधायक सुभाष त्रिपाठी और विधानसभा क्षेत्र संयोजक निशंक त्रिपाठी के नेतृत्व में पयागपुर बस स्टैंड चौराहे पर पहुंचे और पटाखे दगाकर और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनायी।

शुक्रवार को बिहार चुनाव के लिए हो रही मतगणना दिन चढ़ने के साथ-हो साथ भाजपा के पक्ष में एक तरफ दिखाई देने लगी थी। यह देखकर भाजपाइयों के चेहरे खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। पयागपुर बस स्टैंड चौराहे पर जीत का जश्न मनाते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर एकतरफा समर्थन देकर बिहार को जंगल राज की ओर जाने से रोका है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आने वाले चुनावों में भी जनता भाजपा को ऐसे ही समर्थन देगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय,सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रदीप तिवारी मंडल महा मंत्री अजय तिवारी आनंद शुक्ला मुकेश शर्मा राम गोपाल शुक्ला और अमर नाथ पासवान आदि थे।

जनता ने फिर चुना विकास और सुशासन : सांसद। सांसद डा.आनंद गोंड ने बिहार की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई। भाजपा कार्यालय पर ज़श्न मना व मिठाइयां बांटी गयीं। इस दौरान पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय, राघवेन्द्र सिंह टिंकू, रणविजय सिंह, राहुल राय, बलराम पाठक आदि काफी लोग मौजूद रहे।

मिठाई बांटकर खुशी मनाते पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी।

मुकुट बिहारी वर्मा को मिठाई खिलाकर खुशी मनाते सांसद।

पांच शिक्षामित्रों की समाप्त होगी संविदा

श्रावस्ती, अमृत विचार : मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे पांच शिक्षामित्रों व दो सहायक शिक्षकों ने बीएलओ कार्य करने से मना कर दिया। बीईओ की रिपोर्ट पर बीएसए ने शिक्षामित्रों का मानदेय रोकते हुए उनकी सेवा समाप्ति करने की कवायद शुरू कर दी है। वहीं सहायक शिक्षकों की दो स्थायी वेतनवृद्धि पर रोक लगा दी गई है। जमुनहा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हरिद्वारी में तैनात सहायक शिक्षिका श्वेता सिंह व खावांकला में तैनात सहायक शिक्षक इमरान हुसैन की बीएलओ ड्यूटी लगाई गई थी। इन्होंने बीएलओ कार्य नहीं किया। बीईओ राजकिशोर की रिपोर्ट के बाद बीएसए ने उत्तरदायित्वों का पालन न करने में दो स्थायी वेतनवृद्धि पर रोक लगा दी है। इसी आरोप में हरिहरपुररानी ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भवनियापुर की शिक्षामित्र प्रार्थना मिश्रा, प्रावि चकपिहानी की मीरा व सिरसिया के प्रावि रामकरनपुरवा की अनीता तिवारी, प्रावि गुलरा के कमलेश पाठक तथा प्रावि कोयलहवा के शिक्षामित्र जगदीश प्रसाद का मानदेय रोकते हुए संविदा समाप्ति की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सिटी डायरी

पयागपुर में डीएपी लेने के लिए लगी किसानों की कतार।

प्राथमिक सहकारी समिति पयागपुर में बांटी गयी डीएपी

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : बहुउद्देश्यीय प्राथमिक सहकारी समिति पयागपुर में आज समिति के पंजीकृत सदस्यों को डीएपी खाद का वितरण किया गया। खाद मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। समिति के सचिव विवेक मिश्र ने बताया कि समिति को कुल 250 बोरी डीएपी की खेप प्राप्त हुई थी। यह पूरी खेप पारदर्शी तरीके से केवल उन्हीं किसानों को वितरित की गई है जो समिति के पंजीकृत सदस्य हैं। मिश्र ने बताया कि समिति लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि खाद और अन्य कृषि सामग्री समय पर और उचित मूल्य पर किसानों तक पहुंचे। पंजीकृत सदस्यों के लिए यह वितरण कृषि कार्यों को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

नवाबगंज कस्बे में कथा सुनाते पं. रविशंकर। अमृत विचार

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भावविभोर हो उठे श्रद्धालु

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा वाचक पंडित रविशंकर महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म कथा सुना। कथावाचक ने कहा कि सब कुछ भूलकर भगवान की शरण में आ जाना चाहिए इसके अलावा वेद व्यास और सुखदेव की कथा सुनाई उन्होंने कहा कि तन मन धन से भगवान की आराधना करनी चाहिए। इस दौरान पिन्टू गुप्ता,सुंदरलाल,रामेश्वर, प्रदीप, संतोष , सौरभ, रंजीत, संजय, अनुज पांडे,हीरालाल, केसरी लाल, अखिलेश, दीपक कुमार, अरविंद, शिवम पांडे आदि मौजूद रहे।

धरना देते बिजली कर्मचारी। अमृत विचार

बिजली संविदा कर्मियों का धरना

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने वेतन कटौती के विरोध में आज अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर एक दिवसीय प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने विभाग द्वारा मनमाने तरीके से वेतन काटे जाने का आरोप लगाते हुए धरना दिया और तत्काल पूरा भुगतान करने की मांग की। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित इस धरने का नेतृत्व जिला अध्यक्ष परशुराम ने किया। प्रदर्शन में जिला सचिव रमेश,जिला महामंत्री : दुख हरण श्रीवास्तव,जिला उपाध्यक्ष : राघवेंद्र सिंह, सचिव मोहित शुक्ला,पिंटू यादव, निरंजन लाल आदि थे।

बच्चों के लगाये स्टाल का अवलोकन करते पूर्व बीएसए निरंजन वर्मा। ● अमृत विचार

भारतीय वैज्ञानिकों का बज रहा विश्व में डंका

बहराइच, अमृत विचार : आज भारतीय वैज्ञानिकों का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। हर क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों ने अपनी पहचान बनाई है। शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है कि आज भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। ये बातें शुक्रवार को पंडित राधेश्याम सरस्वती इंटर कॉलेज चर्दा (जमोग) में आयोजित विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी के समापन पर ब्लॉक प्रमुख एवं पूर्व इंजीनियर जयप्रकाश सिंह ने कही। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि प्रबंधक कौशलेंद्र पांडेय ने एक बेहतर शिक्षण संस्थान की स्थापना करीब 15 वर्ष पहले की थी। उन्होंने विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। प्रतियोगिता में विशेष योगदान शिक्षक अजय त्रिपाठी, जी बि पाठक, अनिल शर्मा, निसाद खान, अवनीश गुप्ता का रहा। प्रबंधक कौशलेंद्र पांडे ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

क्रासिंग पर मालगाड़ी खड़ी होने से लगा जाम

जरवल रोड, बहराइच, अमृत विचार : क्रासिंग पर मालगाड़ी खड़ी हो जाने से करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहा। गुरुवार शाम लखनऊ गोंडा रेल मार्ग पर जरवल रोड स्टेशन के पूर्वी गेट के निकट आईपीएल चीनी मिल पर शाम 5:01 बजे रेलवे क्रासिंग का गेट बंद हुआ जो 5: 29 बजे खुला। इस कारण सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। इस संबंध में ड्यूटी पर कार्यरत स्टेशन मास्टर सौरभने बताया कि आगे मालगाड़ी गई थी जो घाघरा घाट स्टेशन क्रॉस नहीं हुई थी पीछे से अप लाइन पर दूसरी मालगाड़ी पहुंच गई। मालगाड़ी काफी लंबी थी जिसके चलते गेट बंद होने के कारण यह समस्या आयी।

मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, एक घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार : जिले में गुरुवार शाम हुई दो अलग अलग मार्ग दुर्घटना में दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं एक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

सोनवा थाना क्षेत्र के रामगढ़िया निवासी संतोष यादव गुरुवार को हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के गोपाला सराय गांव निवासी रिश्तेदार राम निवास के साथ भिनगा के सालारपुर गया था। वहां से देर शाम लौटते समय भंगहा भिनगा मार्ग स्थित कुरसहा गांब के पास सड़क किनारे लगे गिट्टी के ढेर पर उनकी बाइक चढ़ गई। इससे बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल बहराइच में भर्ती कराया गया। वहां संतोष यादव की मौत हो गई। दूसरी घटना में बहराइच के असरफ़ा निवासी रवि प्रकाश त्रिवेदी गुरुवार शाम बाइक से भिनगा जा रहे थे। इस दौरान सोनवा के मोहरनिया गांव के पास एक कंबाइन मशीन की चपेट में आ गए। कंबाइन मशीन मशीन की पहिया चढ़ जाने से रवि प्रकाश त्रिवेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बहराइच भेजा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

श्रावस्ती, अमृत विचार : मल्हीपुर के ग्राम पटना निवासी एक युवक गुरुवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसका शव शुक्रवार गांव के बाहर बाग में पेड़ से लटकता मिला। मुस्तफा उर्फ डमरू गुरुवार शाम लापता हो गया। तलाश के दौरान शुक्रवार को गांव से करीब 100 मीटर दूर स्थित जमुनहा-बहराइच मार्ग के किनारे स्थित बाग में लगे आम के पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे उसका शव लटका दिखा। परिवार के लोगों ने शव की पहचान की। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर अंकुर वर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

देखी व्यवस्था | उद्भव शिक्षा निकेतन का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

छात्रों ने मॉडलों से दिखायी अपनी प्रतिभा

संवाददाता, जरवल रोड, बहराइच

अमृत विचार : आईपीएल चीनी मिल इकाई जरवल रोड द्वारा संचालित उद्भव शिक्षा निकेतन परिसर का निरीक्षण दिल्ली से आए इंडियन पोटाश लिमिटेड के एमडी पीएस गहलोत तथा अध्यक्ष आईपीएल पंकज कुमार बंसल व अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने विभिन्न शैक्षणिक मॉडल, प्रोजेक्ट और गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभिभावकों से विद्यालय की कार्यप्रणाली एवं शिक्षा व्यवस्था के संबंध में फीडबैक भी लिया। अभिभावकों ने विद्यालय के पठन-पाठन, अनुशासन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की सराहना की। साथ ही विद्यालय को हाईस्कूल एवं इंटर तक मान्यता देकर संचालित किए जाने की मांग भी रखी।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ओंकारनाथ शुक्ला उप प्रधानाचार्य जसवीर कौर, गर्वित श्रीवास्तव, नेहा अवस्थी, अभिभावक राजकुमार सिंह, ओम प्रकाश अवस्थी, धर्मेंद्र दीक्षित, प्रिंस तिवारी, सुनील यादव, विष्णु शुक्ला, डॉ. अमरनाथ विश्वकर्मा सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

बच्ची को सम्मानित करते आईपीएल के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद छात्र व अध्यापक। अमृत विचार

केवी में आयोजित हुई कैरियर काउंसिलिंग

श्रावस्ती, अमृत विचार : रेडक्रास सोसाइटी की ओर से जूनियर रेडक्रॉस के तत्वावधान में शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय में छात्रों के लिए कैरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कैरियर मंत्रा के निदेशक इं सौरभ शर्मा ने छात्रों को भविष्य की तैयारियों के संबंध मार्गदर्शन दिया। इस दौरान इंजीनियर सौरभ शर्मा, एडीएम न्यायिक अशोक कुमार, प्राचार्य डॉ आरके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

शनिवार, 15 नवंबर 2025

हम उस बच्चे को आसानी से माफ कर सकते हैं, जो अंधेरे से डरता है। जीवन की असली त्रासदी तब होती है, जब लोग प्रकाश से डरते हैं।
-सुकरात, दार्शनिक

उच्च शिक्षित आतंकी

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की यह चिंता कि पढ़े-लिखे लोग भी अब आतंकवाद की ओर आकर्षित हो रहे हैं, केवल एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि हमारी शिक्षा प्रणाली, सामाजिक वातावरण और डिजिटल युग के सम्मिलित संकट का गहरा संकेत है। यह चिंता इसलिए भी उचित है, क्योंकि पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जहां इंजीनियरिंग, चिकित्सा, विज्ञान और उच्च शिक्षा संस्थानों से जुड़े युवाओं ने कट्टरवाद या हिंसक विचारधाराओं का रास्ता अपनाया। प्रश्न यह है कि जिस शिक्षा से तार्किकता, विवेक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मानवता की अपेक्षा की जाती है, वह क्यों कई बार इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाती? शिक्षा का लक्ष्य अभी भी डिग्री देना है, दृष्टिकोण नहीं। हम गुणात्मक सोच, नैतिक शिक्षा, संवैधानिक मूल्य, वैज्ञानिक मानसिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को पाठ्यक्रम के केंद्र में नहीं रख पाए हैं, सो मूल्य-तटस्थ पढ़ाई को दोषी ठहराना उचित नहीं। दोष उस सामाजिक और वैचारिक वातावरण में है, जिसमें विद्यार्थी पनपता है। यदि घर, समुदाय, विश्वविद्यालय परिसर और डिजिटल स्पेस लगातार किसी विशेष विचारधारा, भय, असुरक्षा या शत्रु-कल्पना को पोषित कर रहे हो, तो शिक्षा का तटस्थ ज्ञान उसके सामने कमजोर पड़ने से अत्यंत कुशाग्र, तकनीकी दक्ष और सफल पेशेवर भी कट्टर विचारों के शिकंजे में फंस जाते हैं।

विज्ञान पढ़ना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखना दो अलग बातें हैं। यदि सामाजिक परिवेश किसी व्यक्ति को भय, अस्मिता या 'दूसरे' के प्रति नफरत से भर दे, तो पढ़ा-लिखा भी भावनात्मक जाल में फंस सकता है। डिजिटल दुनिया की भ्रामक सूचनाएं, षड्यंत्र-थ्योरियां और लक्षित दुष्प्रचार युवा दिमागों को लगातार प्रभावित कर रही हैं। सोशल मीडिया एल्गोरिद्म अपने लाभ हेतु व्यक्ति को उसी सामग्री की ओर धकेलता है, जो उसकी मानसिकता को भाए। उसके गुस्से, असंतोष और पूर्वाग्रहों को मजबूत करे। सूचना की अधिकता और ज्ञान की कमी अक्सर विवेक को कुंद कर देती है। राष्ट्रभक्ति और मानवीयता किसी डिग्री का अनिवार्य उप-उत्पाद नहीं हैं, वे संस्कार, संवाद और विवेक से विकसित होती इसलिए एक कुशल पेशेवर, डॉक्टर, इंजीनियर या शोधकर्ता स्वाभाविक रूप से देशभक्त, तार्किक और उदार विचारों वाला नागरिक भी होगा इसकी कोई गारंटी नहीं। सरकार और समाज को इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा। शिक्षा में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संविधान-परक नागरिकता और सामाजिक नैतिकता अनिवार्यतः शामिल हो। कट्टरता रोकने में परिवार, समुदाय, शैक्षणिक संस्थानों समन्वित भूमिका निभाएं। युवाओं को रोजगार, अवसर और सकारात्मक सामाजिक उद्देश्य उपलब्ध कराए जाएं, क्योंकि बेरोजगारी कट्टरवाद की उर्वर भूमि है। विद्यालयों-महाविद्यालयों में इस तरह का भी पाठ्यक्रम हो, जो विभिन्न माध्यमों द्वारा दुष्प्रचार को समझने में सक्षम बनाए। डिजिटल प्लेटफार्मों पर भ्रामक सामग्री और नफरत फैलाने वाले तंत्रों पर कठोर निगरानी हो। राज्यपाल की चिंता इसलिए समीचीन है, क्योंकि आतंकवाद अब केवल सामाजिक हाशिए से नहीं, बल्कि शिक्षित वर्ग से भी पोषण पा रहा है। इसे रोकना केवल सुरक्षा एजेंसियों का कार्य नहीं, यह समाज, शिक्षा और शासन तीनों की साझा जिम्मेदारी है।

आतंक के पनाहगार धरती के भगवान खतरनाक संकेत

विवेक सक्सेना
अयोध्या

देश में डॉक्टरों के रूप में उभरता आतंकवाद चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। यह "व्हाइट कॉलर टेरर" का नया रूप है, जहां दिमागी योजना से रक्तपात और तबाही को अंजाम देने की साजिशें रची जा रही हैं। समाज जिस वर्ग को जीवन की रक्षा और सेवा का आदर्श मानता था, वही आतंक के लिए हथियार बन रहा है। आतंकवाद का यह रूप समाज की नींव को अंदर तक हिला सकता है, जिस पर समाज और सुरक्षा एजेंसियों का गंभीर ध्यान जरूरी है।

देश के किसी न किसी हिस्से से पुलिस की ओर से रह-रहकर किसी आतंकी माड्यूल का भंडाफोड़ करने, आतंकियों को गिरफ्तार करने और उनके पास से विस्फोटक-हथियार बरामद करने की खबरें आती ही रहती हैं। इसका यह मतलब नहीं कि आतंकी खतरा कम हो रहा है। सच यह है कि वह दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अब सम्मानित पेशे वाले भी आतंकी बन रहे हैं। हाल ही में देश के कई राज्यों जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, गुजरात व यूपी में डॉक्टरों की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता उजागर हुई है। ये आतंकवादी न केवल हथियार, बल्कि जैविक विष और केमिकल अटैक की भी योजनाएं बना रहे थे। राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास, जिस कार में भीषण धमाका हुआ और 12 लोग मारे गए, उस कार का चालक भी डॉक्टर उमर मोहम्मद था। पुलवामा का उमर उन तीन डॉक्टरों कश्मीर का डॉ. मुजम्मिल, डॉ. आदिल और लखनऊ की डॉ. शाहीन का सहयोगी निकला। जम्मू-कश्मीर में डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनी को एके-56 व विस्फोटक के साथ पकड़ा गया, उसका संबंध जैश-ए-मोहम्मद, अंसार गजवात-उल-हिंद से है।

हरियाणा में डॉ. मुझमिल शकील के ठिकाने से 3000 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अवैध हथियार मिले। इसी संगठन से जुड़ी फरीदाबाद से गिरफ्तार लखनऊ की डॉक्टर शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला भर्ती शाखा का नेतृत्व कर रही थी। उसकी कार में एके-47 मिली। गुजरात में पकड़े गए डॉ. अहमद सैयद ने चीन से मेडिकल की पढ़ाई की है। वह अरंडी के बीज से बेहद घातक जहर राइसिन बनाने की तैयारी कर रहा था, जिससे सामूहिक नरसंहार किया जा सके। इनके और साथियों की भी तलाश की जा रही है। हैरानी नहीं कि उनके संपर्क में और भी ऐसे डॉक्टर निकलें, जो आतंकी हों।

इन तमाम घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि अब आतंकवाद बंदूकधारी या सीमापार प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शिक्षित वर्ग, विज्ञान, मेडिकल, डिजिटल जैसे क्षेत्रों तक पहुंच चुका है। धमाकों, जैविक हमलों, साइबर हैकिंग और नकली पहचान से आतंकी अपने नेटवर्क को सहजता से फैला रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब किसी आतंकी साजिश और घटना में किसी डॉक्टर का नाम सामने आया हो। इसके पहले भी कई डॉक्टर आतंक की राह पर चलते पकड़े जा चुके हैं। पुणे के डॉक्टर अदनान अली सरकार को एनआईए ने 2023 में गिरफ्तार किया था। वह शहर का प्रतिष्ठित डॉक्टर था, लेकिन खूंखार आतंकी समूह आइएसआईएस के लिए काम कर रहा था।

ऐसे में यह कहना बिल्कुल गलत है कि अशिक्षित, गरीब परिस्थितिवश लोग आतंकी बनते हैं। दो-तीन दशकों में न जाने कितने ऐसे मुस्लिम युवकों ने आतंकी बनना पसंद किया है, जो उच्च शिक्षित थे। कुछ तो मजहबी उन्माद से इतना अधिक भर गए कि उन्होंने किसी नाम से खुद का आतंकी गुट बना लिया। मेडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए आतंकी बनने वालों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वे प्रताड़ित थे या फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। वे चाहते तो खुशहाल जिंदगी जी सकते थे, लेकिन उन पर आतंकी बनने का भूत सवार हुआ। ऐसा क्यों हुआ, इस मुद्दे पर विवाद होता रहता है, लेकिन इसमें तो कोई विवाद ही नहीं कि मजहब की आड़ लेकर या फिर उसके सहारे ही आतंक के रास्ते पर चला जाता है। इस गंभीर समस्या का सामना तभी संभव है, जब सरकारी तंत्र के साथ मुस्लिम समाज का राजनीतिक, धार्मिक नेतृत्व यह देखने को तैयार होगा कि उसके पढ़े-लिखे युवा भी आतंक का पाठ क्यों पढ़ रहे हैं? निस्संदेह वह ऐसा तभी कर पाएगा, जब आतंक पर राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों के बहकावे में नहीं आएगा।

ऐसे में इस खतरे का सामना करने के लिए पारंपरिक खुफिया तंत्र के साथ-साथ डिजिटल निगरानी, मेडिकल रिकॉर्ड की कड़ी जांच और शिक्षित वर्ग में राष्ट्रहित की जागरूकता तथा नैतिक मूल्य बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। डॉक्टरों के रूप में उभरते आतंकवाद पर समाज को जितना जल्दी और मजबूत प्रतिरोध दर्ज करना होगा, उतना ही देश की सुरक्षा को बचाना संभव होगा। भारत को उन्नत खुफिया समन्वय, तकनीकी क्षमताओं और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से अपने आतंकवादरोधी सुरक्षा पहलुओं को मजबूत करने की आवश्यकता है।

आतंकवाद के नए रूपों, जैसे अकेले हमला करने वाले और स्वतंत्र रूप से काम करने वाले कट्टरपंथी व्यक्तियों से निपटने के लिए यूएपीए और एनएसए के तहत प्रावधानों को मजबूत करने से सरकार को अधिक सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करने में मदद मिलेगी। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भारत सहित विश्व में जितनी आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, ज्यादातर में स्थानीय लोगों का सहयोग रहा है। सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति के साथ भारत के सभी नागरिकों को हर क्षण जागरूक और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। पता नहीं कौन हमारे आसपास जिहादी मानसिकता से लैस होकर भयानक हिंसा का षड्यंत्र रच रहा हो। एक राष्ट्र के नाते भारत का संकल्प आतंकवाद का समूल नाश करना है। इस संकल्प को बल तब मिलेगा, जब हर नागरिक आतंक के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई में सजगता का परिचय दे और आतंक के मामलों में कोर्ट भी त्वरित निर्णय लें।

सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति के साथ भारत के सभी नागरिकों को हर क्षण जागरूक और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। पता नहीं कौन हमारे आसपास जिहादी मानसिकता से लैस होकर भयानक हिंसा का षड्यंत्र रच रहा हो।

आमने

बिहार में जो खेल एसआईआर ने किया है वो प. बंगाल, तमिलनाडु, यूपी और बाकी जगह पर अब नहीं हो पाएगा, क्योंकि इस चुनावी साजिश का अब भंडाफोड़ हो चुका है। अब आगे हम ये खेल, इनको नहीं खेलने देंगे। सीसीटीवी की तरह हमारा 'पीपीटीवी' मतलब 'पीडीए प्रहरी' चौकन्ना रहकर भाजपाई मंसूबों को नाकाम करेगा। भाजपा दल नहीं छल है।
-अखिलेश यादव
पूर्व सीएम, उप्र

सामने

बिहार में जंगलराज, कट्टावाद, परिवारवाद ये सब हार चुका है और सुशासन, विकास और गरीब कल्याण जीत चुका है। इसके लिए बिहार की एक-एक जनता का दिल से आभार है और वहां कार्यकर्ताओं को भी बधाई देते हैं, उन्होंने बहुत मेहनत की है। अखिलेश यादव अब इससे भी बुरी हार यूपी में हारेंगे।
-केशव प्रसाद मौर्य
डिप्टी सीएम, उप्र

आधी आबादी का आशीर्वाद फिर नीतीश सरकार

अमित नारायण
सीएमडी, नारायना मेडिकल कॉलेज, कानपुर

बिहार के मतदाताओं ने फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता सौंप दी। 2020 के चुनाव में तीसरे नंबर की पार्टी बन चुकी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को मतदाताओं ने सिर माथे पर बिठाते हुए न सिर्फ पहले दूसरे नंबर पर पहुंचा दिया, बल्कि मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब सजा रहे लालू के लाल तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को तीसरे स्थान पर ढकेल दिया। बिहार की सत्ता में राजग को पुनः काबिज कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पूरी ताकत झोंक दी थी।

जीविका दीदी के खाते में चुनाव से ठीक पहले 10-10 हजार रुपये की आर्थिक मदद भेजने का नीतीश कुमार का फैसला मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। महिलाओं ने उनके पक्ष में झूमकर वोट डाला। परिणाम स्वरूप पलायन और बेरोजगारी का मुद्दा पीछे छूट गया। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव के बाद, जो आंकड़ा जारी किया था वह काफी चौंकाने वाला था। पहले चरण में 65.08 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। इनमें से 69.04 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी थी। दूसरे चरण में 69.20 प्रतिशत मतदाओं ने मतदान किया था इसमें भी महिला मतदाताओं की भागीदारी 74.56 प्रतिशत थी। इन्हीं महिला मतदाताओं ने चुनाव का रुख नीतीश कुमार के पक्ष में मोड़ दिया। भारी मतदान के बाद माना जा रहा था कि मतदाता नीतीश की सरकार बदलने के लिए घरों से निकले थे। एंटी-इनकंबेंसी की आंधी चली और इस बार तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा हो जाएगा, लेकिन नीतीश कुमार ने एंटी- इनकंबेंसी के असर को खत्म करने के लिए ही लाभार्थी परक योजनाएं लागू कर विपक्ष की हर चाल को नाकाम कर दिया। 10-10 हजार रुपये खाते में आने का ही परिणाम था कि जीविका दीदी खुद नीतीश के लिए वोट मांगने घरों से निकल पड़ीं, उन्होंने हर एक मतदाता के घर जाकर सरकार की खूबियों को गिनाया। नीतीश सरकार के पक्ष में उनके समर्थन से भाजपा और जदयू इस बात से आश्वस्त हो गईं थीं कि सत्ता में उनकी वापसी तय है। न जाति मुद्दा होगा न अपराध।

बिहार में पहली बार महिलाओं को पंचायतों और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। इससे भी महिलाएं खुश थीं। 14 लाख से अधिक लड़कियों को साइकिलें भी दीं। इससे महिला शिक्षा का स्तर बढ़ा। बेटियां नीतीश के इस काम से खुश हैं, तो शराबबंदी से महिलाओं ने नीतीश को पूरा आशीर्वाद दिया। परिणाम स्वरूप तेजस्वी यादव का 'माई बहिन' योजना, हर परिवार के एक सदस्य को नौकरी का वादा फीका पड़ गया। उनके इस अविश्वसनीय वादे का मजाक खुद बेरोजगार युवाओं ने ही बनाया। रैलियों में अपार भीड़ देख महागठबंधन के नेता अति उत्साहित नजर आए थे। उन्हें लगा था कि राहुल गांधी के वोट चोरी के मुद्दे को भुना ले गए हैं, पर यह उनका भ्रम साबित हुआ। तेज प्रताप यादव की नई पार्टी बनाना और महागठबंधन के नेताओं में आपसी तालमेल का अभाव भी तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने के सपने की राह में दीवार बना।

हालांकि उनके इस सपने की राह की सबसे बड़ी दीवार महिलाएं और युवा मतदाता बने। चुनाव में जाति की दीवार भी टूटी। इसका सबसे बड़ा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी जाता है। योगी आदित्यनाथ ने यहां भी बंटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया और यह हिट हुआ। खासकर युवा मतदाताओं में। महागठबंधन के नेताओं ने बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर उन्हें अपने पक्ष में मोड़ने का पूरा प्रयास किया। इन युवाओं की भीड़ तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की रैलियों में उमड़ने भी लगी थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और योगी आदित्यनाथ के राष्ट्रवाद से जुड़ने के आह्वान ने उनके मन को पूरी तरह से बदल दिया और रैलियों में उमड़ी भीड़ को महागठबंधन के नेता वोट में बदल नहीं पाए। नीतीश कुमार की बीमारी का मुद्दा विपक्ष ने खूब उठाया था, लेकिन इसे मतदाताओं ने हल्के में लिया। नीतीश कुमार को भाजपा मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी, यह भी मुद्दा विरोधी दलों ने खूब उछाला, लेकिन इसका कोई लाभ नहीं मिला। चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने महागठबंधन का हिस्सा बनने की कोशिश की, लेकिन बिना ओवैसी के ही सत्ता में वापसी के अति आत्मविश्वास के कारण तेजस्वी यादव और राहुल गांधी का अति आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। प्रशांत किशोर की जनसुराज को सीट तो एक भी नहीं मिली। वह वोट कटवा बनकर रहे गए।

बिहार की राजनीति में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन का मुद्दा उठाकर किंगमेकर बनने की सोच रहे प्रशांत किशोर बड़े दंभ से दावा करते हैं कि उनके गढ़े नारों और बनाए गए मुद्दों के दम पर न सिर्फ केंद्र की सत्ता में भाजपा काबिज हुई, बल्कि कई राज्यों में भाजपा विरोधी दलों की भी सरकार बनीं, लेकिन बिहार के मतदाताओं के मन-मिजाज को पीके भी भांप नहीं पाए और एक सीट भी उन्हें नहीं मिली। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राजग के हर नेता ने अपनी रैली में जंगल राज का भय दिखाया। यह भी चुनाव में राजग की जीत का टर्निंग प्वाइंट बना। साथ ही एसआईआर के दौरान फर्जी मतदाताओं का नाम कटना भी राजग के लिए फायदेमंद रहा। बाकि काम तो नीतीश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं, सुशासन बाबू की उनकी छवि ने काम किया।

यह भी चुनाव में राजग की जीत का टर्निंग प्वाइंट बना। साथ ही एसआईआर के दौरान फर्जी मतदाताओं का नाम कटना भी राजग के लिए फायदेमंद रहा।

प्रसंगवश

आत्मनिर्भरता और सामाजिक अस्मिता के प्रतीक बिरसा मुंडा

हमारा स्वतंत्रता संग्राम देश के उन असंख्य बलिदानियों के त्याग और समर्पण की कहानी बयां करता है, जिन्होंने अपना जीवन, घर-परिवार, सुख-चैन और जवानी सब कुछ देश के लिए समर्पित कर दिया। ऐसे ही महान क्रांतिकारियों में एक नाम है भगवान बिरसा मुंडा, आज उनकी 150 वीं जयंती के अवसर पर आवश्यक है कि हम राष्ट्र प्रेम, सामाजिक अस्मिता, प्रकृति संरक्षण एवं आत्मनिर्भरता के उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं और उनके आदर्शों का अनुपालन करें। भगवान बिरसा मुंडा भारत के इतिहास में अदम्य साहस, जनजातीय अस्मिता, आत्मनिर्भरता, प्रकृति संरक्षण और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में पूजे जाते हैं। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को बंगाल प्रेसीडेंसी, वर्तमान में झारखंड के उलिहातू गांव, जिला खूंटी में मुंडा जनजाति में हुआ था। होश संभालने के बाद से ही उनका ध्यान समाज की गरीबी पर केंद्रित रहा, क्योंकि आदिवासियों का जीवन कई अभावों से भरा हुआ था, जिसका फायदा ईसाई मिशनरी उठा रही थी और उनकी गरीबी को ईश्वरीय प्रकोप कहकर, उन्हें भात खिलाने तथा कपड़े देने के नाम पर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। 20 वर्ष की उम्र में उन्होंने समाज को धर्म और संस्कृति से जुड़ने की सलाह देने के साथ ही मिशनरियों के कु-चक्र से बचने के लिए भी प्रेरित किया। धीरे-धीरे समाज में उनका प्रभाव बढ़ने लगा, जिससे घबराई ब्रिटिश हुकूमत में उन्हें कई बार गिरफ्तार किया। वर्ष 1895 में अंग्रेजों की लागू की गई जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई के साथ-साथ जल, जंगल-जमीन की लड़ाई का संघर्ष मात्र विद्रोह नहीं था। यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता, आत्मनिर्भरता और संस्कृति को बचाने का संग्राम था। पिछले सभी विद्रोह से सीखते हुए, बिरसा मुंडा ने पहले सभी आदिवासियों को संगठित किया और अंग्रेजों के खिलाफ महाविद्रोह 'उलगुलान' छेड़ा।

त्रिवेंद्र सिंह रावत
सांसद, हरिद्वार

'उलगुलान' विद्रोह के माध्यम से ब्रिटिश शासन और जमींदारी शोषण से त्रस्त आदिवासी समाज को उन्होंने संगठित किया और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष का आह्वान किया। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और धर्म की रक्षा का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध नारा- "अबुआ दिसुम, अबुआ राज" यानी हमारा देश, हमारा राज, आज भी आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए प्रासंगिक है। वर्ष 1899-1900 में उनके नेतृत्व में 'उलगुलान' आंदोलन चला, जो अंग्रेजों के खिलाफ एक जनविद्रोह था। इस आंदोलन ने आदिवासी समाज में जागृति और स्वाभिमान की नई लहर पैदा की। इस दौरान उन्हें कई यातनाएं झेलनी पड़ी और अंततः बंदी गृह में ही 25 वर्ष की आयु में उन्होंने आखिरी सांस ली। अपने अल्पजीवन के कालखंड में उन्होंने सामाजिक सुधार, आत्मगौरव और प्रकृति संरक्षण का जो संदेश दिया, वह आज भी प्रासंगिक है। आज समाज उन्हें स्नेहपूर्वक "धरती आबा" अर्थात पृथ्वी पिता के रूप में पूजता है। भारत सरकार ने समाज के निर्माण में और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए 10 नवंबर 2021 को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस 15 नवंबर को "जनजातीय गौरव दिवस" के रूप में घोषित किया था। भगवान बिरसा मुंडा के नाम से कई योजनाएं एवं कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान, जिसे 'पीएम-जनमन' भी कहते हैं, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं झारखंड सहित कई राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं उनके नाम से संचालित हैं।

सोशल फोरम

शारीरिक विकास के लिए खेल के मैदान आवश्यक

एक चीते को जीवित रहने के लिए कितने वर्ग किलोमीटर का इलाका चाहिए। इसकी जानकारी हमें है। एक शेर को कितना इलाका घूमने फिरने के लिए चाहिए। इसकी भी जानकारी है। हम इन शिकारी जानवरों के लिए जंगल में शिकार की व्यवस्था भी करते हैं। ताकि इनके सर्वाइवल के चांस बढ़ जाएं, लेकिन एक छोटे बच्चे को खेलने-कूदने के लिए कितनी जगह चाहिए। उसके सही शारीरिक विकास के लिए स्कूल में खेल के मैदान के साथ खेल-कूद अनिवार्य होना चाहिए। इन सब बातों की कोई चिंता हमें नहीं।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

पहले तो फ्लैट कल्चर और घनी बसी बस्तियों में खेल-कूद के लिए जगह ही नहीं। बच्चे बेचारे सड़कों सीढ़ियों छतों पर खेलते नजर आते हैं। उस पर बरसात के कुकुरमुत्तों की तरह गली- मोहल्ले में उग आए स्कूलों में भी बच्चों के शारीरिक विकास की कोई व्यवस्था नहीं। घने इलाकों की एक बिल्डिंग में चलने वाले इन स्कूलों के साथ कोई मैदान ही नहीं। एक फैक्ट्री खोलने के लिए दस तरह के नियमों का पालन और सरकारी अनुमति जरूरी है, लेकिन जिस फैक्ट्री में देश की भावी पीढ़ी तैयार होगी, उसके लिए कोई नियम कायदे ही नहीं। कोई न्यूनतम नियमों के पालन की बाध्यता ही नहीं।

कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि शिक्षा कोई व्यापार नहीं, लेकिन अफसोस देश के न्यायविदों व शिक्षाविदों की सोच से अलग हमारे देश के कर्णधार नेताओं ने शिक्षा को व्यापार बना डाला। सरकारी स्कूलों को बंदकर लोगों को प्राइवेट शिक्षा लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। स्कूल-कॉलेजों की फीस बढ़ाई जा रही है। एक आम और खास बच्चे में हम बचपन की शिक्षा से ही अंतर पैदा कर दे रहे हैं। इससे आखिर समतामूलक समाज का निर्माण कैसे होगा? वैसे केवल सरकार को दोष देना भी सही नहीं। हम सरकारी जमीनें घेर धर्म स्थल तो बना सकते हैं, लेकिन कोई मैदान, लाइब्रेरी, जिम नहीं बना सकते। पूजा-पाठ का अपना महत्व हो सकता है। फिर भी इसके फायदे बहस का विषय हैं, लेकिन शारीरिक गतिविधियों के फायदे से कोई इंकार नहीं कर सकता। खेल-कूद से केवल शरीर का ही नहीं, बल्कि दिमाग का भी विकास होता है। हम अपनी हार, अपनी कमियों को स्वीकारने और उसके आगे जीत के लिए प्रयास करने की प्रेरणा भी पाते हैं। हारने पर प्रतिद्वंद्वी के प्रति कटुता लाने के बजाय हम और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं।
-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

क्यों ढह रही है संयुक्त राष्ट्र की नैतिक दीवार

द्वितीय विश्व युद्ध की राख से जब मानवता ने नई सुबह की तलाश की, तब संयुक्त राष्ट्र उस आशा की किरण बनकर उभरा था, जो विश्व को युद्ध, वैमनस्य और हिंसा से मुक्ति दिलाने का स्वप्न संजोए था। यह संस्था मानवीय एकता, न्याय और शांति का प्रतीक बननी थी, पर समय के प्रवाह में इसके आदर्श धूमिल पड़ गए। आज जब गाजा की गलियां खून से रंगी हैं, यूक्रेन युद्ध की राख ठंडी नहीं हुई और जलवायु परिवर्तन मानव अस्तित्व को चुनौती दे रहा है, तब संयुक्त राष्ट्र की मौन भूमिका विश्व-नैतिकता पर प्रश्नचिह्न बन गई है। वह संगठन, जिसे वैश्विक विवेक की आवाज होना था, अब शक्तिशाली देशों की कूटनीतिक कठपुतली बनकर रह गया है।

संयुक्त राष्ट्र की संरचना में ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी छिपी है। इसका सबसे शक्तिशाली अंग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, पांच स्थायी सदस्यों के वर्चस्व में है। अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस को 'वीटो पावर' प्राप्त है, जिसके चलते ये देश किसी भी प्रस्ताव को अपने हितों के अनुसार रोक सकते हैं। यह शक्ति असमानता का प्रतीक बन चुकी है। विश्व राजनीति के इस क्लब में अधिकांश देशों की भूमिका 'सुनने' की है, निर्णय लेने की नहीं। भारत, जापान, जर्मनी, ब्राजील और अफ्रीकी देशों जैसे प्रभावशाली राष्ट्र, जो जनसंख्या, अर्थव्यवस्था और योगदान की दृष्टि से बराबरी पर हैं, उन्हें आज भी स्थायी सदस्यता से वंचित रखा गया है। यह एक ऐसे संगठन के लिए नैतिक विडंबना है, जो स्वयं को लोकतंत्र, समानता और न्याय का रक्षक कहता है। सुरक्षा परिषद की यह वीटो संस्कृति वैश्विक न्याय की राह में सबसे बड़ी बाधा बन चुकी है। यूक्रेन युद्ध इसका ज्वलंत उदाहरण है, जहां रूस के आक्रमण के विरुद्ध लाए गए प्रस्ताव वीटो के कारण ठंडे बस्ते में चले गए। इसी तरह, गाजा में निरंतर होते मानवीय संकट पर भी परिषद असहाय दिखी, क्योंकि अमेरिका ने इस्राइल के विरुद्ध प्रस्तावों को रोक दिया। इस तरह पांच स्थायी सदस्यों की स्वार्थपरता ने विश्व-न्याय की अवधारणा को खोखला कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के गठन का आदर्श "समानता पर आधारित सहयोग" था, परंतु वास्तविकता में वह धीरे-धीरे अमेरिकी प्रभाव की छाया बन गया।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप
स्तंभकार

संयुक्त राष्ट्र के बजट का लगभग 22 प्रतिशत अमेरिका देता है। आर्थिक रूप से सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के कारण उसका प्रभाव इतना गहरा है कि नीतिगत निर्णयों में भी उसका झुकाव स्पष्ट दिखता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिवों की नियुक्ति से लेकर विभिन्न एजेंसियों की दिशा तय करने तक, अमेरिकी नीति-निर्धारण का प्रभुत्व सर्वविदित है। यही कारण है कि जब अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करता है, जैसे इराक युद्ध या इजराइल को दी जाने वाली अंधी समर्थन नीति तब संयुक्त राष्ट्र मौन साध लेता है। उसकी निर्बलता दरअसल उसकी निर्भरता से उपजी है। यह संस्था अब उस ताकतवर देश की कठपुतली लगती है, जिसे कभी विश्व-नैतिकता का प्रहरी होना चाहिए था। संयुक्त राष्ट्र तभी पुनर्जीवित होगा, जब वह राष्ट्रों की कठपुतली नहीं, बल्कि उनके विवेक की आवाज बनेगा। यदि उसका रूपांतरण नहीं हुआ, तो आने वाले दशकों में वह केवल इतिहास की एक स्मारक संस्था बनकर रह जाएगा। एक ऐसी याद के रूप में, जो कभी मानवता के सपनों से जन्मी थी, पर अपनी ही जटिलताओं में खो गई। परंतु यदि वह आत्ममंथन कर सका, तो वही संस्था फिर से वह दीप बन सकती है, जो युद्धरत विश्व में शांति की किरणें बिखेर दे- "मानवता की सामूहिक आत्मा" के रूप में।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

राजस्थान के किले
जीवंत संस्कृति की विरासत

राजस्थान अपनी समृद्ध और जीवंत सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, जिसमें भव्य किले और महल, अद्वितीय कलाकृतियां, हस्तशिल्प और 'घूमर' व 'कालबेलिया' जैसे प्रसिद्ध लोक नृत्य इसे पूरी दुनिया में चर्चित करते हैं। यहां के किले स्थापत्य भव्यता, जटिल नक्काशी और विभिन्न स्थापत्य शैलियों के मिश्रण के लिए भी जाने जाते हैं। यहां कई ऐसे किले हैं, जो भारत नहीं, बल्कि विदेशी पर्यटकों के बीच खासे प्रसिद्ध हैं। उन्हें देखने के लिए हर मौसम में विदेशों से बड़े पैमाने पर पर्यटक आते हैं। राजस्थान के जैसलमेर शहर में एक किला है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र है। त्रिकुटा हिल पर बने जैसलमेर किला अपनी बेहतरीन संरचना के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अगर आप घूमने के शौकीन हैं, तो इस किले को देखने जरूर जाएं।

डॉ. विकास शुक्ला
कानपुर

1156 में स्थापित हुआ किला

जैसलमेर किले की स्थापना वर्ष 1156 में भाटी राजपूत महाराजा रावल जैसल ने कराया था। 1294 के आसपास इस साम्राज्य पर अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया था और उसकी सेना ने इसे करीब नौ साल तक घेर कर रखा। 1551 के आसपास रावल लूनाकरण के शासन के दौरान, किले पर अमीर अली ने हमला किया था। इसके बाद ही तत्कालीन महाराजा ने अपनी पुत्री की शादी अकबर से कर दी थी। मुगलों का संरक्षण मिलने से किला बच गया था। यह किला दुनिया के सबसे बड़े रेगिस्तान में स्थापित किला है। यह राजस्थान का दूसरा अति प्राचीन किला भी है। यह किला 1762 तक मुगलों के नियंत्रण में रहा, उसके बाद महारावल मूलराज ने किले पर नियंत्रण कर लिया। दिसंबर 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी और महारावल मूलराज के बीच संधि हुई थी। इसमें तय हुआ था कि किले का नियंत्रण मूलराज के पास ही रहेगा। 1820 में मूलराज की मृत्यु के बाद, उनके पोते गज सिंह को किले का नियंत्रण विरासत में मिला था।

- पीले बलुआ पत्थर से निर्मित यह किला यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। पर्यटक विशेष रूप से यहां सूर्यास्त देखने आते हैं। सूर्य की किरणें पूरे किले की शोभा बढ़ातीं हैं। पीली दीवारें, सूरज की किरणों से मानों नहा सी जाती हैं। इस खूबसूरती के कारण ही इसे सोनार किला या स्वर्ण किला भी कहा जाता है। यहां कुछ हवेलियां भी हैं, जिनमें पटवाओं की हवेली, नथमल की हवेली, सलाम सिंह की हवेली शामिल हैं। इस किले में राजपुताना और इस्लामी शैली एक साथ दिखती है।
- **उदयपुर का किला**– उदयपुर का किला अब सिटी पैलेस के नाम से जाना जाता है। यह पिछोला झील के किनारे स्थित है। इसका निर्माण 16 वीं शताब्दी में राजा उदयसिंह द्वितीय ने कराया था। इसके अंदर कई भव्य महल व एक भगवान जगदीश का मंदिर भी है।
- **चित्तौड़ किला**– ऐतिहासिक किले का निर्माण मौर्य वंश के राजा चित्रांगद ने सातवीं शताब्दी में करवाया था। इस किले पर मौर्य, गुहिलवंश, परमार, सोलंकी आदि अनेक वंशों ने शासन किया। 1174 ई. के आसपास पुनः गुहिलवांशियों ने इस पर अधिकार कर लिया था। इस किले को 2013 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्रदान दिया गया है
- **मेहरानगढ़ किला**–जोधपुर में स्थित मेहरानगढ़ किला 124 मीटर की ऊंचाई पर एक पहाड़ी पर स्थित है। इसकी नींव जोधपुर के 15 वें शासक राव जोधा ने 1459 में रखी थी। बाद महाराज जसवंत सिंह ने 1638 से 78 के मध्य किले के निर्माण कार्य को पूरा करवाया। 10 किलोमीटर लंबी दीवार किले को घेरे हुए है। किले के अंदर कई भव्य महल स्थित हैं, जिनमें मोती महल, फूल महल, शीश महल, सिलेह खाना आदि शामिल हैं।
- **सिटी पैलेस**– महाराजा सवाई जय सिंह ने 1729 से 1732 के मध्य किले का निर्माण कराया था, अब इसे सिटी पैलेस के रूप में जाना जाता है। यह एक राजस्थानी व मुगल शैलियों की मिश्रित रचना है। यहां घूमने के लिए बड़े पैमाने पर पर्यटक आते हैं।
- **उम्मेद भवन**– उम्मेद भवन राजस्थान की शान है। इसका निर्माण राठौर राजवंश के शासक राजा उम्मेद सिंह ने बनवाया था। इसके निर्माण की योजना तैयार करने के लिए वास्तुकार हेनरी लोनचेस्टर को चुना गया था। महल के तीन हिस्से हैं। एक में उम्मेद होटल है, तो दूसरा हिस्सा शाही परिवार के पास है, जबकि तीसरे हिस्से में संग्रहालय स्थापित है।



- **हवा महल**– जयपुर स्थित जल महल के समीप ही हवा महल है। 799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने इसकी स्थापना कराई थी। यह एक पांच मंजिला इमारत है। इसका आकार मधुमक्खी के छत्ते की तरह दिखता है।
- **रणथंभौर किला**–सवाई माधोपुर में स्थित रणथंभौर किला की स्थापना राजा सज्जन वीर सिंह ने कराया था। दो पहाड़ियों के मध्य में स्थित यह किला अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। इस दुर्ग की सबसे अधिक ख्याति हम्मीर देव चौहान के शासनकाल 1282-1301 में रही। 1301 में इस किले पर अलाउद्दीन खिलजी ने कब्जा कर लिया। इसके पश्चात 18 वीं सदी के मध्य तक इस पर मुगलों का अधिकार रहा।
- **आमेर का किला** – जयपुर से 11 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ी के ऊपर आमेर का किला स्थित है। इसकी स्थापना का कार्य 1592 में राजा मानसिंह प्रथम ने करवाया था। यह लाल बलुआ पत्थर और संगमरमर से बना है, जिसमें हिंदू और मुगल वास्तुकला का मिश्रण दिखता है। किले के प्रमुख आकर्षणों में शीश महल (आईना महल), दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, और सुख निवास शामिल हैं।



आपबीती

हम रखते थे शिक्षकों के अजूबे निक नेम

उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ में मेरा एडमिशन वर्ष 1987 में हुआ था, जिसे अब मनोज पांडे पीवीसी कहा जाता है। हम लोग हॉस्टल में रहते थे। हमारे दिन की शुरुआत सुबह 5:30 से हो जाती थी। इसके बाद छह बजे पीटी के लिए सब लोग लाइन में लग जाते थे। हमें रोजाना दो से तीन किलोमीटर की दौड़ लगानी पड़ती थी। पीटीआई की निगरानी में 6:45 बजे तक व्यायाम भी करते थे। इसके बाद हम अपने-अपने हाउस में लौट जाते थे। वहां स्नान आदि करने के बाद स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर 7:30 बजे तक मेस के लिए मार्च करते थे। असेंबली हॉल में 8:15 बजे प्रिंसिपल, शिक्षक और कैडेट्स की उपस्थिति में असेंबली शुरू होती थी। फिर नौ बजे से शैक्षणिक क्लासेस शुरू हो जाती थी, जो दोपहर 1:30 तक चलती थी।

- स्कूल में छह से सात क्लासेस होती थीं, जिसके बाद सारे कैडेट्स मार्च करते हुए मैच के लिए प्रस्थान करते थे। लंच अमूमन 2:00 तक चलता था। इसके बाद कैडेट संबंधित हाउस में चले जाते थे। 4:00 तक रिलैक्स टाइम होता था। 4:30 से 6:00 तक गेम पीरियड होता था। हम लोग फुटबॉल, वालीबॉल, हॉकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल जैसे खेल खेलते थे। उसके बाद सब अपने-अपने हाउस के लिए प्रस्थान कर जाते थे। नहाने धोने के बाद 6:30 से आठ के बीच ट्रिप क्लासेस चलती थी। रात आठ बजे डिनर के लिए वापस मेस जाना पड़ता था। रात 10:30 के बाद कमरे की सारी लाइट बंद कर दी जाती थी, जो कि सोने का समय होता था।
- सैनिक स्कूल की रूटीन हुआ करती थी कि हम रोज का शेड्यूल पूरा करने में ही निहाल हो जाते थे। रोज सुबह-सुबह उठना हमारे लिए अग्नि परीक्षा के समान था। हम उस दौरान सोने के लिए एक-एक मिनट चुराने की कोशिश करते थे। मेरा हाउस किदवई हाउस के नाम से जाना जाता था, जो की कानपुर रोड से लगा हुआ था। पूरी रात ट्रकों की आवाज से हमारा हॉस्टल गूंजता रहता था, लेकिन दिनभर की थकान के आगे ट्रकों की आवाज एक म्यूजिक की तरह लगती थी। जिस वर्ष मैं सैनिक स्कूल में एडमिशन लिया, उस समय स्कूल में रैगिंग चरम सीमा पर थी। सीनियर-जूनियर का रिश्ता ऐसा था, जैसे युद्ध में दो योद्धा आमने-सामने हों, जिसमें एक योद्धा शेर के समान और दूसरा बकरी के समान। हम लोग जहां भी सीनियर्स को देखते थे, रुक जाते थे।
- सैनिक स्कूल ने जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए क्रेडिट की ट्रेनिंग शुरू किया गया था। यहां हर एक्टिविटी के पीछे अनुशासन, ऑल राउंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट करने की ट्रेनिंग दी जाती है। ऐसे में स्कूल के अनुशासन को संभालने की जिम्मेदारी सीनियर बैच के कैडेट 11 और 12 क्लास के कैडेट की हुआ करती थी। हर हाउस में, जो अच्छे सीनियर्स होते थे, उनकी देखरेख में हम लोगों को रखा जाता था। ऐसे में स्कूल के भीतर होने वाली अलग-अलग प्रतियोगिताओं में संबंधित हाउस की जीत की जिम्मेदारी भी इन्हीं सीनियर्स के कंधों पर होता था। लंच के बाद के समय हमारी एनसीसी की हफ्ते में 2 से 3 दिन परेड हुआ करती थी। मैं आर्मी वेंकटरारेड था आर्मी विंग के इंस्ट्रक्टर उन दिनों आरपी शुक्ला हुआ करते थे। वह हमारे केमिस्ट्री टीचर भी हुआ करते थे। उनको जब पहली बार एनसीसी की ड्रेस में देखें, तो बड़ा अचंभा हुआ। मैं तुरंत पहचान भी नहीं पाया, वह उस समय के सबसे अनुशासित शिक्षक हुआ करते थे। सीनियर्स के द्वारा हम लोगों को पता चला कि कुछ टीचरों के निक नेम भी हैं। उस समय जो हमारे रजिस्ट्रार हुआ करते थे, उनका नाम सब लोग रज्जो कहकर पुकारते थे। उसी समय के प्रिंसिपल को पिल्लू नाम से बुलाते थे। बहरहाल, मुझे इन नाम से इत्तेफाक नहीं था। सातवीं क्लास में हमारे रूम में चंदन जायसवाल और मयंक मयूर साथ-साथ रहते थे। चंदन जायसवाल जौनपुर का रहने वाला था और मयंक मयूर महोबा का बाद में मयंक मयूर का सिलेक्शन एनडीए के थ्रू एयर फोर्स में हुआ, जो की कश्मीर में प्लेन एक्सरसाइज में हादसा होने के दौरान वीरगति को प्राप्त हुआ। सैनिक स्कूल में सितंबर और अक्टूबर माह में हर साल लखनऊ से दूर जाया करता था। हम लोग पूरा उत्तराखंड घूमे। आठवीं क्लास में पूरा राजस्थान, जिसमें जयपुर, जोधपुर इत्यादि जबकि नवीं क्लास में हम लोगों का टूर बॉम्बे और पुणे गया।
- उस समय दूरदर्शन में हर रविवार एक सीरियल आता था, जिसका नाम परमवीर चक्र विजेता था। स्कूल की तरफ से हर हॉस्टल में एक रूम एलॉटेड था, जिसको एंटी रूम कहा जाता था। सीनियर हाउस टंडन हाउस में मनोज पांडे (कैप्टन मनोज पाण्डेय, कारगिल में वीरगति) था और मैं किदवई हाउस में था। हर रविवार हम लोग बड़े चाव से परमवीर चक्र विजेता सीरियल को देखा करते थे। एक बार मुझे याद है कि एक सीरियल को देखते हुए बड़ी जोर से मनोज पांडे चिल्लाता हुआ पीछे की तरफ आया कि मैं भी परमवीर चक्र विजेता बनूंगा, जबकि उसको मालूम था की परमवीर चक्र ज्यादातर लोगों को मरणोपरांत ही मिलता है। उसकी देशभक्ति और देश निष्ठा स्कूल के समय से ही दिखाई देती थी। वह सभी कैडेट से बिल्कुल अलग था चाहे पढ़ाई हो, चाहे देश सेवा का जज्बा सब में वह हमेशा अव्वल रहता था। मुझे गर्व है कि वह छह वर्ष तक सैनिक स्कूल में मेरा साथी रहा, मेरा बैचमेट रहा। वर्ष 1993 में इंटरमीडिएट होने के बाद हम लोग पास आउट हुए, लेकिन कितने दिनों में जितने भी स्कूल मैंने देखे हैं सैनिक स्कूल जैसा अनुशासन मुझे कहीं नहीं मिला। आज भी सैनिक स्कूल में बिताए हुए छह वर्ष रह-रह कर याद आते हैं। मेरा मानना है कि आज के युवाओं को सैनिक स्कूल जैसा अनुशासन देना चाहिए। कक्षा 10 के बोर्ड के बाद फिल्म देखने का भी शौक चढ़ा। ऐसा शौक चढ़ा की रात को दीवार फांदकर हजरतगंज पहुंच जाते थे, जो की स्कूल से 15 किलोमीटर दूर था।

-संदीप पांडेय
अधिवक्ता, उच्च न्यायालय लखनऊ

लव बर्ड्स

पहली नजर में ही दे बैठे दिल

पहली बार हम दोनों 2012 में कॉलेज में एक छात्र संघ के इलेक्शन कैंपेन के दौरान मिले। मैं पहली मुलाकात में ही रोशनी को दिल दे बैठा था। फिर हम दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। कुछ समय बाद मैंने एक दोस्त के जरिए रोशनी से अपने दिल की बात कहलवाई, लेकिन बात नहीं बनी। रोशनी ने कोई जवाब नहीं दिया। वक्त तेजी से बीतने लगा। हम दोनों की पढ़ाई पूरी हुई और मैं नौकरी के सिलसिले में दूसरे शहर चला गया। पहले के मुकाबले हम दोनों में बातें भी कम हो गईं, लेकिन वो कहते हैं, जिनका मिलना मुकद्दर में होता है, वो मिलकर ही रहते हैं। कुछ समय बाद रोशनी को भी इस प्यार का एहसास हुआ।

एक दिन रोशनी ने मुझे फोन किया। हम दोनों में एक बार फिर बातों का सिलसिला शुरू हुआ, पर इस बार दोस्ती प्यार में बदल चुकी थी। दोबारा शुरू हुई बातचीत में अधिक निकटता थी। बातचीत का सिलसिला जैसे-जैसे आगे बढ़ने लगा, रोशनी का केयरिंग नेचर, छोटी-छोटी आदतें, बातें सब पंसद आने लगीं और तय कर लिया कि रोशनी से ही शादी करूंगा। अपने प्यार को सफल करते हुए हम दोनों ने 2020 में वैलेंटाइन डे वाले दिन यानी 14 फरवरी 2020 को शादी के बंधन में बंधे और जीवनभर के लिए एक- दूसरे के हो गए।

-अभिषेक और रोशनी पटेल, बरेली

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	84,562.78	25,910
बढ़त	84.11	30.90
प्रतिशत में	0.10	0.12

सोना 1,29,400 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,64,800 प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 15 नवंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

अदाणी समूह असम में 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

नई दिल्ली। अदाणी समूह असम में दो प्रमुख बिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसमें पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा निजी कोयला आधारित संयंत्र और नयी पंप-भंडारण आधारित पनबिजली परियोजनाएं शामिल हैं। समूह ने एक बयान में कहा कि उसे असम में दो बड़ी बिजली परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार से परियोजना आवंटन पत्र मिला हुआ है। अदाणी पावर लिमिटेड डीबीएफओओ मॉडल के तहत 3,200 मेगावाट के नए अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र के निर्माण के लिए लगभग 48,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

भारत बिस्कॉफ के लिए बन सकता है शीर्ष बाजार : लोटस बेकरीज

नई दिल्ली। बेल्जियम की बहुराष्ट्रीय 'स्नैक फूड' कंपनी लोटस बेकरीज को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत उसके शीर्ष बाजारों में से एक होगा। कंपनी ने मोंडेलेज के साथ साझेदारी में अपनी 'बिस्कॉफ कुकी' बृहस्पतिवार को पेश की थी। लोटस बेकरीज के सीईओ जैन बूने ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, उम्मीद है कि भारत, 'बिस्कॉफ' के लिए शीर्ष तीन व शीर्ष चार देशों (बाजारों) में से एक बन जाएगा। उन्होंने बताया कि 'बिस्कॉफ' दुनिया भर के 80 से अधिक देशों में बेची जाती है। अमेरिका सबसे बड़ा बाजार है, उसके बाद ब्रिटेन और फ्रांस का स्थान आता है।

पीएम-किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना, 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई थी जो एक केंद्र सरकार की योजना है। इसमें प्रत्येक पात्र किसान को 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कृषि मंत्री ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री 19 नवंबर, 2025 को पीएम-किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे।

थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में 1.21% गिरकर 27 माह के निचले स्तर पर

दालों और सब्जियों के साथ विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में कमी का असर

नई दिल्ली, एजेंसी

दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गई और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, अक्टूबर 2025 में मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में नरमी रही। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 के बाकी समय में अनुकूल तुलनात्मक आधार से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट का दौर जारी रहने की उम्मीद है। ऐसे में इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि नवंबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट एक प्रतिशत से कम रहेगी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में 22 सितंबर से प्रभावी कटौती के बाद डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति में अपेक्षा के अनुरूप गिरावट आई है।

कर दरों को युक्तिसंगत बनाने के तहत दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई जिसके तहत चार-स्तरीय कर ढांचे को घटाकर पांच और 18 प्रतिशत की दो श्रेणी में लाया गया। कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुईं तथा पिछले वर्ष की अनुकूल मुद्रास्फीति आधार के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों में कमी आई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर रही जो जीएसटी दरों में कटौती और पिछले साल के उच्च आधार के कारण कम हुई। सितंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी। यह आंकड़े पिछले सप्ताह जारी किए गए थे। खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखने वाले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। खुदरा और थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट से आरबीआई पर तीन से पांच दिसंबर को होने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दरों में कटौती करने का दबाव बनेगा।

सितंबर की तुलना में लगभग 3% ज्यादा गिरावट

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 5.22 प्रतिशत के मुकाबले अक्टूबर में 8.31 घटी। प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की महंगाई दर में अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि सितंबर में यह 24.41 प्रतिशत थी। दालों में अक्टूबर में 16.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 प्रतिशत और 65.43 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति सितंबर के 2.33 प्रतिशत से घटकर 1.54 प्रतिशत हो गई। ईंधन और बिजली की कीमतें अक्टूबर में 2.55 प्रतिशत कम हुईं जबकि पिछले महीने इनमें 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 84 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 31 अंक की तेजी रही। निवेशकों ने निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली की, जिससे बाजार बढ़त में रहा।

इस दौरान एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयर), बैंकिंग और दूरसंचार क्षेत्र के शेयरों में लिवाली हुई। कारोबार की शुरुआत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 449.35 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,029.32 पर खुला। एनएसई निफ्टी 138.35 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,740.80 पर खुला। हालांकि, दोनों प्रमुख सूचकांकों ने बाद में सुधार दर्ज किया और लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 84.11 अंक यानी 0.10 प्रतिशत बढ़कर 84,562.78 पर और एनएसई निफ्टी 30.90 अंक यानी 0.12 प्रतिशत चढ़कर 25,910.05 पर बंद हुआ।

● एफएमसीजी और बैंकिंग शेयरों की लिवाली से संभला बाजार

सोना 1,500 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,28,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सर्राफा बाजार में पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,30,900 रुपये 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी 4,200 रुपये गिरकर 1,64,800 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) रह गईं।

निर्यात संबंधी प्रावधानों और ऋण भुगतान की अवधि में कई बदलावों की घोषणा

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अमेरिकी आयात शुल्क की मार झेल रहे निर्यातकों को बड़ी राहत देते हुए निर्यात संबंधी प्रावधानों और ऋण भुगतान की अवधि में बदलावों की घोषणा की है।

केंद्रीय बैंक के मुताबिक फेमा नियमों के तहत दी गई राहत के कारण अब निर्यातकों को निर्यातित वस्तुओं/सॉफ्टवेयर/सेवाओं के निर्यात मूल्य की पूरी राशि स्वदेश लाने के लिए नौ महीने की जगह 15 महीने का समय मिलेगा। इस समय की गणना निर्यात की तारीख से की जाती है। इसके लिए 13 सितंबर को एक गजट अधिसूचना जारी की गई थी। इसके अलावा, आयातक से अग्रिम राशि प्राप्त करने के बाद निर्यात करने के लिए एक साल की जगह अब तीन साल का समय मिलेगा। यदि समझौते में उल्लेखित तारीख तीन साल से अधिक है तो वही तारीख मान्य होगी।

आरबीआई ने प्रभावित सेक्टरों के निर्यातकों के लिए सावधि ऋण और कार्यशील पूंजी ऋण के ब्याज के भुगतान के लिए मोरेटोरियम/भुगतान लंबित करने के लिए शुक्रवार को एक निर्देश जारी किया है। यह निर्देश उन्हीं मामलों में लागू होगा जहां 1 सितंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच भुगतान देय है। साथ ही, बैंकों को इस अवधि के लिए कार्यशील पूंजी सुविधा के तहत अर्हता शक्ति की पुनर्गणना का अधिकार दिया गया है।

● अमेरिकी टैरिफ की मार झेल रहे निर्यातकों को मिली बड़ी राहत

इन सेक्टरों को फायदा

प्रभावित सेक्टरों में मछलियों और अन्य बिना रीढ़ वाले समुद्री जीवों का निर्यात, जैव रसायन, प्लास्टिक और उससे बनी वस्तुएं, रबड़ और उनसे बनी वस्तुएं, चमड़े की वस्तुएं, यात्रा से संबंधित वस्तुएं, हैंड बैग, परिधान, कालीन और जूते-चप्पल शामिल हैं। प्राकृतिक या कृत्रिम हीरे-जवाहरात, सोना-चांदी, गहने, एल्युमीनियम, लोहे-इस्पात के सामान, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और मैकेनिकल एप्लायंस, बिजली चालित मशीनें और उपकरण, रेलवे या ट्रामवे के रोलिंग स्टॉक को छोड़कर दूसरे वाहन तथा उनके कलपुर्जों के निर्यातकों को भी राहत मिलेगी।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 अरब डॉलर की और गिरावट

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशीमुद्रा भंडार में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मुताबिक पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 5.62 अरब डॉलर घटकर 689.73 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सात नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.45 अरब डॉलर घटकर 562.14 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 19.5 करोड़ डॉलर घटकर 101.53 अरब डॉलर रहा।

फ्लिपकार्ट ने 1,000 रुपये से कम के उत्पादों के लिए शून्य कमीशन मॉडल शुरू किया

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को 1,000 रुपये से कम कीमत वाले सभी उत्पादों के लिए शून्य कमीशन मॉडल पेश किया।

कंपनी के एक बयान के अनुसार, यह नया मॉडल फ्लिपकार्ट के किफायती दामों पर सामान उपलब्ध कराने वाले मंच शॉप्सी पर भी लागू किया गया है। अब शॉप्सी पर सभी उत्पादों पर कमीशन नहीं लगेगा, चाहे कीमत कुछ भी हो। फ्लिपकार्ट ने कहा, इस नई व्यवस्था के तहत

● एमएसएमई को मिलेगा सहारा और कम कीमत होने से ग्राहकों को लाभ

1,000 रुपये से कम मूल्य वाले उत्पाद सूचीबद्ध करने वाले सभी योग्य विक्रेताओं से कमीशन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) का समर्थन करना, उन्हें ग्राहकों को सस्ता सामान उपलब्ध कराने में मदद करना और साथ ही व्यापार करने की लागत को अधिक कुशलतापूर्वक प्रबंधित करना है। कंपनी ने कहा कि इस कदम से विक्रेताओं के लिए व्यापार करने की लागत लगभग 30 प्रतिशत तक कम हो सकती है। फ्लिपकार्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस चौधरी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र भारत की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और फ्लिपकार्ट का उद्देश्य इस क्षेत्र का समर्थन करना, बाधाओं को दूर करना और अधिक क्षेत्रीय ब्रांडों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में भरोसे के साथ प्रवेश करने में सक्षम बनाना है।

राष्ट्रीय

बिहार चुनाव: इधर जीत का जश्न, उधर सन्नाटा

पटना की एक ही सड़क के दोनों ओर राजग और राजद के कार्यालयों में अलग-अलग नजारा

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे शुक्रवार को जैसे-जैसे स्पष्ट होते गए, राजनीतिक गतिविधियों के केंद्र पटना का वीरचंद पटेल मार्ग दो बिल्कुल अलग-अलग दुनिया में बंट गया। एक ओर केसरिया और हरे रंग की खुशी थी तो दूसरी ओर मायूसी पसरी हुई थी। एक ओर भाजपाऔर जदयूकार्यालयों में ढोल-नगाड़ों, पटाखों और लड्डुओं की खुशबू के साथ उत्सव का माहौल था तो दूसरी ओर राजद मुख्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था।

राजग की स्पष्ट बढ़त के बीच भाजपा प्रदेश कार्यालय में जश्न चरम पर पहुंच गया था। पार्टी के कार्यकर्ता शहर के अलग-अलग इलाकों से पहुंचे। पटाखों की रोशनी में परिसर के रंग बदलते रहे, कभी केसरिया, कभी भूरा, तो कभी गुलाल का लाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुखौटे लगाए कार्यकर्ता हर बार बड़े एलईडी स्क्रीन पर भाजपा के आंकड़े बढ़ते ही नाच उठते। मोदी का परिवार के नारों के बीच महिलाएं भारत माता की जय और 'नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद' का जयघोष कर रही थीं। ढोल की थाप इतनी तेज थी कि पटाखों की आवाज़ भी धीमी पड़ गई।

कुछ दूरी पर जदयू कार्यालय में भी जश्न का रंग गहरा था। रुझानों के बीच ढोल, हरे गुलाल और पटाखों के साथ माहौल उत्साही हो उठा जहां नीतीश कुमार का विशाल पोस्टर हवा में लहराता दिखा। उधर, राजद कार्यालय में माहौल एकदम अलग था। शुरुआती रुझान दोपहर तक बड़ी हार का संकेत देने लगे। 2020 में सबसे बड़ी पार्टी बनने वाली राजद के लिए ये नतीजे गहरा झटका रहे। पूर्व छात्र नेता निशांत यादव ने कहा, हम बहुत निराश हैं। हम तेजस्वी यादव को मौका देना चाहते थे, लेकिन रुझान हमारे पक्ष में नहीं हैं।

पटना में भाजपा के कार्यालय पर एनडीए के कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

हम ऐसे चुनाव में नहीं जीत सके जो शुरू से निष्पक्ष नहीं था: राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे को चौंकाने वाला करार दिया और कहा कि विपक्षी गठबंधन एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सका, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं बिहार के उन करोड़ों मतदाताओं का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने महागठबंधन पर विश्वास जताया। बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। उन्होंने लिखा कि यह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है। राहुल ने कहा, कांग्रेस पार्टी और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

नतीजे जमीनी हकीकत नहीं दिखाते: दीपांकर

नई दिल्ली। भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि बिहार चुनाव के नतीजे राज्य की ज़मीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। भट्टाचार्य ने कहा, ये नतीजे बिल्कुल अस्वाभाविक हैं; ये बिहार की जमीनी हकीकत से बिल्कुल मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा, दो दशक से सत्ता में रही सरकार 2010 के अपने प्रदर्शन को दोहरा रही है, यह समझ से परे है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के एसआईआर के बाद 7.42 करोड़ मतदाता थे और चुनाव के बाद जारी निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में यह आंकड़ा 7,45,26,858 बताया गया है। उन्होंने कहा, 3,00,000 से अधिक की बढ़ोतरी! ये 'अतिरिक्त 2 एबी' कहां से आए। क्या आयोग इसका स्पष्टीकरण देगा।

बिहार की जनता के फैसले का सम्मान : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि बिहार की जनता में राज्य विधानसभा चुनाव में जो फैसला दिया है कांग्रेस उसका सम्मान करती है। खरगे ने यहां जारी बयान में कहा हम बिहार की जनता के फ़ैसले का सम्मान करते हुए, ऐसी ताक़तों के खिलाफ़ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र को कमज़ोर करने में जुटी हैं। हम चुनाव के परिणामों का गहराई से अध्ययन करेंगे और नतीजों के कारणों को समझने के बाद विस्तृत बात रखेंगे। उन्होंने कहा बिहार में जिन मतदाताओं ने महागठबंधन का साथ दिया है, उनके हम तहे दिल से आभारी है। कांग्रेस के हर कार्यकर्ता से कहना चाहता हूं कि आपको हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं। आप हमारी आन-बान-शान है। आपकी कड़ी मेहनत हमारी ताकत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता को जागृत करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी जनता को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जनता के बीच रहकर संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संघर्ष जारी रखेंगे। उनका कहना था कि यह लड़ाई लंबी है और उनकी पार्टी इसे पूरी निष्ठा, साहस और सत्य के साथ लड़ेंगे।

सदाकत आश्रम स्थित कांग्रेस के कार्यालय में छाया रहा सन्नाटा।

महिलाओं को आर्थिक मदद और जंगलराज के जिक्र से मिला लाभ

नई दिल्ली। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं, महिलाओं को दी गई आर्थिक सहायता सहित और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं की ओर से राजद के शासन के दौरान के कथित 'जंगल राज' की लगातार याद दिलाना उन प्रमुख मुद्दों में शामिल रहे, जिन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में राजग की प्रचंड जीत में अहम भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री ने बिहार में 13 चुनावी सभाओं को संबोधित किया और पटना में एक विशाल रोड शो किया तथा इस दौरान 'बिहारी अस्मिता' के मुद्दे को जोरशोर से उठाया, छठ पूजा जैसी परंपराओं का उत्सव मनाया और राजद-कांग्रेस गठबंधन पर 'घुसपैठियों के प्रति नरम रुख' रखने व सत्ता में रहने के दौरान जनता के पैसे से मुनाफा कमाने जैसे आरोप भी लगाए। चुनावों में कहीं न कहीं इन मुद्दों का भी लाभ राजग को मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के साथ नियमित संवाद रखा और सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवारों की घोषणा के बाद उनके बीच मतभेदों को दूर करने का संदेश भी दिया।

प्रधानमंत्री की चुनावी रैलियों में एक विषय प्रमुखता से छाया रहा, जिसमें वह पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के नेतृत्व में राजद शासन के दौरान जनता को 'जंगल राज' की याद दिलाना नहीं भूलते थे। ऐसा करके उन्होंने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि राज्य के युवा तेजस्वी यादव द्वारा किए गए वादों से प्रभावित न हों। उन्होंने परिवार के बुजुर्गों से आग्रह किया कि वे उस युवा पीढ़ी को 'जंगल राज' के खौफनाक दौर के बारे में बताएं, जिन्होंने नीतीश कुमार को केवल मुख्यमंत्री के रूप में देखा है। भाजपा ने छठ पर्व सहित बिहार की विभिन्न परंपराओं को उत्सव का स्वरूप दिया तो 6 नवंबर को चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले मोदी ने भी दिल्ली में छठ पूजा में शामिल होकर एक संदेश दिया। मोदी ने पूजा में उनके शामिल होने को 'नाटक' करार देने के लिए राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा था, कांग्रेस के नामदार ने छठी मैया की भक्ति को 'ड्रामा' कहा। वे कभी भी भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या नहीं जाते। मैं भगवान राम के प्रति उनकी नापसंदगी को समझता हूं। लेकिन वे कम से कम निषाद राज, शबरी माता और महर्षि वाल्मीकि को समर्पित मंदिरों में मत्था तो टेक ही सकते हैं।

बच्ची के यौन उत्पीड़न पर पूर्व बीएसएफ कर्मी को 10 साल की सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने पांच साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में बीएसएफ के एक पूर्व हेड कांस्टेबल को 10 साल कैद की सजा सुनाई है।

अदालत ने कहा कि यह अपराध हिंसक शोषण का एक गंभीर रूप है। यह मामला वर्ष 2016 का है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संदीप गुप्ता ने आरोपी के खिलाफ सजा पर बहस के दौरान यह बात कही। आरोपी को पहले ही अपहरण और पॉक्सो अधिनियम की धारा 10 (गंभीर यौन उत्पीड़न) के तहत दोषी ठहराया जा चुका था। पीड़ित बच्ची को 7.75 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का भी आदेश दिया।

इलाज और बीमा को किफायती बनाएं स्वास्थ्य बीमा कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी

इलाज की महंगी दरों और स्वास्थ्य बीमा की बढ़ती प्रीमियम लागत के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने कंपनियों से स्वास्थ्य सेवा और बीमा पालिसी को कम खर्चीला बनाने के लिए काम करने को कहा है।

मंत्रालय के अनुसार डीएफएस के सचिव एम नागराजू की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई एक बैठक में जनरल इंश्योरेंस काउंसिल, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिय, मैक्स हेल्थकेयर, फोर्टिस हेल्थकेयर तथा अपोलो हॉस्पिटल्स जैसे स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, स्टार हेल्थ इंश्योरेंस और बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

डीएफएस सचिव ने स्वास्थ्य सेवा और बीमा उद्योग के प्रतिनिधियों को सलाह दी है कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए बीमा कंपनियां और अस्पताल राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज में शामिल होने की प्रक्रिया तेज करें, उपचार प्रोटोकॉल को मानकीकृत करें। इसमें सामान्य पैनल मानदंड अपनाने तथा कैशलेस दावा प्रसंस्करण को अधिक सरल एवं निर्बाध बनाने को भी कहा गया।

● वित्त मंत्रालय की पहल, बीमा कंपनियों के साथ की बैठक

धर्मेंद्र की निजता के लगातार उल्लंघन पर भड़का बॉलीवुड, कड़ी आपत्ति जताई

मुंबई, एजेंसी

फिल्म अभिनेता सनी देओल की अपने घर के बाहर फोटोग्राफरों से झड़प के बाद फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के बारे में मीडिया की ओर से की जा रही गलत बयानबाजी की निंदा की है। धर्मेंद्र को बुधवार सुबह ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी।

करण जौहर ने इस स्थिति को एक दर्दनाक 'मीडिया सर्कस' बताया और इस कठिन समय में संवेदनशीलता के अभाव की आलोचना की। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कड़े शब्दों में लिखा, जब बुनियादी शिष्टाचार और संवेदनशीलता हमारे दिलों और हमारे कार्यों से दूर हो जाती है तो हमें पता चलता है कि हम एक बर्बाद जाति हैं। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर ने भी इंस्टाग्राम पर इसी तरह की चिंता व्यक्त की और मीडिया से देओल परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया। अभिनेत्री अमीषा पटेल ने भी धर्मेंद्र की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच परिवार को निजता न देने के लिए मीडिया की आलोचना की। बता दें कि एक जानेमाने चैनल की एंकर ने उनके निधन की खबर चलाकर सबको सकते में डाल दिया था। बेबुनियाद खबरों पर गुस्सा जताते हुए हेमा मालिनी ने कड़े शब्दों में कहा था जो हो रहा है वो अक्षम है। जिम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबर कैसे फैला सकते हैं।

● फिल्म जगत के दिग्गजों ने मीडिया सर्कस कहकर कसा तंज

पुलिस में शिकायत दर्ज

मुंबई। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन निर्देशक संघ ने कुछ मीडियाकर्मियों और पत्रकारों के खिलाफ धर्मेंद्र की निजता के उल्लंघन के लिए पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल, मंगलवार देर शाम धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर सोशल मीडिया पर फैल गई। जबकि अभिनेता के परिवार ने 12 नवंबर को पुष्टि की थी कि उनकी हालत स्थिर है।

अमिताभ बच्चन ने कहा- कोई नैतिकता न जिम्मेदारी

नई दिल्ली। अभिनेता अमिताभ बच्चन के आधिकारिक ब्लॉग पर लिखा गया है, न कोई नैतिकता, न कोई जिम्मेदारी का भाव... बस निजी लाभ का एक जरिया। उन्होंने इस पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। बच्चन ने लिखा, बिना किसी पल की परवाह किए... परेशान करने वाला और घिनौना। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कहा, न कोई नैतिकता... कोई भी आचारनीति नहीं। बच्चन की यह पोस्ट धर्मेंद्र के स्वास्थ्य को लेकर मीडिया में लगातार हो रही कवरेज के बीच आया है।

वर्ल्ड ब्रीफ

चार वामपंथी यूरोपीय समूह आतंकी घोषित

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को यूरोप के चार वामपंथी समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित किया। यह कदम रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के बाद वामपंथियों के खिलाफ कार्रवाई के ट्रंप के आह्वान के पश्चात उठाया गया है।

दिल्ली आएंगे बांग्लादेश के एनएसए रहमान

नई दिल्ली। बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलीलुर रहमान अगले बुधवार को दो दिवसीय सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। रहमान कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं, जो हिंद महासागर के पांच तटीय देशों का एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन है। भारत में ढाका के उच्चायुक्त मुहम्मद रियाज़ हमीदुल्लाह ने कहा कि बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार 19 नवंबर को दिल्ली आएंगे।

दुबई में इमारत से गिरा केरल का किशोर, मौत

दुबई। दुबई घूमने आए केरल के एक किशोर की एक इमारत की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। केरल के कोझिकोड जिले का 19 वर्षीय मोहम्मद मिशाल अपने रिश्ते के भाइयों से मिलने दुबई आया था। बताया जा रहा है कि मिशाल विमानों की तस्वीरें लेने एक बहुमंजिला इमारत की छत पर गया था।

बीबीसी ने राष्ट्रपति ट्रंप से माफी मांगी

लंदन। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के भ्रामक संपादन के लिए गुरुवार को माफी मांगी, लेकिन यह भी कहा कि वह इस दलील से पूरी तरह असहमत है कि मानहानि के मुकदमे की ठोस वजह है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत रूप से एक पत्र भेजकर खेद जताया है।

अंतरिक्ष में फंसे तीन यात्री सुरक्षित लौटे

बीजिंग। अंतरिक्ष में मलबे से यान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद फंसे चीन के तीन यात्री शुक्रवार को सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, चेन झोंग्रुई और वांग जी को लेकर शेनझोउ-21 अंतरिक्ष यान का रिटर्न कैप्सूल उत्तरी चीन के मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में डोंगफेंग में उतरा। अंतरिक्ष यात्रियों को पांच नवंबर को लौटना था।

रूस में लड़ाकू विमान क्रैश, दो पायलट मृत

सेंट पीटर्सबर्ग। रूस के करेलिया गणराज्य के प्रियोनेज़्स्की जिले में प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण दो पायलटों की मौत हो गई। विमान एक निर्धारित प्रशिक्षण उड़ान पर था।

साइबर खतरे से निपटने को कई देशों के साथ भारत का अभ्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सुरक्षा एजेंसियों की तकनीकी टीमों ने लिया हिस्सा**

भारत और मध्य एशियाई देशों ने साइबर खतरों का पता लगाने, उनसे निपटने और स्थिति के प्रबंधन के बारे में रणनीतिक साइबर अभ्यास किया है।

एक आधिकारिक वक्तव्य में शुक्रवार को यहां कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय ने विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र के साथ मिलकर मध्य एशियाई देशों कज़ाकिस्तान, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान के साथ यहां तीन दिन के रणनीतिक साइबर अभ्यास का आयोजन किया। यह रणनीतिक साइबर अभ्यास सुरक्षा परिषदों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सचिवों की भारत-मध्य एशियाई बैठक के ढांचे के तहत भारत द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं में से एक के सफल समापन का प्रतीक है।

साइबर सुरक्षा एजेंसियों, राष्ट्रीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों और मध्य एशियाई देशों की संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की तकनीकी टीमों ने इस अभ्यास में भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाले साइबर खतरों से निपटने के लिए तकनीकी टीमों को उन्नत कौशल से लैस करना था।

घातक रसायन दिल्ली कार ब्लास्ट में हुआ इस्तेमाल

अमोनियम नाइट्रेट एक रासायनिक यौगिक है जिसका सूत्र एनएच4एनओ3 है। यह एक शक्तिशाली ऑक्सीकारक है और विस्फोटक के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

हालांकि, इसका प्रयोग कृषि कार्य में उर्वरक के रूप में भी किया जाता है। लेकिन जब यह अन्य ईंधनों या विस्फोटक पदार्थों के साथ मिलाया जाता है तो यह एक शक्तिशाली विस्फोटक मिश्रण बन जाता है और बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकता है, जैसा कि दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को कार ब्लास्ट की घटना में हुआ।

अमोनियम नाइट्रेट

ऐसे बनता है यह घातक हथियार

- **उच्च तापमान और दबाव :** जब अमोनियम नाइट्रेट को उच्च तापमान और दबाव के अधीन किया जाता है, तो यह विस्फोटक प्रतिक्रिया को बढ़ावा देता है।
- ईंधन की उपस्थिति : अमोनियम नाइट्रेट को ईंधन जैसे कि डीजल, पेट्रोल, या अन्य ज्वलनशील पदार्थों के साथ मिलाने से यह विस्फोटक मिश्रण बना सकता है।
- **उत्प्रेरक की उपस्थिति :** कुछ धातु जैसे कि तांबा या जस्ता अमोनियम नाइट्रेट के विस्फोटक प्रतिक्रिया को बढ़ावा दे सकते हैं।
- **अशुद्धियों की उपस्थिति :** अमोनियम नाइट्रेट में अशुद्धियों की उपस्थिति भी इसके विस्फोटक गुणों को बढ़ा सकती है।

इसका धुआं भी काफी हानिकारक

जब अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक प्रतिक्रिया को जन्म देता है, तो यह बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकता है। इसके विस्फोट से आग लग सकती है, और आसपास के क्षेत्र में व्यापक विनाश हो सकता है। इसके अलावा, विस्फोट के कारण उत्पन्न होने वाले धुएं और गैसें भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

भंडारण में सख्त सुरक्षा उपाय

अमोनियम नाइट्रेट के विस्फोटक गुणों को देखते हुए, इसके भंडारण और परिवहन के लिए सख्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसके लिए, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए भंडारण टैंक और परिवहन वाहन का उपयोग किया जाना चाहिए। इसके अलावा, अमोनियम नाइट्रेट के आसपास के क्षेत्र में आग और अन्य खतरों से बचाव के लिए भी सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए।

फरीदाबाद से 2900 किलो बरामदगी

दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद हरियाणा के फरीदाबाद से लगभग 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक बरामद किया गया है। यह विस्फोटक सामग्री फरीदाबाद के धौज और फतेहपुर क्षेत्रों से बरामद की गई थी। इस मामले में तीन डॉक्टरों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें डॉ. मुजम्मिल, डॉ. शाहीन और डॉ. उमर नबी शामिल हैं। ये लोग फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए थे।

पुलवामा में हुआ था आरडीएक्स का प्रयोग

पुलवामा हमले में आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया था। यह एक अत्यधिक शक्तिशाली और घातक विस्फोटक है, जो आतंकवादी गतिविधियों में अक्सर इस्तेमाल किया जाता है। आरडीएक्स को प्लास्टिक विस्फोटक के रूप में भी जाना जाता है।

भारत विश्व व्यापार संगठन में सुधार प्रक्रिया का करे नेतृत्व : डॉ. नगोजी

सीआईआई के साझेदारी शिखर सम्मेलन-2025 में बोलीं डब्ल्यूटीओ की प्रमुख

विशाखापत्तनम, एजेंसी

विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने शुक्रवार को कहा कि भारत को डब्ल्यूटीओ में सुधार प्रक्रिया का नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी गति से बढ़ रही है और यह प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है। डब्ल्यूटीओ की प्रमुख ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन में उन क्षेत्रों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो ठीक से काम नहीं कर रहे हैं और उन्हें सुधारने के तरीकों पर चर्चा करने की जरूरत है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने यहां सीआईआई के साझेदारी शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि इसमें भारत अग्रणी हो सकता है। भारत को डब्ल्यूटीओ में सुधार प्रक्रिया का नेतृत्व करना चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करने में अग्रणी होना चाहिए कि हम ऐसी व्यवस्था में न रहें जो नियम आधारित होने के बजाय शक्ति आधारित हो जाए। उन्होंने कहा कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और उसके पास न केवल इस क्षेत्र में बल्कि वैश्विक स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने के लिए पर्याप्त व्यापकता एवं विश्वसनीयता है। अमेरिका के उच्च शुल्क का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को अमेरिका द्वारा उठाई गई चिंताओं पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत ने भी खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक रूप से अनाज भंडारण और वितरण जैसे मुद्दों पर चिंता जताई है। पिछली शिकायतों को दोहराने से एक मजबूत वैश्विक व्यापार प्रणाली बनाने में मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने विश्व व्यापार संगठन के सभी सदस्यों से वैश्विक व्यापार प्रणाली को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। अमेरिका ने विश्व व्यापार संगठन की इकाइयों के कामकाज के तरीके पर चिंता जताई है और विवाद निवारण तंत्र सहित डबल्यूटीओ में सुधारों की मांग की है। डबल्यूटीओ 166 सदस्यों वाला जिनेवा स्थित एक बहुपक्षीय निकाय है जो व्यापार संबंधी मुद्दों से निपटता है। भारत 1995 से इसका सदस्य है। नगोजी ने साथ ही कहा कि किसी देश को अपनी वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की आवश्यकता हो सकती है लेकिन आपको आगे बढ़ने के लिए एक बहुपक्षीय प्रणाली की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि डब्ल्यूटीओ महत्वपूर्ण है।

डब्ल्यूटीओ की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला।

भारत किसी पर अपनी शर्तें नहीं थोपता : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी देश पर अपनी शर्तें नहीं थोपता और न ही किसी का आदेश सुनना पसंद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत हमेशा सभी देशों के साथ मित्रवत रहा है और वह हर देश के साथ समान व्यवहार करना चाहता है। उपराष्ट्रपति ने यहां सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन में कहा कि हम कभी किसी पर अपनी शर्तें थोपना नहीं चाहते, यही हमारी महानता है। इसी तरह हम कभी किसी का आदेश सुनना भी नहीं चाहते। हम एक-दूसरे के पूरक बनना चाहते हैं। हम साथ-साथ बढ़ना चाहते हैं।

व्यापार में भारी बाधाओं का सामना कर रहा विश्व

डबल्यूटीओ प्रमुख ने कहा कि वर्तमान में दुनिया वैश्विक व्यापार में भारी व्यवधानों का सामना कर रही है। नगोजी ने कहा कि मेरा आपके लिए यही संदेश है कि इसके बावजूद वैश्विक व्यापार प्रणाली मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि 72 प्रतिशत विश्व व्यापार अब भी विश्व व्यापार संगठन के नियमों के तहत हो रहा है जो स्थिरता एवं भरोसे को साबित करता है। नगोजी ने कहा कि सुधारों पर मिलकर काम करने की जरूरत है अन्यथा मजबूती कायम नहीं रह पाएगी। इस काम के लिए बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली और विश्व व्यापार संगठन में व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। कहा कि अमेरिका की एकतरफा शुल्क वृद्धि नाटकीय है लेकिन शुल्क बाधाओं, गैर-शुल्क मुद्दों, प्रणाली में पारदर्शिता की कमी और अनुचित व्यापार गतिविधियों के बारे में हमें उनकी बात सुननी चाहिए।

संरा महासचिव से मिले विदेशमंत्री जयशंकर

- **बहुपक्षवाद पर गुतारेस की समझ-विचारों को सराहा**

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस से मुलाकात की और कहा कि वह मौजूदा वैश्विक व्यवस्था एवं बहुपक्षवाद पर उसके प्रभावों को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के आकलन को महत्व देते हैं। जयशंकर ने भारत की विकास यात्रा के प्रति गुतारेस के निरंतर समर्थन के लिए भी उन्हें धन्यवाद दिया।

जयशंकर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि न्यूयॉर्क में आज संयुक्त राष्ट्र महासचिव से मिलकर अच्छा लगा। मौजूदा वैश्विक व्यवस्था और बहुपक्षवाद पर उसके प्रभावों को लेकर उनकी समझ महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रीय संकटों पर उनके विचारों की भी सराहना की। यह मुलाकात संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई जिसमें भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश, उप-स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल और भारत के स्थायी मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने भारत के विकास और उन्नति के लिए गुतारेस के स्पष्ट और निरंतर समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि वह जल्द ही भारत यात्रा पर आएंगे। इससे पहले, जयशंकर कनाडा में हुए जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए थे, जहां उनकी मुलाकात अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो सहित कई वैश्विक नेताओं से हुई।

बैठक के दौरान संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ विदेशमंत्री जयशंकर।

जायडस के कैंसर दवा को अमेरिकी नियामक की मिली मंजूरी

अहमदाबाद। भारतीय दवा निर्माता कंपनी जायडस के कैंसर के इलाज में काम आने वाले एक इंजेक्शन को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की मंजूरी मिल गई है। जायडस ने शुक्रवार को बताया कि प्रोस्टेटिक कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले ल्युप्रोलाइड एसिटेट इंजेक्शन को अमेरिकी नियामक की मंजूरी मिली है। इसके बाद अमेरिका में इसकी बिक्री और इस्तेमाल का रास्ता साफ हो गया है।

रूस का कीव पर बड़ा हमला चार की मौत, 27 लोग घायल

कीव, एजेंसी

- **430 ड्रोन व 18 मिसाइलों का किया गया इस्तेमाल**

रूस द्वारा शुक्रवार तड़के यूक्रेन पर किए गए एक बड़े हमले में चार लोगों की मौत हो गई और राजधानी कीव के कई जिलों में इमारतों में आग लग गई व मलबा बिखर गया। कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि आपात दल ने कई हमलों का जवाब दिया और इस दौरान कम से कम 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि देश भर में हुए इस हमले में कम से कम 430 ड्रोन और 18 मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने बताया कि देश के अन्य क्षेत्रों में हुए इस हमले का निशाना कीव था।

जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि यह सुनियोजित हमला लोगों और नागरिकों को यथासंभव अधिक नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था। उन्होंने बताया कि इस्कंदर मिसाइल के टुकड़ों से अजरबैजान दूतावास क्षतिग्रस्त हो गया। शहर में कई शक्तिशाली विस्फोटों की आवाज सुनी गई और हवाई सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय होने के बाद पंद्रह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। दार्नित्स्की जिले में मलबा एक आवासीय इमारत के प्रांगण और एक शैक्षणिक संस्थान के परिसर में गिर गया। मलबे की चपेट में आने से एक कार में आग लग गई। दिनप्रोव्स्की जिले में तीन अपार्टमेंट, एक निजी घर और खुले क्षेत्र में आग लग गई। हमले से पोदिल्स्की जिले में पांच आवासीय और एक गैर-आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

रूस के नोवोरोसिस्क में आपातकाल घोषित

सोचि। रूस के नोवोरोसिस्क शहर में यूक्रेन के रात भर किए गए हमलों के बाद आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मेयर आंद्रेई क्रावचेंको ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्रावचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा कि नोवोरोसिस्क पर यूक्रेन की ओर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नोवोरोसिस्क में ड्रोन हमले ने चेर्नोमोरट्रांसनेफ्ट के एक टैंक और घाट, एनयूटीईपी कंटेनर टर्मिनल और शेरखारिस ट्रांसशिपमेंट कॉम्प्लेक्स में एक तेल डिपो को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, हम हमले से प्रभावित सभी लोगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

बैंक धोखाधड़ी मामले में सिंगापुर का एक व्यक्ति दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आईजीआई हवाई अड्डे के पास एक होटल से सीबीआई ने पकड़ा**

सीबीआई ने 32 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट एक होटल से सिंगापुर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली पहुंचने की सूचना मिलने के बाद राजेश बोथरा नामक व्यक्ति को एजेंसी ने पकड़ लिया।

सीबीआई के अनुसार धोखाधड़ी का मामला पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की उस शिकायत के बाद सामने आया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि फ्रॉस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (एफआईईएल), इसके निदेशकों, अज्ञात लोक सेवकों और अन्य लोगों द्वारा 31.60 करोड़ रुपये की ठगी की गई।

एजेंसी ने कहा कि एफआईईएल ने जाली बिल प्रस्तुत करके साख पत्र की रकम को हड़प लिया, जिसमें एफआईईएल और बोथरा की दो कंपनियों - फारेस्ट और 'गल्फ डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड' के बीच धोखाधड़ी से व्यापार दर्शाया गया।

बांग्लादेश ने जारी किया जनमत-संग्रह पर अध्यादेश

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश ने गुरुवार देर रात एक अध्यादेश जारी किया, जो अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस द्वारा प्रस्तावित राजनीतिक चार्टर पर जनमत-संग्रह के अनुरूप है। इस कदम पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे असंवैधानिक करार दिया है।

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने जुलाई चार्टर कार्यान्वयन आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए जिसे यूनुस की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग ने तैयार किया है। यह मसौदा कई राजनीतिक दलों से विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया लेकिन अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अब भंग की जा चुकी अवामी लीग इससे बाहर रही। राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस ने गुरुवार को कहा कि अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाव के साथ ही जनमत-संग्रह कराया जाएगा ताकि जनता से चार्टर पर जनादेश लिया जा सके। प्रमुख संवैधानिक विशेषज्ञ और पूर्व कानून प्रोफेसर शाहदीन मलिक ने कहा कि चार्टर में शामिल कई फैसले वर्तमान संविधान के विपरीत हैं और चूंकि संविधान अब भी लागू है तो राष्ट्रपति इस आदेश पर कानूनी रूप से हस्ताक्षर नहीं कर सकते।

- **विशेषज्ञों ने सरकार के इस कदम को बताया असंवैधानिक**

संविधान में जनमत संग्रह का प्रावधान नहीं

बांग्लादेश के संविधान में जनमत-संग्रह का कोई प्रावधान नहीं है और अनुच्छेद 93 के अनुसार कोई भी अध्यादेश संविधान में संशोधन या निरस्तीकरण के लिए जारी नहीं किया जा सकता। अध्यादेश के अनुसार, अगली संसद को अपनी पहली बैठक से 180 कार्यदिवस के भीतर चार्टर और जनमत-संग्रह के परिणामों के अनुरूप संविधान संशोधन पूरा करना होगा। मलिक ने इसे असंगत बताया। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील मोहम्मद रूहुल कुद्दूस ने भी पूछा कि संविधान में जनमत-संग्रह का प्रावधान ही नहीं है तो इसे किस कानूनी आधार पर कराया जा सकता है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 नवंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 16 नवंबर 02.37 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 23.34 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज सभी कार्य पूरी एकाग्रता से करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। आपके मन की शंकाएं दूर होंगी। लोग आपके सभ्य व्यवहार से आकर्षित होंगे।

वृष — आज व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय शुभ है। पुराने निवेश से धन लाभ होगा। वैवाहिक जीवन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। किसी रिश्तेदार की मदद से बड़ा काम हो सकता है। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

मिथुन — आज आपके काम की लोग प्रशंसा करेंगे। अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। करियर में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से आपको उचित सलाह मिलेगी, जो आपके काफी काम आएगी।

कर्क — आज विदेश से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। प्रतिद्वंद्वियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने स्वभाव में सौम्यता का भाव रखें। जिस अवसर को काफी समय से ढूंढ रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

सिंह — आज नई संपत्ति पर निवेश कर सकते हैं। अल्प प्रयासों से आपके काम सफल हो जाएंगे। कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पाएंगे। फाइनेंस को लेकर समस्या दूर होगी। जरूरतमंदों की मदद करने से पीछे न हटें।

कन्या — आज नई नौकरी के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। कार्यक्षेत्र के बड़े अधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन उत्साहित रहेगा।

तुला — आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। किसी बहुप्रतीक्षित कार्य में विलंब हो सकता है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज व्यापार में सहयोगियों के माध्यम से धन लाभ प्राप्त होगा। आपकी कार्यशैली में सुधार होने से अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़ी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे।

धनु — आज धन के कारण फंसे हुए मामलों का निराकरण हो सकता है। व्यापार में पहले की गई मेहनत का परिणाम प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में रणनीति बनाकर काम करने से सफलता मिलेगी। अपनी कार्यप्रणाली में सार्थक परिवर्तन ला सकते हैं।

मकर — आज अनुभवी व्यक्तियों की सलाह आपके काफी काम आएगी। लेन-देन के मामलों के लिए दिन शुभ है। आप नए प्रकल्पों को लेकर अत्यंत उत्साहित रहेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी, लेकिन भीतर से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

कुंभ — आज किसी रिश्तेदार से नकारात्मक समाचार प्राप्त हो सकते हैं। पुराने मुद्दों के दोबारा उभरने से अशांति हो सकती है। आपका मन आनंदित रहेगा। कारोबारियों में मशीनरी आदि को लेकर समस्या होगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ मिलेगा।

मीन — आज परिजन आपके व्यवहार से अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामले सुलझ सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के उत्तम अवसर मिलेंगे। समाज में आपको लोग काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे।

सुडोकू-161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2							
			4		5			
		6						
5								
			1		7			
	5						8	
					9			
2								

सुडोकू - 160 का हल

8	4	5	1	3	9	2	6	7
7	3	2	6	4	8	5	9	1
9	6	1	2	7	5	8	3	4
5	7	6	9	2	4	1	8	3
1	8	4	3	5	7	6	2	9
2	9	3	8	1	6	4	7	5
6	5	9	4	8	3	7	1	2
3	2	7	5	6	1	9	4	8
4	1	8	7	9	2	3	5	6

हम स्ट्राइकरों और गोलकीपरों का शिविर लगाएंगे। जिस तरह से क्रिकेटर हाथ से छूटते ही गेंद को देखकर पल भर में फैसला लेते हैं, हम भी उसी तरह से विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए टीम को तैयार करने पर काम कर रहे हैं।

-क्रेग फुल्टोन, मुख्य कोच, भारतीय हॉकी टीम

स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार 15 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

निशानेबाज ईशा ने कांस्य पदक जीता

काहिरा : भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप पदक हासिल किया लेकिन पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर एक बार फिर पोडियम स्थान से चूक गईं। ईशा ने फाइनल में 30 का स्कोर बनाया जिससे वह फॉर्म में चल रही चीन के याओ कियानक्सुन (38, रजत पदक) और कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यांग जिन (40, स्वर्ण) से पीछे रहीं। ईशा के पदक से भारत ने टूर्नामेंट में 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए।

शमी का लखनऊ सुपर जायंट्स में जाना तय

नई दिल्ली : सनराइजर्स हैदराबाद 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ ट्रेड करने के लिए तैयार है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल नीलामी में 35 साल के इस तेज गेंदबाज को 10 करोड़ रुपये में खरीदा था। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, दोनों फ्रेंचाइजी इस ट्रेड के लिए सहमत हो गई हैं।

श्रीलंका टीम की सुरक्षा सेना को सौंपी

रावलपिंडी : इस्लामाबाद में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के बाद सेना प्रमुख असीम मुनीर के हस्तक्षेप पर पाकिस्तान सरकार ने दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा पाकिस्तान के सैन्य बलों को सौंप दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और देश के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि चूंकि अब मेहमान टीम को राज्य स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जा रही है, इसलिए अब पुलिस के साथ सेना और रेंजर्स उनकी सुरक्षा का ध्यान रख रहे हैं।

बुमराह के 'पंजे' से दक्षिण अफ्रीका ढेर

कोलकाता टेस्ट: पहला दिन- भारतीय गेंदबाजों के सामने मेहमान दल की पहली पारी 159 रनों पर सीमित

05 विकेट

कोलकाता, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेलटन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया। बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किए। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला, जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की। भारतीय बल्लेबाजों ने इसके बाद बेहद सतर्क शुरुआत की।

टीम ने खराब रोशनी के कारण जल्दी खेल खत्म होने तक 20 ओवर में एक विकेट पर 37 रन बनाए। भारत पहली पारी में अभी 122 रन पीछे है और क्रीज पर लोकेश राहुल (13) के साथ वाशिंगटन सुंदर (छह) मौजूद है। भारत को इकलौता झटका यशस्वी जायसवाल के आउट होने से लगा जो मार्को यानसन की ऑफ स्टंप के करीब की गेंद को कट करने की कोशिश में विकेटों पर खेल गये। जायसवाल ने अपनी पारी की 16वीं गेंद पर यानसन के खिलाफ चौके के साथ खाता खोलने के बाद मुल्डर की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए।

जायसवाल ऑफ स्टंप के करीब की गेंद को कट करने की कोशिश में यानसन की गेंद को विकेटों पर खेल बैठे। दूसरे छोर से पारी की शुरुआत में अति रक्षात्मक रवैया अपनाने वाले लोकेश राहुल ने मुल्डर के खिलाफ कवर और मिड ऑफ के बीच शानदार ड्राइव से चौका बटोरा। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने भी शानदार लाइन लेंथ से गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। केशव महाराज ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से लोकेश राहुल को थोड़ा परेशान किया और गेंद कुछ मौकों पर उनके बल्ले और विकेट के बेहद करीब से निकली यही हाल तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये वाशिंगटन का भी रहा लेकिन दोनों बल्लेबाज अपना विकेट बचाने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका ने इससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गए, लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पटेल के खिलाफ बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से शानदार लेट कट खेला। उन्होंने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ कलाई का इस्तेमाल करते हुए मिड-विकेट पर शानदार छक्का जड़ा।



स्वीप शॉट खेलते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज टोनी डि जोर्जी। एजेंसी

अपने शरीर का ध्यान रखने की कोशिश करता हूं: बुमराह

कोलकाता। बेहतरीन लय में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शुक्रवार को अपने कार्यभार प्रबंधन को लेकर चल रही चर्चाओं को दरकिनार करते हुए कहा कि वह अपने शरीर का ध्यान रखने की कोशिश करते हैं। भारत को सूखी पिच पर 2012 के बाद पहली बार चार स्पिनरों के साथ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा जिसमें बुमराह ने 27 रन देकर पांच विकेट लिए। इस तरह घरेलू मैदान पर उन्होंने तीसरी दफा और कुल मिलाकर 16वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। उनके इस प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले टेस्ट में महज 159 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज के बाद बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए मैच चुनने को लेकर कड़ी आलोचना हो रही है। पीठ में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में वह गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। फिर इंग्लैंड में उन्हें दो टेस्ट मैच में आराम दिया गया जिससे आलोचकों ने उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए। बुमराह ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं जिस भी प्रारूप में खेलता हूं, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। ये सवाल मेरे सवाल नहीं हैं। मैं इनका जवाब नहीं दूंगा। मैं जितना हो सके उतना खेलने की कोशिश करता हूं। मैं अपने शरीर का ध्यान रखने की कोशिश करता हूं। कई प्रारूपों में खेलने वाले बुमराह इंग्लैंड दौरे से लगातार खेल रहे हैं। वह एशिया कप टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत हासिल करने वाली टीम में खेल, फिर पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैचों में खेले और ऑस्ट्रेलिया में पिछली टी20 सीरीज में भी खेले, हालांकि उन्हें वहां वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया।

दक्षिण अफ्रीका

159/10 (पहली पारी) (55 ओवर)

- एडेन मारक्रम का पंत बो बुमराह 31
- रियान रिकेलटन बो बुमराह 23
- वियान मुल्डर पगबाधा कुलदीप 24
- तेम्बा बावुमा का जुरेल बो कुलदीप 03
- टोनी डि जोर्जी पगबाधा बुमराह 24
- ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद 15
- काइल वेरेने पगबाधा सिराज 16
- मार्को यानसन बो सिराज 00
- कॉर्बिन बॉश पगबाधा अक्षर 03
- साइमन हार्मर बो बुमराह 05
- केशव महाराज पगबाधा बुमराह 00

गेंदबाजी : बुमराह 14-5-27-5, सिराज 12-0-47-2, अक्षर 6-2-21-1, कुलदीप 14-1-36-2, जडेजा 8-2-13-0, वाशिंगटन 1-0-3-0

भारत

37/1 (पहली पारी) (20 ओवर)

- एयशस्वी जायसवाल बो यानसन 12
- लोकेश राहुल खेल रहे हैं 13
- वाशिंगटन सुंदर खेल रहे हैं 06

गेंदबाजी : यानसन 6-0-11-1, मुल्डर 5-1-15-0, महाराज 5-1-8-0, बॉश 3-2-1-0, हार्मर 1-1-0-0

बावुमा को 'बौने' कहने की टिप्पणी पर शिकायत नहीं होगी

कोलकाता : दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर ऋषभ पंत के बीच स्टंप माइक पर हुई बातचीत को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि मेहमान टीम ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट के शुरुआती दिन के खेल के दौरान हुई इस घटना पर कोई चर्चा नहीं करेगी। दक्षिण अफ्रीका की पारी के 13वें ओवर की आखिरी गेंद पर यह बातचीत हुई जब बुमराह की तेम्बा बावुमा के खिलाफ पगबाधा की अपील ठुकरा दी गई। डीआरएस लिया जाए या नहीं, इस बारे में बातचीत के दौरान स्टंप माइक पर बुमराह की यह बात सुनाई दी, 'बौना भी है'।

फिडे विश्व कप

पी हरिकृष्णा ने जोस मार्तिनेज से ड्रॉ खेला

पणजी (गोवा)। भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने फिडे विश्व कप में पांचवें दौर के पहले मुकाबले में में मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज से ड्रॉ खेला। पिछले दो मैचों में मार्तिनेज दो उलटफेर करते हुए उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और सर्बिया के अलेक्सी सराना को हरा चुके हैं। टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमे से 16 ही बचे हैं। अधिकांश खिलाड़ियों ने जोखिम लेने से बचते हुए रक्षात्मक खेल दिखाया। रूस के आंद्रेइ एसिपेंको और अलेक्जेइ ग्रेबनेव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। वहीं आर्मेनिया के गैब्रियल सर्जिसियान और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोएव ने भी ड्रॉ खेला। जर्मनी के अलेक्जेंडर डोंचेको और वियतनाम के लियेम लि कुआंग की बाजी भी ड्रॉ रही।

सूर्यवंशी ने दूसरा सबसे तेज टी-20 शतक जड़ा

दोहा, एजेंसी

वैभव सूर्यवंशी ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भारत ए के लिए सिर्फ 32 गेंदों में शतक जमाया और वह टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए।

चौदह वर्ष के सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी ने 42 गेंद में 144 रन बनाए जिसमें 15 छक्के और 11 चौके शामिल थे। उन्होंने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बराबरी की जिन्होंने 2018 में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ दिल्ली के लिये 32 गेंद में सैकड़ा जड़ा था। उनकी पारी के दम पर भारत ए ने 20 ओवर में चार विकेट पर 297 रन बनाये जिसमे कप्तान जितेश शर्मा के 32 गेंद में 83 रन शामिल हैं। किसी भारतीय बल्लेबाज के सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से अभिषेक शर्मा और गुजरात के उर्विल पटेल के नाम हैं। दोनों ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी 2024-25 में 28 गेंद में शतक लगाया था। पिछले साल आईपीएल में पदार्पण करने वाले सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिये 38 गेंद में 101 रन बनाये थे। उन्होंने 35 गेंदों में शतक जमाया था जो टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज शतक है।

रिकर्व तीरंदाज अंकिता और धीरज ने स्वर्ण पदक जीते

ढाका, एजेंसी

एशियाई चैंपियनशिप

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने शुक्रवार को यहां एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की नाम सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया। अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया।

भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा। अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

अंकिता ने इस तरह एशिया की लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली तीरंदाजों में से एक के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। भारत ने संगीता की बदौलत महिला रिकर्व का कांस्य पदक भी हासिल किया जिसमें इस तीरंदाज ने हमवतन और अनुभवी पांच बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी को शूट-ऑफ में 6-5 से शिकस्त दी। पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

लक्ष्य सेन जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

कुमामोतो (जापान), एजेंसी

शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू पर उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए कुमामोटो मास्टर्स जापान के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने 475,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी लोह को 40 मिनट में 21-13, 21-17 से हराया। लक्ष्य ने दोनों खिलाड़ियों के बीच 10 मुकाबलों में सातवीं जीत के साथ अपना दबदबा कायम किया। इस साल सितंबर में हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के अलावा डेनमार्क और हाइलो ओपन के अंतिम आठ में पहुंचे दुनिया के 15वें नंबर के इस खिलाड़ी के सामने अंतिम चार में जापान के छठे वरीय और दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी केंटा निशिमोतो की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे लक्ष्य ने इस दौरान अपने खेल में शानदार नियंत्रण दिखाकर दबदबा कायम किया। शुरुआती गेम में दोनों 4-4 से बराबरी पर थे, लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-8 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद उन्होंने लगातार छह अंक हासिल किए और 18-9 की बढ़त बनाने के बाद आसानी से यह गेम अपने नाम कर लिया। लोह ने दूसरे गेम में अच्छी वापसी की और शुरुआत में सेन के साथ 9-9 की बराबरी पर रहे। भारतीय खिलाड़ी ने दबदबा कायम करते हुए स्कोर को 15-9 कर ली।

पहलवान पूजा ढांडा परिणय सूत्र में बंधीं

हिसार, एजेंसी

अर्जुन पुरस्कार विजेता पहलवान पूजा ढांडा ने यहां एक निजी रिसॉर्ट में विवाह के बंधन में बंध गईं। हिसार के सुंदर नगर निवासी पूजा ने बृहस्पतिवार को जिले के घिराय गांव के व्यवसायी अभिषेक बूरा से शादी की।

बुडापेस्ट में 2018 विश्व चैंपियनशिप में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक विजेता, पूजा ने 2010 युवा ओलंपिक और 2018 गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा 2014 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता था। वह वर्तमान में हिसार के महावीर स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग में वरिष्ठ कुश्ती कोच के रूप में कार्यरत हैं। पूजा ने कहा कि वह शादी के बाद भी कुश्ती ये सक्रिय रूप से जुड़ी रहेंगी।

रोनाल्डो पर विश्व कप मैच में प्रतिबंध का खतरा

डबलिन। पुर्तगाल अगर उम्मीद के मुताबिक 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लेता है तो क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर शुरुआती मैचों से प्रतिबंध लगने का खतरा मंडरा रहा है।

इस फुटबॉल सुपरस्टार को बृहस्पतिवार को डबलिन में खेले गए क्वालीफाइंग मैच के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओ'शे को कोहनी मारने के कारण मैदान से बाहर भेज दिया गया था। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा।

तैयारी | तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित

जूनियर हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे रोहित

नई दिल्ली, एजेंसी

ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान द्वारा सुरक्षा चिंताओं का हवाला देकर हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है।

कोच श्रीजेश ने एक विज्ञप्ति में कहा हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।

गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, प्रिंसदीप सिंह। **डिफेंडर :** रोहित, आमिर अली, अनमोल एक्का, रवनीत सिंह, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पलाक्षप्पा बेन्नूर, शारदानंद तिवारी। **मिडफील्डर :** अंकित पाल, रोहित कुल्लू, एड्रोहित एक्का, थौनाओजाम इंगलेम्बा लुवांग, मनमीत सिंह, रोशन कुजूर। **फॉरवर्ड :** सौरभ आनंद कुशवाह, अर्शदीप सिंह, अजीत यादव, गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह।

उन्होंने कहा चयन के मानदंडों में उनकी शारीरिक क्षमता, कौशल और टीम-प्ले शामिल थे। हमने हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी मानसिक क्षमता पर दिया। भारतीय टीम की कमान डिफेंडर रोहित संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम ने रजत पदक जीता था।

बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के रूप में टीम में चुने गए हैं। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि अरिजीत सिंह हुंदल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाएंगे। श्रीजेश ने कहा जूनियर विश्व कप की तैयारी के दौरान हमें अंतरराष्ट्रीय मैचों में अच्छा अनुभव मिला है। हमने सीनियर भारतीय टीम के साथ भी कई मैच खेले हैं।

ओलंपिक पर फोकस रखें: कोच श्रीजेश

नई दिल्ली : भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने शुक्रवार को अपनी टीम को आगामी विश्व कप को अपने कैरियर का अहम पड़ाव समझने और अपना फोकस 2028 लॉस एंजिलिस और 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक पर रखने की सलाह दी। चार ओलंपिक खेल चुके और तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे अनुभवी गोलकीपर श्रीजेश ने कहा कि जूनियर विश्व कप में दबाव का सामना करना और अनुभव हासिल करना युवा खिलाड़ियों के लिये सबसे बड़ा सबक होगा। श्रीजेश ने कहा जूनियर खिलाड़ियों के लिये यह उनके कैरियर का सबसे अहम पड़ाव होगा क्योंकि यहां से सीनियर स्तर के सफर की शुरूआत होती है। मैं इन खिलाड़ियों से हमेशा कहता हूं कि 2028 या 2032 का सपना देखो क्योंकि आप हमेशा जूनियर ही नहीं रहोगे। उन्होंने तमिलनाडु में 28 नवंबर से शुरू हो रहे जूनियर विश्व कप के लिये भारतीय टीम के ऐलान के बाद मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा यह टूर्नामेंट उनके कैरियर के लिये मील का पत्थर होगा जहां से वे अपने सफर की शुरूआत कर सकते हैं। श्रीजेश ने कहा मैं उनसे हमेशा कहता हूं कि बड़े सपने देखो। सीनियर टीम में कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने जूनियर विश्व कप नहीं खेला है। यह विश्व कप है और यहां से अनुभव मिलेगा।